सुप्रभात
रांची, बुधवार
07.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 205



12 अदा शर्मा ने शेयर किया बस्तर का टीजर

## न्यूज डायरी

### महाधिवक्ता के पद पर राजीव रंजन नियुक्त

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राजीव रंजन को पुनः राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त किया है। मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया है। राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद-165 के खंड -(1) के तहत राजीव रंजन को पुनः महाधिवक्ता नियुक्ति किया है।

### सोन नदी पर पुल का मामला संसद में उठा

**पलामू।** सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को लोकसभा में हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिले (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच सोन नदी पर पुल निर्माण का मामला उठाया। कहा कि सोन नदी पर अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण कराने की आवश्यकता है।

### राज्यपाल ने स्मारिका का किया विमोचन

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राजभवन में सामाजिक, आर्थिक और संसदीय अध्ययन केंद्र की ओर से प्रकाशित जनजातीय सामाजिक आर्थिकी स्मारिका का विमोचन किया।

### कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाड़ियों को 19 पदक

**खूंटी।** शिकोकाई कराटे इंटरनेशनल, इंडिया के दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में तीन और चार फरवरी को हुए ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के कराटेकारों ने 19 पदक जीते। जिसमें पांच स्वर्ण, चार रजत तथा 10 कांस्य पदक शामिल हैं।

### खनिज गैस का उपयोग बढ़ाया जायेगा : मोदी

**पंजिम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत जल्दी ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तथा देश की आर्थिक वृद्धि में ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है और देश प्राथमिक ऊर्जा के विभिन्न रूपों में प्राकृतिक गैस के उपयोग बढ़ायेगा।

### मंदिर में दुष्कर्म के दोषी को 30 साल की कैद

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिर परिसर में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के दोषी व्यक्ति को 30 वर्ष कठोर कैद की सजा और उसे एक लाख रुपये पीड़िता देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि दोषी भग्गी ऊर्फ भागीरथ ने मंदिर की पवित्रता की परवाह किये बिना एक ऐसा दुर्भाग्यपूर्ण और बर्बर कृत्य किया जो पीड़िता को हमेशा परेशान कर सकता है।

### आर्किटेक्ट विनोद सिंह से इडी ने की पूछताछ

**रांची।** आर्किटेक्ट विनोद सिंह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को पूछताछ की है। बताया गया है कि विनोद सिंह एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में कई दस्तावेज लेकर पहुंचे थे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र स्थगित — दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक

# हेमंत के अधूरे कार्यों को करेंगे पूरा : सीएम

- राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान भानु प्रताप और मिथिलेश ठाकुर के बीच तीखी नोकझोंक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि जो विकास का खाका हेमंत बाबू ने खींचा था, उस पर ही काम आगे बढ़ेगा। राज्य के आदिवासी, दलित, मूलवासियों के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए, भूमि पुत्रों के लिए विशेष योजना जो बनी, उसे ही आगे बढ़ायेंगे। वहीं मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्यों को चंपई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार आगे बढ़ायेगी।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गिनायी। इस दौरान दोनों पक्षों ने धन्यवाद प्रस्ताव में भाग लिया और एक-दूसरे पर लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाये। इसके साथ ही चंपई सोरेन के बहुमत साबित करने के लिए आहूत विशेष सत्र का मंगलवार को समापन हो गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

**सिर्फ नेतृत्व बदला है : आलमगीर**

चर्चा के दौरान मंत्री आलमगीर आलम ने सरकार की ओर से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार हेमंत सोरेन के कार्यों को आगे बढ़ायेगी। हमारी सरकार 2019 में आ थी। यह सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह पहले दिन से ही हमारी सरकार को गिराने के षड्यंत्र रचे। सरकार गिरी नहीं, लेकिन हेमंत सोरेन के इस्तीफे का कारण नेतृत्व परिवर्तन हुआ। अतः इस सरकार का नाम हेमंत सरकार पार्ट 2 है। सभी योजनाएं पूर्ववत चलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भाजपा ने नहीं किया। यदि राज्य सरकार प्रस्ताव नहीं भेजती, तो अलग झारखंड नहीं बनता। इसके लिए हमारे 11 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया था। (शेष पेज 11 पर)

### यह सरकार का पार्ट-2 : चंपई

इसके पूर्व सदन में अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हेमंत सरकार का पार्ट 2 है। हम इसे स्वीकार करते हैं। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने जो योजनाएं बनाई है, हम उन योजनाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज जो खुद को भाजपा का बड़ा हिमायती कहते हैं, वह पहले मुख्यमंत्री थे। भाजपा ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दो साल में चेंज कर दिया। उस समय तो कोई राजनीतिक परिस्थिति पैदा नहीं हुई थी। उन्होंने कहा, सभी जानते हैं कि भाजपा ने किस तरह इस चुनी हुई सरकार को गिराने के षड्यंत्र रचा। अंत में हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना पड़ा, हालांकि, हमारी सरकार गिरी नहीं। हम अपनी सरकार बचाने में कामयाब रहे। इसलिए हम इस सरकार को पार्ट-2 कह रहे हैं।



### राज्यपाल का हूटिंग करने के लिए सत्ता पक्ष को धन्यवाद : लंबोदर महतो

आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि जब राज्यपाल का अभिभाषण हो रहा था, तब हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष के तमाम विधायक खड़े होकर राज्यपाल की हूटिंग कर रहे थे। ऐसा कोई सदन नहीं होगा। जहां सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राज्यपाल की हूटिंग की हो। यह नया इतिहास रचने के लिये वे सत्ता पक्ष को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने अपने अभिभाषण की 67 कंडिका पढ़ी। बाद में पता चला यह तो झूठ का पुलिंदा है। सरकार की पोल न खुले, इसलिए सत्ता पक्ष के लोगों ने अभिभाषण के समय हल्ला शुरू कर दिया था।

### भाजपा का कुंठित प्रयास : सुदिव्य सोनू

झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जनता ने हेमंत सरकार को जनादेश दिया था, लेकिन, भाजपा ने जनादेश का हरण करने का कुंठित प्रयास किया। इस हरण में राजभवन की भूमिका भी संदिग्ध हो जाये तो सवाल उठना लाजिमी हो जाता है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद इनके मुंह से लार टपक रही थी कि सरकार बनायेंगे, लेकिन आंकड़े तो इनके पास थे नहीं। जनादेश का हरण करने वालों को जनता चुनाव में सबक सिखायेगी।

# कांग्रेस के सत्ता में आते ही करायेंगे जातिगत जनगणना : राहुल गांधी

## आरक्षण सीमा खत्म करने से ही आदिवासियों-दलितों को हक मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/ सिमडेगा।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार सुबह खूंटी, गुमला और सिमडेगा में लोगों को संबोधित किया। बाद में वह अपनी यात्रा के अगले पड़ाव में ओड़िशा पहुंच गये। मंगलवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के के क्रम में सिमडेगा पहुंचने पर राहुल का को लोगों ने भव्य स्वागत किया। शहर के झुलन सिंह चौक स्थित बस स्टैंड के पास लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत जनगणना करायी जायेगी। भाजपा देश कां बर्बाद करने पर तुली है, कांग्रेस पार्टी ऐसा कभी नहीं होने देगी। वहीं गुमला में एक जनसभा में उन्होंने केंद्र और मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछड़ों और आदिवासियों का हक मारा जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### उलिहातू नहीं गये राहुल



खूंटी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी के उलिहातू ना जाने पर खूंटी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी को दोषी ठहराया जा रहा है। कचहरी मैदान स्थित बिरसा पार्क में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें नमन किया। यहां पर बिरसा मुंडा के अनुयायी राहुल गांधी से मिलने के लिए कचहरी मैदान पहुंचे। राहुल कुछ देर रूक बिरसाइतों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

### जेएसएससी ने परीक्षा पर लगायी रोक

**रांची।** सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका लगा है। इसकी परीक्षा 10 फरवरी से होने की संभावना थी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने इसपर रोक लगा दिया है। इसका आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न इन वादों में 20 दिसंबर, 2023 को पारित न्यायादेश का हवाला दिया गया है। इसके अनुपालन में झारखंड के वैसे स्थानीय निवासी जो सीटेट या पड़ोसी राज्य से टेट उत्तीर्ण हैं और झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं। उनसे उपरोक्त परीक्षा अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन 19 से 26 जनवरी, 2024 तक प्राप्त किये गये हैं, जो समीक्षा अन्तर्गत हैं।

# प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच करने को एसआइटी का गठन

## सदर डीएसपी करेंगे नेतृत्व, शीघ्र गिरफ्तारी का आदेश

**जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिये राज्य सरकार ने एसआइटी का गठन किया है। रांची के सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स गठित की गयी है। टीम में चार पुलिस निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं। विशेष जांच टीम को जल्द से जल्द अभियुक्तों की शिनाख्त और उनकी गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। रांची एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया। गौरतलब है कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी हुई परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस घटना के बाद तत्कालीन सदर डीएसपी के नेतृत्व में एसआइटी बना था, पर उनका ट्रांसफर हो जाने के कारण अब फिर से नये सिरे से विशेष टीम का गठन किया गया। (शेष पेज 11 पर)

### इडी ने पुलिस से मांगी एफआइआर की कॉपी

वहीं प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच अब ईडी कर सकती है। रांची के नामकुम थाने में दर्ज एफआईआर की कॉपी ईडी ने रांची पुलिस से मांगी है। बताया जा रहा है कि अगर मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय की टीम करेगी तो इसमें कई बड़े चेहरे सामने आ सकते हैं, जो प्रश्न पत्र लीक मामले में शामिल हैं। जानकारी के अनुसार एफआईआर की कॉपी हासिल होते ही ईडी के तरफ से इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गयी। विरोध में छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया था।

# पटाखा फैक्ट्री में धमाका 11 की मौत , 87 झुलसे

- चारों तरफ मची चीख-पुकार कई अब भी मलबे में फंसे

**एजेंसी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के हरदा में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। 87 से ज्यादा लोग झुलस गये है। प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने घटना की पूरी रिपोर्ट मांगी है। वहीं इंदौर, भोपाल के अस्पतालों समेत राजधानी स्थित एम्स को जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। सीएम डॉ मोहन यादव के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। पीएम मोदी ने इस हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया है। पीएम मोदी ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ की ओर से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिये जायेंगे। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि हादसे में अब तक 11 लोगों की मौतें हैं। वहीं 87 लोग घायल हुए हैं। मलबे से लोगों को निकालने का ऑपरेशन चल रहा है। राज्य सरकार इस हादसे के दोषियों को कड़ी सजा देगी।

# बाबा बागेश्वर सरकार के कार्यक्रम के लिए सुप्रीम कोर्ट भी जाने को तैयार : अरुणा शंकर

**सत्येंद्र मिश्र**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर सह श्री हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने रांची उच्च न्यायालय द्वारा श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा का पलामू में कार्यक्रम करने के लिए दिये गये आदेश के बावजूद जिला प्रशासन से अब तक स्वीकृति नहीं मिलने और अब जिला प्रशासन एवं सरकार द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के विरोध में पुनः कार्यक्रम को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय में एलपीए फाइल करने की तैयारी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सरकार एक संत को झारखंड आने से रोक कर हिंदुओं की भावनाओं से खेल रही है, जिसका परिणाम राज्य सरकार को भुगतना पड़ रहा है।

### क्या सिर्फ हिंदू संतों की कथा के लिए सक्षम नहीं



श्रीमती शंकर ने कहा कि सरकार कहती है इस कार्यक्रम में करीब 3 लाख की भीड़ प्रतिदिन होगी, जिसके लिए 300 मजिस्ट्रेट और 5000 पुलिस बल की जरूरत है जिसे झारखंड सरकार उपलब्ध नहीं करा सकती। तो क्या सरकार झारखंड में इतना बड़ा कार्यक्रम कभी नहीं कराई या करेगी या बड़ी-बड़ी राजनीतिक सभाएं रोक पायेंगी? या फिर यह शर्तें सिर्फ हिंदुओं के संतों, शंकराचार्य या कथा वाचकों के लिए झारखंड में रखी गयी है। उन्होंने कहा हम हिंदू कमजोर नहीं बाबा बागेश्वर की कथा पलामू मेदिनीनगर में होकर रहेगी। चाहे सुप्रीम कोर्ट से आदेश लाना होगा, मैं लेकर आऊंगी।

# जमीन घोटाले में हेमंत से इडी ने की पूछताछ

## मुख्य आरोपी भानु प्रताप से आमना-सामना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय जांच एजेंसी इडी की टीम ने मंगलवार को भी जमीन घोटाले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ की। इस दौरान बड़गाईं सर्किल के राजस्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को भी बुलाया गया। इडी के सूत्रों ने बताया कि हेमंत सोरेन से बड़गाईं सर्किल के राजस्व उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की मौजूदगी में पूछताछ की ताकि मामले की पूरी जानकारी मिल सके। इसके पीछे कितना पैसा शामिल था और अवैध व्यवसाय से अर्जित धन की कैसे लूट की गयी थी। भानु प्रताप प्रसाद इस मामले में मुख्य आरोपी है।

### पूर्व सीएम की आज इडी कोर्ट में पेशी

रांची। ईडी बुधवार को कोर्ट में पूर्व हेमंत सोरेन को पेश करेगी। जेल से उन्हें तीन फरवरी को अपने साथ ले गयी थी। ईडी रिमांड की अवधि बुधवार को खत्म हो रही है। इडी हेमंत सोरेन से बुधवार को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इडी और आगे भी पूछताछ जारी रखना चाहती है। इसको देखते हुए पुलिस रिमांड की मांग कर सकती है। कोर्ट ने ईडी को पांच दिन की पुलिस रिमांड की अनुमति दी है।

## चुनाव से पहले खुलेगी यूपीए सरकार की पोल, भाजपा का बड़ा दांव

# 10 साल के आर्थिक कुप्रबंध पर 'श्वेत पत्र' लायेगी सरकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार यूपीए के कार्यकाल में दौरान वित्तीय अनियमितताओं के कारण संसद के मौजूदा सत्र में श्वेत पत्र लाने की तैयारी कर रही है। श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर पत्र के माध्यम से भारत की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। यूपीए सरकार (2004-2014) के 10 सालों के आर्थिक कुप्रबंधन को लेकर केंद्र सरकार संसद में श्वेत पत्र शुक्रवार या फिर शनिवार को पेश कर सकती है। श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन पर पत्र के माध्यम से भारत की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। इसमें उस समय उठाये जा सकने वाले सकारात्मक कदमों के असर के बारे में भी बात करेगी। (शेष पेज 11 पर)

**2014 में भी उठी थी श्वेत पत्र लाने की मांग** : साल 2014 में, जब पीएम मोदी ने सत्ता संभाली थी, उस समय भी यूपीए के कार्यकाल में दौरान वित्तीय अनियमितताओं पर श्वेत पत्र लाने का भारी दबाव सरकार पर था। उस समय की अर्थव्यवस्था की हालत और यूपीए के ट्रैक रिकॉर्ड पर श्वेत पत्र लाने की मांग साल 2014 में जोर पकड़ रही थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश करने के दौरान ही कह दिया था कि 2014 से पहले अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन पर श्वेत पत्र लाया जायेगा।

### 2004 से 2014 तक देश की आर्थिक बदहाली और अर्थव्यवस्था के नकारात्मक प्रभावों को बताया जायेगा



**क्या होता है श्वेत पत्र :** मोदी सरकार यूपीए के दो कार्यकाल के दौरान आर्थिक गतिविधियों को लेकर श्वेत पत्र जारी कर रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर में श्वेत पत्र होता क्या है। दरअसल श्वेत पत्र एक तरह का आधिकारिक बयान होता है जिसे सरकार संसद के पटल पर रखती है। आमतौर पर विपक्ष श्वेत पत्र मांग करता है, वो ऐसे समय में जब विपक्ष को लगता है कि सरकार किसी खास मुद्दे पर बात स्पष्ट नहीं कर रही है। हालांकि श्वेत पत्र का कोई वैधानिक महत्व नहीं है, लेकिन माना जाता है कि इसमें झूठ की गुंजाइश काफी कम होती है।

# मोदी-सीबीआइ और इडी भाई-भाई : जयराम रमेश

## तीनों आदिवासी, दलित नेताओं पर प्रताड़ित कर रहे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/खूंटी।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बहाने कांग्रेस नेता भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि इडी और सीबीआइ, पीएम मोदी का भाई है। पीएम जो कहते है हैं दोनों एजेंसियां वही करती है। उन्होंने कहा है कि आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग के नेताओं को भाजपा टारगेट कर उन्हें जेल भेज रही है। झारखंड के पूर्व आदिवासी सीएम हेमंत सोरेन इसके ताजा उदाहरण है। जयराम रमेश ने कहा है कि पीएम मोदी अपने दोनों सगे भइयों के सहारे आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के नेताओं को प्रताड़ित कर रहे है और जेल भेजवा दे रहे हैं।

**यात्रा के मंत्र बताये :** कांग्रेस महासचिव ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 5 मंत्र बताये हैं। उन्होंने बताया कि पांच मंत्रों में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और भागीदारी सामाजिक न्याय शामिल है। उन्होंने कहा है कि श्रमिकों का अनुबंध आधारित काम बंद होना चाहिए।

**BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

O.A. No. 119 of 2023

BETWEEN

BANK OF INDIA, HAZARIBAGH BR, HAZARIBAGH ....APPLICANT BANK

VS.

ANIRUDDH GAUTAM ....................................DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE)

RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | ANIRUDDH GAUTAM S/O LATE MANOJ KUMAR SINGH | R/O KHATIK MUHALLA, P.O. & P.S. - JHUMARI TILAIYA, DIST. - KODERMA - 825409 ALSO AT R/O WARD NO. 1, VISHNUPUR ROAD, P.O. & P.S. - JHUMARI TILAIYA, DIST. - KODERMA - 825409 |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 23,28,603.00/- (Rupees Twenty Three Lakhs Twenty Eight Thousend Six Hundred Three Only) together with current and future interest, cost for other eliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 20th day of March, 2024 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **16th day of Jan, 2024.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।**

**सूचना**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़ अन्तर्गत प्रकाशित निविदा सूचना संख्या : 16/2023-24 दिनांक 02.02.2024 जिसका PR No. 317716 (Drinking Water and Sanitation) 23-24*D है जो Supply of Spare parts of deep well hand pump है को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़।

PR 318066 Drinking Water and Sanitation(23-24)D



**जिला परिवहन कार्यालय, राँची**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, राँची से निबंधित व्यवसायिक वाहन जिनका पथकर भुगतान नहीं करने की स्थिति में महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के अंकेक्षण दल द्वारा आपत्ति दर्शाया गया है।

अतः उक्त स्थिति में वैसे सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को निदेश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में प्रकाशन की तिथि से 15 (पन्द्रह) दिनों के अंदर अपने वाहन का पथकर का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई करते हुए आपके विरूद्ध निलामपत्र वाद दायर किया जायेगा एवं वाहन का निबंधन संख्या को NOT TO BE TRANSACTED कर दिया जायेगा।

| S No | REG NO | CLASS | RLW/SC | Tax Due From |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JH01X7485 | HGV | 25000 | 22.08.2022 |
| 2 | JH01X8151 | HGV | 16200 | 25.02.2022 |
| 3 | JH01X8892 | LGV | 7460 | 28.02.2022 |
| 4 | JH01X9869 | HGV | 25000 | 06.09.2021 |
| 5 | JH01X9870 | HGV | 25000 | 06.09.2021 |
| 6 | JH01Y0129 | HGV | 16200 | 10.09.2021 |
| 7 | JH01Y0646 | HGV | 16200 | 15.09.2021 |
| 8 | JH01Y0752 | LGV | 5700 | 16.06.2022 |
| 9 | JH01Y0775 | HGV | 25000 | 17.09.2021 |
| 10 | JH01Y1142 | LGV | 7490 | 18.06.2021 |
| 11 | JH01Y2258 | LGV | 6250 | 27.09.2021 |
| 12 | JH01Y3651 | LGV | 5700 | 14.07.2022 |
| 13 | JH01Y5374 | LGV | 7490 | 29.07.2022 |
| 14 | JH01Y5885 | MGV | 7800 | 03.11.2022 |
| 15 | JH01Y5898 | LGV | 7490 | 03.11.2022 |
| 16 | JH01Y6580 | MGV | 9050 | 10.05.2022 |
| 17 | JH01Y7363 | LPV | 53 | 10.12.2021 |
| 18 | JH01Y7372 | HGV | 25000 | 17.11.2021 |
| 19 | JH01Y7440 | LGV | 5700 | 18.02.2022 |
| 20 | JH01Y7599 | LGV | 5300 | 14.11.2022 |
| 21 | JH01Y7842 | HGV | 25000 | 22.08.2021 |
| 22 | JH01Y8741 | HGV | 25000 | 02.06.2022 |
| 23 | JH01Y8998 | LGV | 5300 | 14.05.2022 |
| 24 | JH01Y9005 | LGV | 5300 | 19.05.2022 |
| 25 | JH01Y9141 | HGV | 16200 | 06.09.2022 |
| 26 | JH01Y9616 | LGV | 5700 | 09.06.2022 |
| 27 | JH01Y9617 | LGV | 5700 | 09.12.2021 |
| 28 | JH01Y9758 | MGV | 9600 | 05.11.2022 |
| 29 | JH01Z1852 | HGV | 28500 | 27.06.2021 |
| 30 | JH01Z2021 | LGV | 7460 | 28.08.2022 |
| 31 | JH01Z4637 | MGV | 9050 | 22.10.2021 |
| 32 | JH01Z4651 | MGV | 10500 | 18.11.2022 |
| 33 | JH01Z4652 | HGV | 17500 | 17.12.2021 |
| 34 | JH01Z4653 | LGV | 6750 | 01.05.2021 |
| 35 | JH01Z4659 | LGV | 5300 | 06.04.2022 |
| 36 | JH01Z4816 | LGV | 6280 | 17.05.2021 |
| 37 | JH01Z5641 | HGV | 25000 | 04.02.2022 |
| 38 | JH01Z5660 | MGV | 9050 | 04.12.2021 |
| 39 | JH01Z6257 | LGV | 7460 | 05.11.2022 |
| 40 | JH01Z6319 | HGV | 25000 | 08.08.2022 |
| 41 | JH01Z7040 | HPV | 55 | 30.09.2022 |
| 42 | JH01Z7052 | HGV | 25000 | 16.08.2021 |
| 43 | JH01Z8426 | MGV | 9050 | 27.05.2022 |
| 44 | JH01Z9698 | LGV | 5700 | 05.09.2021 |
| 45 | JH02E0212 | HGV | 16200 | 24.07.2022 |
| 46 | JH02J4551 | HGV | 25000 | 15.07.2022 |
| 47 | JH02J6022 | LGV | 7500 | 23.05.2022 |
| 48 | JH02J6027 | HGV | 16200 | 23.08.2021 |
| 49 | JH02M5592 | LPV | 33 | 13.06.2021 |
| 50 | JH06C3722 | HGV | 25000 | 11.06.2021 |
| 51 | JH09C0063 | LPV | 28 | 01.10.2022 |
| 52 | JH10G5346 | LGV | 5600 | 16.06.2021 |
| 53 | JH11D7383 | LGV | 7500 | 24.04.2021 |
| 54 | JH12B8275 | HGV | 16200 | 24.07.2021 |
| 55 | JH15B7101 | HGV | 25000 | 12.08.2021 |
| 56 | MP06E4674 | HGV | 16200 | 21.09.2021 |
| 57 | NL02L6025 | HGV | 16200 | 04.06.2022 |
| 58 | NL02N7506 | HGV | 25000 | 24.04.2021 |
| 59 | NL02N8563 | HGV | 25000 | 16.03.2022 |
| 60 | OR09E1167 | HGV | 16200 | 03.05.2021 |
| 61 | OR14G3529 | HGV | 25000 | 24.10.2021 |
| 62 | OR14Q0510 | HGV | 16200 | 02.08.2021 |
| 63 | OR14R0983 | HGV | 16200 | 01.08.2021 |
| 64 | OR14R4333 | HGV | 16200 | 18.06.2021 |
| 65 | OR14S1955 | HGV | 25000 | 01.06.2021 |
| 66 | OR16D0854 | HGV | 16200 | 05.10.2022 |
| 67 | PB12K7266 | HGV | 25000 | 19.08.2022 |
| 68 | PB12K7267 | HGV | 25000 | 19.08.2022 |
| 69 | UP22T3177 | HGV | 31000 | 15.07.2022 |
| 70 | UP63J9379 | HGV | 28000 | 08.06.2021 |
| 71 | UP78CN4549 | HGV | 25000 | 27.09.2021 |
| 72 | UP92T3323 | HGV | 25000 | 16.11.2022 |
| 73 | WB23A6408 | HGV | 25000 | 27.04.2022 |
| 74 | WB23A9449 | HGV | 25000 | 24.10.2021 |
| 75 | WB379515 | MGV | 8372 | 17.10.2022 |
| 76 | WB37B2995 | HGV | 25000 | 21.10.2021 |
| 77 | WB37C6058 | HGV | 25000 | 05.06.2022 |
| 78 | WB76A1231 | HGV | 25000 | 30.06.2021 |
| 79 | WB76A2841 | LGV | 4450 | 23.12.2021 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
राँची

PR 318034 Transport (23-24)_D


## राहुल गांधी के उलिहातू नहीं जाने पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कसा तंज, कहा

# भगवान के गांव नहीं जाने से झलकती है उनकी भावना

**उदय चौहान**



रांची। भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू नहीं गये। वे वहां जानेवाले थे। इससे आदिवासी समाज के प्रति उनकी भावना दिखती है। राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के विरोध में भाजपा के बिरंची नारायण ने भी बात रखी। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन सरकार हेमंत सरकार पार्ट 2 ना बने। बालू, पत्थर, जमीन की लूट में कहीं उसे जेल की सलाखों के पीछे ना जाना पडे। साइकिल पर कोयला लाद कर चलने वालों संग राहुल गांधी दिखे। ये कोयले की ढुलाई करते हैं। चोरी करते हैं। राहुल गांधी ने इसे बढ़ावा दिया है। अगर चंपाई सोरेन सरकार में हिम्मत है तो राहुल के खिलाफ एफआइआर करे। राज्य सरकार में नियुक्तियां नहीं निकल रही हैं। चार साल बाद निकलती भी हैं तो पेपर लीक हो जाता है। जब दूध की रखवाली का जिम्मा बिल्ली को मिले तो भगवान ही मालिक। सरकार में हिम्मत है तो इसकी सीबीआइ जांच हो। इस राज्य में जांच के आधार पर पूजा सिंघल कानून की गिरफ्त में आयी। पर ईडी के कहने के बावजूद उन पर एफआइआर नहीं हुआ। साहेबगंज डीसी रामनिवास यादव के यहां से गोली, कैश पैसे मिले पर उन पर एफआइआर नहीं हुआ।

यह सरकार भी बालू पत्थर की चोरी की राह पर चल रही है। हेमंत सोरेन ने सदन में कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ। उन्हें जेल भेजा गया। सबूत पर झारखंड छोड़ देने की बात कही। वे बतायें कि पंकज मिश्रा कोन हैं। ये लोग झारखंड को लूटते रहे और यहां के आदिवासियों को बेवकूफ समझते रहे। आदिवासियों को बहला फुसला कर धर्म परिवर्तित किया जा रहा है। आदिवासियों की डेमोग्राफी कई जगहों में बदल गयी है।

**इरफान ने राज्यपाल को कहा तानाशाह :** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सदन में राज्यपाल को तानाशाह बताते हुये कहा कि हमें दक्षिण के राज्य, वहां की कला संस्कृति, रहन-सहन पसंद आता है। लेकिन, राज्यपाल को यहां के आदिवासी नहीं सुहाते हैं। उन्होंने यहां की सरकार को कुचलने का प्रयास किया। वास्तव में राजभवन को भाजपा कार्यालय के द्वारा चलाया जा रहा है। इसी दौरान अमर बाउरी ने स्पीकर से तानाशाही शब्द को स्पंज करने की अपील की। राज्यपाल को कस्टोडियन बताते हुये सदन से उनके लिये सम्मान दिखाने की अपील भी की। विधायक प्रदीप यादव ने आजादी के दौरान भाजपा के योगदान पर सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि ये तानाशाह लोग हैं। आजादी और उसके बाद संविधान के कारण ही आज यहां आदिवासी, ओबीसीए दलित वर्ग के लोग दिख रहे हैं। इनका (भाजपा) वश चलता तो यह देश मनुस्मृति से चलता।

### अमर बाउरी ने एक शब्द को स्पंज करने को कहा



महिलाओं पर दीपिका पांडेय के एक शब्द को लेकर अमर कुमार बाउरी ने स्पीकर से इसे स्पंज करने को कहा। साथ ही, उन्होंने कहा कि किसी भारतीय नारी के ऐसे शब्द नहीं हो सकते हैं। सामंतवादी सोच के लोग कांग्रेसी ऐसी ही भाषा का प्रयोग करते रहे हैं। जिन कांग्रेसियों ने कभी बाबा साहेब को मान नहीं दिया, वे अब उनका नाम ले रहे हैं।

### 40 घंटे का इंतजार क्यों किया: मिथिलेश ठाकुर



शोर शराबे के बीच विधायक मिथिलेश ठाकुर ने राजभवन से जवाब मांगते हुये कहा कि जब 31 जनवरी को ही राजभवन को बहुमत होने की जानकारी दी। तब 40 घंटे तक इंतजार उन्होंने क्यों किया। बिहार में 4 घंटे के भीतर नीतीश सरकार को शपथ दिला दी गयी। लेकिन, यहां 40 घंटे लिये गये। भाजपा वाले पिछले दरवाजे से लोकतंत्र की हत्या में लगे हैं।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को लॉलीपॉप पकड़ाया : भानु प्रताप



भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि वास्तव में चंपई सोरेन 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही सीएम बने हैं। श्रीराम लला धरा पर आये और उसके बाद ही चंपाई सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुये। हरे झंडे वाले और हरा चश्मा पहननेवालों को हरा दिखाई देता है। उनके इस बात से सत्ता पक्ष के लोगों ने भारी शोरगुल किया। उन्होंने सवाल उठाते हुये कहा कि आखिर झारखंड के लिये आंदोलन किसके खिलाफ चल रहा था। उस समय तो भाजपा नहीं थी। पिछले चालीस सालों में आदिवासियों को कांग्रेस ने केवल लालीपॉप पकड़ाया। शिबू सोरेन अगर झारखंड आंदोलन के लिए लड़े तो छत्तीसगढ़, उत्तराखंड के लिये किसने लड़ाई लड़ी। यह भाजपा का विशाल हृदय था, जो तीन-तीन स्टेट बनवाये। यहां झारखंड बनने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी, आडवाणी ने आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को सीएम बनाया। फिर अर्जुन मुंडा बने, शिबू सोरेन को भी भाजपा के सहयोग से सीएम बनाया गया। फिर अर्जुन मुंडा के सीएम बनने पर डिप्टी सीएम हेमंत सोरेन को बनाया गया। आज राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी महिला हैं। जो बताता है कि भाजपा आदिवासी समाज के लिए क्या भाव रखती है। उन्होंने सवाल रखते हुए सीएम से पूछा कि हेमंत पार्ट 1 में 4 सालों में 6000 महिलाओं के खिलाफ बलात्कार के मामले दर्ज हुये। इसमें से 4000 आदिवासी, दलित महिलाएं हैं। क्या वर्तमान पार्ट 2 सरकार में इसे आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर साल पांच लाख युवाओं मतलब अबतक 20 लाख युवाओं को नौकरी नहीं देने, बेरोजगारी भत्ता यह पार्ट 2 वाली सरकार भी नहीं देगी। राज्य में बालू, पत्थर, कोयला, जमीन की लूट, शराब घोटाला इस सरकार में भी होता रहेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने 5 फरवरी को सदन में भाजपा पर उन्हें जेल भेजे जाने का साजिश रचने की बात कही थी। कोई बताये कि चिरूडीह हत्याकांड, शशिनाथ झा हत्याकांड, नोट फॉर वोट में शिबू सोरेन को जेल किसने भेजा। कोयला घोटाले में उन्हें जेल भेजने वाली यही कांग्रेस पार्टी थी। उन्हें 4 सालों तक जेल में रखकर उनके पॉलिटिकल जीवन को नुकसान पहुंचाया। कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे कांग्रेस ने ठगा नहीं। शिबू सोरेन, मधु कोड़ा, बंधु तिर्की को भी कांग्रेस की साजिश से जेल जाना पड़ा। लालू यादव, ओमप्रकाश चौटाला, करुणानिधि जयललिता, वाइएस आर रेड्डी समेत कई अन्य नेताओं को भी कांग्रेस के चलते जेल जाना पड़ा। लोकतंत्र की सबसे पापी पार्टी कांग्रेस ही है। सत्ता पक्ष कहता है कि इस राज्य में सबसे अधिक शासन भाजपा ने किया। विनोद सिंहए दीपक बिरूआ सहित सत्ता पक्ष के अन्य विधायकों ने भी हेमंत सोरेन सरकार द्वारा शुरू किये गये प्रयास की सराहना करते भाजपा पर हमला बोला।

## स्वास्थ्य विभाग की अवैध प्रतिनियुक्तियों को करें रद्द : सरयू

### राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर निर्दलीय विधायक ने रखी मांग



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से स्वास्थ्य विभाग के अवैध नियुक्तियों को रद्द करने की मांग की है। श्री राय मंगलवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा है कि 31 जनवरी की शाम को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा अपने पद से त्यागपत्र दिये जाने तथा उसी रात राज्यपाल द्वारा उनका त्यागपत्र स्वीकार कर लिये जाने के बाद तत्कालीन सरकार स्वतः भंग हो गई। इसके बाद दो फरवरी को नये मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण हुआ। इस बीच में स्वास्थ्य विभाग में उपर्युक्त विषयक अधिसूचना तैयार हो गई। पांच फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी गई।

जब भी कोई सरकार बदलती है तो सरकार के अपदस्थ होने के समय जो भी निर्णय संचिका में लिये जाते हैं, उनकी अधिसूचना तत्काल प्रभाव से रोक दी जाती है। लेकिन, इस मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सरकार के अपदस्थ होने के बाद उपर्युक्त विषयक अधिसूचना को निर्गत कर दिया है, जो पूर्णतः अवैधानिक है। अधिसूचना में स्वास्थ्य विभाग ने 24 चिकित्सकों की एकमुश्त प्रतिनियुक्ति की है।

## नयी बिजली दर निर्धारण के लिए आयोग ने फिर मांगी जेबीवीएनएल से जानकारी

### मार्च तक घोषणा संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जल्द राज्य में नयी बिजली दरें घोषित की जायेंगी। इसके लिए नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल से फिर से कुछ बिंदुओं पर आपत्ति और सुझाव की मांग की है। वहीं कुछ अन्य जानकारी भी मांगी गयी है। नियामक आयोग की मानें तो जानकारियां जनसुनवाई के दौरान उठे बिंदुओं के आधार पर मांगी गयी हैं। इनमें से कुछ जानकारियां जेबीवीएनएल की ओर से आयोग को उपलब्ध करायी गयी हैं, जबकि कुछ का इंतजार नियामक आयोग को है।

जेबीवीएनएल की ओर से इन बिंदुओं पर जवाब आने के बाद ही नियामक आयोग की ओर से सलाहकार समीति की बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक पर जनसुनवाई के दौरान उठे मुद्दे और जेबीवीएनएल की ओर से दी गयी जानकारियों पर चर्चा की जाती है। इसके बाद ही राज्य में नयी बिजली दरें घोषित की जायेंगी।

**लग सकता है मार्च तक समय :** राज्य विद्युत नियामक आयोग की मानें तो नयी बिजली दरें घोषित होने से मार्च तक का समय लग सकता है। पूर्व में जेबीवीएनएल की ओर से कुछ जानकारियां उपलब्ध करायी गयी थीं। इसके बाद फिर से नियामक आयोग की ओर से अन्य बिंदुओं पर जानकारी मांगी गयी है। ऐसे में जेबीवीएनएल की ओर से इन बिंदुओं पर जानकारी मिलने के बाद ही नियामक आयोग बैठक आयोजित करेगा।

जिसके बाद नयी बिजली दरें घोषित की जायेंगी। आयोग के अनुसार इसमें मार्च तक का समय लग सकता है। जानकारी हो कि दिसंबर में नियामक आयोग ने जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। पिछले साल जून 2023 में नयी बिजली दरें घोषित की गयी थीं। अब फिर से आयोग नयी बिजली दरें घोषित करने वाला है।

### कितनी वृद्धि प्रस्ताव

झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से नियामक आयोग को सौंपे प्रस्ताव की मानें तो घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दर प्रति यूनिट 2.30 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव है। वर्तमान में शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है। जिसे बढ़ा कर 8.60 रुपये यूनिट करने का प्रस्ताव है। फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। यह दर 400 यूनिट से अधिक खपत करनेवाले उपभोक्ताओं के लिए है। जबकि 400 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं की दर 7.60 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है। हालांकि वृद्धि दर नियामक आयोग निर्धारित करता है।

### मुख्यमंत्री से मिले डॉ लंबोदर महतो

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति देने का आग्रह किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि बोकारो जिला के गोमिया विधानसभा क्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के सड़कों की स्थिति अत्यंत जर्जर है। उन्होंने बताया कि गझंडी से हुरलुंग भाया चतरोचप्ती और ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नू इन सभी सड़कों का सर्वे होने व डीपीआर बनने के पत्रात तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है। लेकिन अब तक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं हुई है। इस कारण इन सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण नहीं हो पाया है। इसके कारण कई जिलों के लाखों ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासनिक स्वीकृति जल्द से जल्द देना श्रेयस्कर रहेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मिले पत्र को देखने और बातों को सुनने के बाद सड़क निर्माण व सुदृढ़ करण को लेकर प्रशासनिक स्वीकृति देने की दिशा में शीघ्र और समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

## जांच से संबंधित पुराने दस्तावेज सीबीआई से मिले हैं या नहीं, हाईकोर्ट ने इडी से पूछा

### 34वां राष्ट्रीय खेल घोटाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 34वें नेशनल गेम्स में 28 करोड़ 38 लाख रुपये के घोटाले की अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज सीबीआई से दिलाने का आग्रह करने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में ईडी के अधिवक्ता को निर्देश दिया है कि वह दो सप्ताह में ईडी से इंस्ट्रक्शन लेकर बताएं कि उन्हें अब तक मांगे गए अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज सीबीआई से मिला है या नहीं। मामले की अगली सुनवाई 13 फरवरी को होगी।

दस्तावेज के लिए पूर्व में ईडी की ओर से सीबीआई और एसीबी के पास रिप्रेजेंटेशन भी दिया गया था, लेकिन अबतक यह ईडी को उपलब्ध नहीं हो सका है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही जांच :** 11 अप्रैल 2022 को झारखंड हाईकोर्ट ने कई सालों से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में चल रहे इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में इस मामले में शेड्यूल ऑफिंस को देखते हुए ईडी ने भी इस मामले में अनुसंधान प्रारंभ किया है। लेकिन उसे सीबीआई से अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज नहीं मिल पा रहे थे। जिसे लेकर ईडी की ओर से सीबीआई से अनुसंधान के दस्तावेज दिलवाने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। दरअसल इस मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर एक याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में चल रही थी, कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनते हुए सीबीआई को जांच का आदेश दिया है। बता दें कि यह मामला वर्ष 2011 का है, जब झारखंड की राजधानी रांची के होटवार स्थित खेलगांव में 34वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन हुआ था। उस समय राष्ट्रीय खेल के आयोजन में 28 करोड़ 38 लाख रुपये का चूना राज्य सरकार को लगने का आरोप लगाया गया था।

# हेमंत ने दूसरे के नाम से लिया जमीन : बाबूलाल

### वीडीओ जारी कर बाबूलाल मरांडी ने किया खुलासा

## चौकीदार संतोष मुंडा ने बताया कि बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन हेमंत सोरेन की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने काली कमायी को छिपाने के लिये दूसरे के नाम से जमीन लिया। श्री मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अभी ईडी की कस्टडी में हैं। लेकिन चंपाई सरकार के विश्वास प्रस्ताव पर ऐसा बोल रहे थे कि जैसे उन्होंने कुछ गलत किया ही नहीं है। चुनौती देते हुए राजनीति से सन्यास लेने तक की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई चोर चोरी पकड़े जाने पर स्वीकार नहीं करता है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार को आदतन गड़बड़ करने की फितरत है। जैसा वर्तमान है उनके परिवार का अतीत भी वैसा ही है। उन्होंने मीडिया को बरियातू स्थित 8.5 एकड़ जमीन के चौकीदार संतोष मुंडा की ऑडियो वीडियो दिखाया। इसमें उसने उपर्युक्त जमीन का मालिक हेमंत सोरेन को बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपनी काली कमाई को छुपाने केलिये जमीन में पैसे को इन्वेस्ट करने का तरीका अपनाया। बरियातू स्थित पत्थर के चारदीवारी से घिरी 8.5 एकड़ जमीन को हेमंत सोरेन ने किसी और के नाम से खरीदा है। उन्होंने कहा कि इसी के कारण इस मामले की जांच मनी लांड्रिंग के तहत की जा रही है।

उन्होंने इसे और स्पष्ट करते हुये कहा कि 7 अगस्त 2023 को जब ईडी ने हेमंत सोरेन को पहला समन करते हुये 14अगस्त को पूछताछ के लिए बुलाया था। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण वो हाजिर नहीं हुये। लेकिन ईडी की कारवाई को भांप गये थे। हेमंत सोरेन ने 16 अगस्त 23 को राजकुमार पाहन नामक व्यक्ति ने आवेदन किया कि उपर्युक्त जमीन उनके अधीन है और दूसरे अधिकृत व्यक्ति का नाम इस जमीन से खारिज किया जाये।उसी दिन पत्र क्षेत्रीय अधिकारी के पास पहुंच जाता है। 9 जनवरी 24 को एसएआर अधिकारी ने सीआई से रिपोर्ट मांगी और 11 जनवरी 24को सीआई की रिपोर्ट से पता चला कि संतोष पाहन वहां पांच छः साल से परिवार के साथ रह रहा है। जमीन का खतियान पाहन परिवार के नाम दर्ज है। जमीन भूइहरी है, बेची नही जा सकती है। साथ ही यह भी पता चला कि पंजी संभवतः ईडी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर भी मिले हैं।

उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार के द्वारा जमीन लूट का तो यह एक नमूना है। नाम बदलकर भी शिबू सोरेन परिवार ने जमीन खरीदे हैं। हेमंत सोरेन हेमंत कुमार सोरेन बन गये। शिबू सोरेन को शिव सोरेन बना दिया गया। दुर्गा सोरेन को दुर्गा प्रसाद सोरेन बना दिया । उन्होंने कहा कि दुमका के खजुरिया में हेमंत सोरेन का विशाल बंगले की बाउंड्री के भीतर आधी जमीन का मालिकाना हक योगेंद्र तिवारी के नाम है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार की ऑन रिकॉर्ड 108 संपत्ति का मामला अलग है। श्री मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुये बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि हम सीबीआई जांच कराकर ही दम लेंगे। यह 6 लाख छात्रों के भविष्य का सवाल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित छात्रों पर मुकद्दमा दर्ज करा रही जबकि उसे जेएसएससी के अध्यक्ष और परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर मुकदमा दर्ज करना चाहिए। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## राकेश तिवारी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए

**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावां विधानसभा के प्रभारी राकेश तिवारी आज राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी के साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में खूंटी से लेकर सिमडेगा तक चले श्री तिवारी ने आज यात्रा से लौटने के बाद बताया कि खूंटी से लेकर सिमडेगा तक की । यात्रा पूरी तरह एतिहासिक रही रास्ते में जगह-जगह लोगों ने श्री राहुल गांधी जी का भव्य स्वागत किया। स्कूली बच्चों से लेकर आम लोगों तक सड़क के किनारे खड़े होकर उनका स्वागत किया। श्री राहुल गांधी जी की न्याय यात्रा झारखंड में पूरी तरह सफल रही यात्रा उड़ीसा के तरफ प्रस्थान कर चुकी है।

## नीमडीह में आंदोलनकारियों का हुआ महाजुटान

**चांडिल।** झारखंड आंदोलनकारी अधिकार समिति के बैनर तले रघुनाथपुर फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में झारखंड आंदोलनकारीयों का महाजुटान हुआ। झारखंड के शहीदों एवं आंदोलनकारीयों के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान समाजसेवी सह झारखंड आंदोलनकारी सुखराम हेंम्ब्रम ने कहा जिन्होंने झारखंड आंदोलन में भाग नहीं लिया तथा आंदोलनकारी नहीं रहे वैसे लोग मंत्रीमंडल में बैठे हुए है। इतिहास गवाह है कि आंदोलकारियों ने लड़कर झारखंड लिया है, जरूरत पड़ी तो अपनी पहचान के लिए एक बार फिर से लड़ाई लड़ेंगे। लड़कर झारखंड लिए हैं लड़कर अधिकार लेंगे।

## ओल्ड बारीडीह दुर्गापूजा मैदान में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 13 से

**जमशेदपुर।** आगामी 13 फरवरी से 16 फरवरी तक ओल्ड बारीडीह दुर्गा पूजा मैदान में राष्ट्र जागरण अभियान एवं 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ का भाव आयोजन किया जा रहा है जिसमें कोल्हान व अन्य राज्यों से लोग शामिल होकर इस महायज्ञ का हिस्सा बनेंगे। 20 वर्षों बाद कार्यक्रम का आयोजन गायत्री परिवार ट्रस्ट टाटानगर के द्वारा यह आयोजित हो रहा है।

## इंजन डिवीजन,प्लांट वन और इआरसी में आरके सिंह एंड टीम का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** मंगलवार को टाटा मोटर्स के इंजन, प्लांट 1 और ई आर सी डिवीजन में यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह और महामंत्री श्री आरके सिंह का फिर से जोरदार स्वागत अस्थाई और स्थायी श्रमिकों के द्वारा किया गया। सभी ने फूल माला, गुलदस्ता और शॉल ओढ़ाकर अध्यक्ष और महामंत्री जी का तहे दिल से धन्यवाद किया और कहा कि ऐसा समझौता कोई नही सोच सकता और अगर कोई ऐसे सोच कर एक ऐसे समझौते तक पहुंचा सकते है तो वो टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष और महामंत्री है।

## भाजमो बारीडीह मंडल की बैठक संपन्न

**जमशेदपुर।** बारीडीह मंडल के अन्तर्गत बागुन नगर शिव मंदिर सामुदायिक भवन में बैठक मंडल अध्यक्ष विजय नारायण के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें बुथ कमिटी, क्षेत्र के विकास कार्यों, दीनदयाल उपाध्याय जी के पुन्यतिथि आदि विषयों पर मुख्य रूप से चर्चा किया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी वंदना नामता, पुतुल सिंह, मनोरमा सिहं मंडल के महामंत्री गौतम धर, उपाध्यक्ष रुपेश राय, युवा जिला उपाध्यक्ष अनंत ठाकुर, राजिव साव, कुशल हांसदा, और भी गणमान्य लोग हिस्सा लिए।

## आनंदमार्ग ने 5 रोगियों का कराया मोतियाबिंद ऑपरेशन

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से सोनारी से 5 मोतियाबिंद रोगियों चयनित हुए थे सोनारी से पूर्णिमा नेत्रालय के वाहन से तमोलिया पूर्णिमा नेत्रालय भेज दिया गया। जो लोग भी फिजिशियन जांच में स्वस्थ पाए गए 5 फरवरी को मोतियाबिंद ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस लगाया गया। आज 6 फरवरी को जिनका मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हुआ उन लोगों को दवा देकर एवं चश्मा देकर सभी को घर पहुंचा दिया गया।

# टाटा स्टील को किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद की सप्लाई करें वेंडर पार्टनर : टीवी नरेंद्रन

## टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ सह प्रबंध निदेशक ने उद्यमियों को किया संबोधित कहा, टाटा स्टील और सिंहभूम चैम्बर का रिश्ता लगातार मजबूत हो रहा है




उद्यमियों को संबोधित करते टीवी नरेंद्रन, कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमी-व्यवसायी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ सह प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेन्द्रन एवं उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट सविर्सेज चाणक्य चैधरी चैम्बर भवन, बिष्टुपुर में पधारकर व्यवसायियों एवं उद्यमियों को संबोधित किया। तथा वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में टाटा स्टील के व्यापारिक दृष्टिकोण एवं टाटा के विकास में जमशेदपुर के स्थानीय व्यवसायियों एवं उद्यमियों की सहभागिता पर अपना मंतव्य दिया। इस अवसर पर उनके साथ पीईओ देवाशीष चौधरी, चीफ प्रोक्योरमेंट रंजन कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुये मानद महासचिव मानव केडिया ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं चैम्बर पदाधिकारियों में से उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया, एवं अन्य विभिन्न व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने टाटा स्टील के अधिकारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के ग्लोबल सीईओ सह प्रबंध निदेशक ने सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि टाटा स्टील के रिश्ते चैम्बर के साथ लगातार मजबूत हो रही हैं इससे औद्योगिक विकास अवश्य होगा। टाटा स्टील को आगे बढ़ाने में यहां के मजदूरों ने काफी त्याग किये हैं। यह एक मल्टी जेनेरेशन कंपनी है। टाटा वर्क्स यूनियन और टाटा स्टील के अच्छे रिश्ते टाटा स्टील को आगे बढ़ाने में मदद करती रही है। हमें आज वैश्विक और डिफरेंट माहौल में काम करना पड़ता है। पूरे विश्व में चाईना सबसे बड़ी स्टील उत्पादक देश है और हम अभी दूसरे नंबर पर हैं। स्टील के क्षेत्र में काफी तुलनात्मक माहौल है। इसलिये स्टील के दर पर ध्यान देते हुये हम आगे बढ़ना पड़ रहा है। इसलिये हमें बैलेंस बनाकर काम करना पड़ता है। हम अपने शेयर होल्डर्स के प्रति भी जवाबदेह हैं। ऐसे समय में हमें अपने वेंडर्स से किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण सामनों और सर्विस की आवश्यकता है।

नरेंद्रन ने आगे कहा कि भारत आज विश्व में सबसे उभरती अर्थव्यवस्था है। पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान देश में आधारभूत संरचना में तेजी से वृद्धि हुई है जिससे टाटा स्टील के द्वारा स्टील आपूर्ति में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील कंपनी घनी आबादी के बीच में अवस्थित जो दुनिया में कहीं भी कोई भी स्टील कंपनी नहीं है। इसलिये यहां बहुत ज्यादा एक्पेंशन करना संभव नहीं है। इसे देखते हुये टाटा स्टील को उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में जमशेदपुर के बाहर भी प्रयासरत है जिसमें कलिंगानगर प्लांट महत्वपूर्ण है। बड़ी कंपनियो की रीढ़ एमएसएमई ईकाईयों होती है और इनकी गुणवत्ता पर ही बड़ी कंपनियां चलती है। टाटा स्टील एक बड़ी कंपनी है। इसकी रीढ़ भी एमएसएमई ईकाईयां हैं। एमएसएमई के क्षेत्र में जमशेदपुर एक महत्वपूर्ण स्थान रखना है यहां की एमएसएमई ईकाईयों को अपनी गुणवत्ता पर ध्यान देना होगा। हम वैश्विक स्तर पर भी इसके लिये बाजार तलाश सकते हैं। उन्होंने कहा चीन पिछले तीस-चालीस सालों में तेजी से उभरा है अब अगले 30 साल भारत के लिये महत्वपूर्ण है।

### टीएमएच में दो नये भवन जल्द : चाणक्य चौधरी

इस अवसर पर कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चैधरी ने सदस्यों को संबोधित करते हुये कहा कि चैम्बर समय-समय पर हमें सुझाव देते भेजती है इसके लिये चैम्बर एवं इसके पदाधिकारीगण धन्यवाद के पात्र हैं इससे टाटा स्टील को जमशेदपुर के विकास में कार्य करने में आसानी होती है। उन्होंने कहा टीएमएच काफी बड़ा है जहां अभी लगभग 1000 बेड्स मरीजों के लिये उपलब्ध है। इसे और बढ़ाया जा रहा कुछ दिनों में टीएमएच में दो नये भवन और बनकर तैयार हो जायेंगे। स्पेशिलिस्ट डाक्टरों को बुलाकर वर्कशॉप की व्यवस्था की गई है। देश के दूसरे मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के साथ भी टाईअप कर मरीजों को अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। एयरपोर्ट के लिये केन्द्र और राज्य सरकार दोनों से टाटा स्टील लगातार संपर्क में है धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट को विकसित करने के लिये। अभी कॉमर्शियल हवाई जहाज कोलकाता, भुवनेश्वर के लिये संचालित हो रहा है। सड़क सुरक्षा के लिये यहां के लोगों को अपने स्वभाव में बदलाव लाना होगा और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने आप को ढालना होगा। रोड विकसित होने पर गाड़ियों की स्पीड भी बढ़ जाती है, हमें गलत साईड से ड्राईव करने की आदत को सुधारना होगा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुये टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक नरेन्द्रन को मिले विभिन्न सम्मानों की चर्चा करते हुये जमशेदपुर वासियों की ओर से उनको बधाई दी। उन्होंने कहा जिस तरह आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है उसी तरह टाटा स्टील श्री नरेन्द्रन की डायनेमिक लीडरशिप में विकास की ओर लगातार अग्रसर है। प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर टाटा स्टील को भी टाटा स्टील में प्राथमिकता देना चाहिए।

इसके पश्चात सदस्यों के द्वारा टाटा सेटेनरी मॉल तथा जुगसलाई फुटओवर ब्रिज का मुद्दा उठाया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्षगण मुरलीधर केडिया, जी.आर. गोलछा, ए.के. श्रीवास्तव, निर्मल काबरा, अशोक भालोटिया, रमेश अग्रवाल, राज पारीख, रोहित बुधिया, बीएन दीक्षित समेत बड़ी संख्या में उद्यमी- व्यवसायी उपस्थित थे।

# लोकसभा में फिर उठा धालभूम एयरपोर्ट का मामला

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज लोकसभा में एयरपोर्ट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर टाटा जो औद्योगिक घराने के नाम से मशहूर है तथा टाटा जैसे बड़े उद्यमी स्थापित हैं। एमएसएमई का एक बड़ा सेक्टर भी आदित्यपुर में है और एमएसएमई एवं ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटे-बड़े उद्योगों को मिलाकर लगभग दो हजार उद्योग स्थापित हैं तथा यहाँ माइंस का भी बहुत बड़ा क्षेत्र है। इसलिए केंद्र सरकार ने यहां पर स्थित धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके लिए लगभग सौ करोड़ रुपये आवंटित भी किये है। सांसद श्री महतो ने कहा कि आपके माध्यम से मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूँ कि राज्य सरकार से वार्ता करके वन भूमि का अनापत्ति प्रमाण निर्गत कराते हुए धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण की कार्य को प्रारंभ किया जाय, ताकि यहां पर एयरपोर्ट बन जाने से केवल झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, मिदनापुर, झाड़ग्राम, पुरुलिया और ओडिशा के बारिपदा, मयूरभंज और बालेश्वर भी जमशेदपुर जैसे बड़े शहर से जुड़ जाएंगे।

सांसद ने सदन में कहा कि उक्त एयरपोर्ट की स्वीकृति के बाद जनवरी 2019 में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं पूर्व राज्यमंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार जयंत सिन्हा जी के द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया था। परंतु दुर्भाग्य कि बात है कि उक्त एयरपोर्ट का अभीतक वन विभाग के द्वारा एनओसी न मिलने के कारण काम शुरू नहीं हो सका है। उक्त मामले को मैंने दिनांक 7 फरवरी 2023 को लोकसभा में नियम 377 के तहत उठाया था, जिसका जवाब माननीय राज्यमंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार, जनरल डॉ० वी०के० सिंह जी का पत्र के माध्यम से दिनांक 28 फरवरी 2023 प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र में कहा गया है पर्यावरण मूल्यांकन समिति ने देखा की प्रस्तावित स्थल जंगलों में पड़ता है जो बड़ी संख्या में हाथियों का निवास स्थान है और हाथी गलियारे के रूप में जाना जाता है। दिनांक 25.9.2020 की बैठक में यह निष्कर्ष निकाला कि प्रस्तावित स्थल हवाई अड्डे के विकास के लिए उपयुक्त नहीं है तथा समिति वर्तमान स्थल चयन से सहमत नहीं थी और परियोजना के प्रस्ताव को एक वैकल्पिक स्थल का पता लगाने के लिए कहा गया है। सांसद श्री महतो ने कहा कि उक्त जवाब से मुझे घोर निराशा हुई है क्योंकि स्थानीय लोगों का कहना है कि आज तक एक भी हाथी को यहां के लोग देखा नहीं है तो हाथियों का गलियारा कहां से हो जाएगा। अब पता नहीं कौन सी चयन समिति है? कब वह गई स्थल निरीक्षण करने गई इसका भी स्थानीय सांसद होने के नाते मुझे कभी जानकारी नहीं मिली।

विदित है कि वहां पर द्वितीय विश्वयुद्ध सन 1942 के समय भी उक्त स्थान पर यह एयरपोर्ट था और उस समय तो घना जंगल भी था पर आज तो कुछ भी वैसा नहीं है। पूर्व में उक्त स्थान पर वन विभाग के सीसीएफ तीन डीएफओ ने कहा था कोई दिक्कत नहीं है उस वक्त एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी भी वहां उपस्थित थे।

उक्त स्थान के 500 मीटर की दूरी पर ठल्ल एवं 100 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन है। पूर्व में भी वन विभाग एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के लोग कम से कम 10 बार उक्त स्थल का निरीक्षण किया था और कहा गया था की जंगली बांसो का झुंड है जिसे हटा लिया जाएगा। राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार के उस आदेश को निरस्त करते हुए यह स्पष्ट किया की यहाँ किसी प्रकार का एलीफैंट कोरिडोर कभी था ही नहीं।

राज्य सरकार ने यह आदेश भी जारी किया है कि इससे उपयुक्त जगह कहीं नही हो सकता परन्तु इतनी स्पष्ट होने के बावजूद मेरे समझ से यह परे है की अब तक राज्य सरकार भारत सरकार से फारेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट की मांग क्यों नही कर रही है। जबकि माननीय नगरिक उड्डयन मंत्री जी ने यह स्पष्ट किया है की वन अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही हम एअरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

## सुधांशु ओझा आज संभालेंगे भाजपा जमशेदपुर महानगर की कमान

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा बुधवार को जिले के अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित होने वाले पदभार ग्रहण समारोह में जमशेदपुर महानगर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव पार्टी के कार्यकताओं की मौजूदगी में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को पूरे विधि-विधान से पदभार ग्रहण कराएंगे।

## सोनारी एयरोड्रम की चाहरदिवारी से सटे क्षेत्रों में बंद होंगी मांस-मछली की दुकानें

**जमशेदपुर।** सोनारी एयरपोर्ट परिसर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में एरोड्रम कमिटी एवं एरोड्रम एनवायरन्मेंट मैनेजमेंट कमिटी की बैठक आयोजित की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, एयरपोर्ट प्रबंधन के पदाधिकारी व कमिटी के अन्य सदस्य बैठक में मौजूद रहे। बैठक में एयरपोर्ट के सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एयरपोर्ट के चारदीवारी के आसपास स्थित पेड़ों की टहनियों की छंटाई करने, स्थानीय निकाय को खुले में भोज्य पदार्थों को फेंकने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

खबर एक नजर में

## टाटा स्टील के एफएएमडी ने जीता वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड्स



टाटा स्टील एफएएमडी,कंपनी की ओर से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से अवार्ड ग्रहण करती सुश्री सुगंधा जायसवाल।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील का फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी), सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित वाटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वाटर अवार्ड्स 2023-24 में 'डिजिटलाइजेशन में उत्कृष्टता' श्रेणी में विजेता बनकर उभरा है। गजेंद्र सिंह शेखावत, मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और टाटा स्टील को यह पुरस्कार प्रदान किया। ये पुरस्कार टाटा स्टील की रेजिडेंट एक्जीक्यूटिव (दिल्ली) सुगंधा जयसवाल ने कंपनी की ओर से प्राप्त किया।

जल प्रबंधन प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने और इसके संचालन में सस्टेनेबिलिटी लाने के लिए टाटा स्टील (एफएएमडी) की अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों को मान्यता प्रदान करते हुए, योगदान का जश्न मनाने के लिए भारत की प्रमुख जल पत्रिका वाटर डाइजेस्ट द्वारा आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में स्टील प्रमुख को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया।

## जीएम ने किया टाटानगर और चांडिल रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण



चांडिल स्टेशन का निरीक्षण करते जीएम अनिल कुमार मिश्रा।

खबर मन्त्र टीम

**जमशेदपुर/चांडिल।** दक्षिण पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने आज जमशेदपुर और चांडिल रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। वे विशेष ट्रेन से टाटानगर स्टेशन पर निरीक्षण करने के पश्चात शाम करीब साढ़े चार बजे चांडिल रेलवे स्टेशन पहुंचे। जीएम ने करीब 45 मिनट तक स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेफ्टी, सफाई, स्ट्रक्चर, यातायात सारी व्यवस्था को देखा। उन्होंने कहा आने वाले समय में अमृत भारत योजना के तहत चांडिल रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी साथ ही उन्होंने कहा कि चांडिल स्टेशन में थर्ड एवं फोर्थ लाइन की भी विस्तार की जाएगी। उन्होंने कहा चांडिल रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हरि मंदिर एवं शौचालय को शिफ्ट किया जाएगा तथा टिकट काउंटर को रिनोवेट किया जाएगा। उन्होंने कहा चांडिल रेलवे यार्ड में वाटर स्प्रिंकल लगेंगे ओर डस्ट कंट्रोल वॉल तथा स्टेशन में कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने सेकेंड फेज में होने वाले कार्यों की भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चांडिल स्टेशन का मास्टर प्लान को भी देखा। स्टेशन मास्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

## पूर्वी जमशेदपुर में विधायक की अनुशंसा पर बनेगी 8 किमी सड़कें



### पथ निर्माण विभाग ने स्वीकृत किया 8.88 करोड़ रुपये का फंड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पथ निर्माण विभाग की निधि से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की अतिरिक्त 08 किलोमीटर लंबाई के पथों के निर्माण की योजना विधायक सरयू राय के प्रयास से स्वीकृत हुई है, जिनकी निविदा भी शीघ्र प्रकाशित होकर दो चरणों में कार्य पूरा होगा। इस योजना पर कुल रू. 8,88,05,000/- (आठ करोड़ अठ्ठासी लाख पांच हजार रु.) की लागत आयेगी। पथ निर्माण विभाग की इस निधि से टाटा टिमकेन मेन रोड से बाबुडीह बस्ती, भुइयांडीह पार्क से मेन रोड (काली मंदिर), निर्मल नगर रोड तथा क्रॉस रोड, बाबुडीह मेन रोड से झरना घाट रोड एवं बिसानगर थाना मेन रोड में गणेश स्वीट्स होते हुए आइसक्रीम फैक्ट्री सिद्धु कान्हू मेन रोड से लिंक रोड, गणेश स्वीट्स से बिरसानगर, जोन नं. 8 हरि मंदिर, सारना पूजा स्थल और लिंक रोड काली मंदिर से जोन नं. 6 के तक के कलवर्ट सहित मुख्य पथ की मरम्मति एवं कतिपय अन्य सड़कों के निर्माण और मरम्मत भी शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व भी जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 12 किलोमीटर से अधिक लंबाई के विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए सात करोड़ से अधिक की राशि की स्वीकृति मिली थी। इस तरह कुल पथ निर्माण विभाग से लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 20 किलोमीटर से अधिक लंबाई के सड़क का निर्माण किया जाना है।

## नान्दुप क्लब तुरामडीह में स्वास्थ्य शिविर आज

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन युरेनियम कारपोरेशन के कमांड क्षेत्र तुरामडीह स्थित नान्दूप क्लब में आयोजित किया जायेगा, जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ साथ नेत्र जांच की व्यवस्था रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा की जायेगी, साथ ही जरूरत के अनुसार ग्रामीणों को दवा, चश्मा के साथ ही आंखों के ऑपरेशन योग्य मरीजों के लिए रेड क्रॉस के नेत्र शिविरों में ऑपरेशन की व्यवस्था की जायेगी।

# अर्का जैन यूनिवर्सिटी : स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट में बजट पर पैनल डिस्कशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की ओर से अंतरिम बजट 2024 पर एक ज्ञानवर्धक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। जैव प्रौद्योगिकी विभाग तथा अंग्रेजी विभाग की ओर से लैंगिक समानता पर एक वार्ता का आयोजन किया गया। दोनों ही कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए काफी लाभप्रद एवं ज्ञानवर्धक रहे। जैव प्रौद्योगिकी विभाग और अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लैंगिक समानता विषयक वार्ता युवा वाई और सीआईआई के सहयोग से सम्पन्न हुई। इसमें टाटा स्टील लिमिटेड कार्यक्रम और प्रशिक्षण केंद्र के खेल प्रमुख विभूति ढांड अडेसरा अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक समानता के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग लोगों के लिए बेहतर सहानुभूति की अवधारणा पर जोर दिया। अतिथि वक्ताओं द्वारा साझा की गई बातचीत और इंटरैक्टिव सत्र से छात्रों को ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्षडॉ संतोष कुमार सिंह एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष राजकुमारी घोष की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रूपा सरकार और डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया।

### जैव प्रौद्योगिकी व अंग्रेजी विभाग ने किया लैंगिक समानता पर वार्ता का आयोजन




दूसरी ओर अर्का जैन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट की ओर से अंतरिम बजट 2024 पर आयोजित पैनल डिस्कशन में अतिथि वक्ता सीए कौशलेंद्र दास और मृत्युंजय कुमार शामिल हुए। उन्होंने बजट के विभिन्न पहलुओं और प्रावधानों को रेखांकित करते हुए इसके निहितार्थों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की. पैनल डिस्कशन का उद्देश्य अंतरिम बजट 2024 के प्रमुख पहलुओं और कार्बन उत्सर्जन, स्टार्ट-अप, कराधान और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव पर प्रकाश डालना था. आकर्षक चचाओं और सूचित विश्लेषण के माध्यम से वक्ताओं ने बजटीय प्रावधानों की जटिलताओं पर प्रकाश डाला और इन क्षेत्रों में हितधारकों के लिए अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। वित्त और कराधान के प्रसिद्ध विशेषज्ञ सीए कौशलेंद्र दास ने कराधान नीतियों और वित्तीय नियोजन पर बजटीय उपायों के निहितार्थ पर अपनी विशेषज्ञता साझा की। प्रतिष्ठित उद्योग विश्लेषक मृत्युंजय कुमार ने कार्बन उत्सर्जन, स्टार्टअप और पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर बजट के संभावित प्रभाव के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसकी सभी ने सराहना की। डॉ पोम्पिल दास सेनगुप्ता के मार्गदर्शन और प्रो सुदेशना सरकार व प्रो बरुण झा के समन्वयन के तहत यह आयोजन छात्र-छात्राओं समेत सभी श्रोताओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं सफलत साबित हुआ।

## अध्यक्ष चुने गए अखिलेश यादव, महासचिव होंगे अखिलेश दूबे




नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का एजीएम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन का चुनाव भी कराया गया जिसमें अखिलेश सिंह यादव को अध्यक्ष चुना गया जबकि अखिलेश दुबे को महासचिव। उपाध्यक्ष के रूप में विनोद बोथरा रामप्रीत सिंह और संतोष शुक्ला को चुना गया। संयुक्त सचिव पद पर अरुण तिवारी, आरपी ओझा, वीके शुक्ला, कन्हैया ओझा, दलजीत सिंह चुने गए जबकि कोषाध्यक्ष पद पर सुनील पारीक चुने गए।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेत्री ने जाना मंडल अध्यक्ष का हाल



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा नेत्री मधुलता कुमारी ने मंगलवार को नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम से मिल उनका हाल-चाल जाना। बताते चलें कि रांची में अपेंडिक्स का ऑपरेशन कराने के बाद वे अपने आवास पर स्वस्थ लाभ ले रहे हैं। मधुलता उनके भालूही स्थित आवास पहुंची और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। मौके पर वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, श्रीकांत कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला कलस्टर से दो सीसी की विदाई



**पाटन पलामू।** सीरमां जीविका महिला संकुल संगठन क्लस्टर से दो सीसी धर्मेंद्र सिंह राजाराम पांडे को विदाई की गयी। सीएफ अध्यक्ष सब्या रानी एवं सभी दीदी लोग शारदा देवी, सीएफ अकाउंटेंट भवानी कुमारी, बीओए करुणा कुमारी, ए डब्लू कविता कुमारी, ज्ञानमती देवी, बबीता कुमारी, जी सीआरपी नीलम देवी, सावित्री देवी, ए डब्लू नवनीत देवी,एपी सीआरपी रिंकू देवी, एफ एल सीआरपी एवं सैकड़ों दीदी लोग ने मिलकर विदाई की।

### ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की प्रतिभा निखारने की जरूरत : सत्यप्रकाश



**पाटन पलामू।** प्रखंड के पाल्हेकला में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शहीद रणबीर सिंह क्रिकेट टीम व बंगला टाइगर क्रिकेट टीम के साथ खेला गया। जिसमें शहीद रणबीर सिंह क्रिकेट टीम छह विकेट से जीती। मैन ऑफ द सीरीज धावा कुमार को मिला। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश सिंह ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ 21 हजार रुपये नगद व उप विजेता टीम को ट्राफी के साथ 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया। कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन में रहना व संघर्ष करना सिखाता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इसे निखारने की जरूरत है। मौके पर सागर सिंह, रिशु सिंह, प्रभात सिंह, अनिल सिंह, रविशंकर सिंह, चंदु सिंह, रंजन सिंह, बैकुंठ सिंह, रणधीर सिंह, शक्ति सिंह मौजूद थे।

### आवाज उठी है तो विधानसभा से लेकर लोकसभा तक गूंजेगी : ब्रह्मदेव प्रसाद



**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच ने उनके हक उनके अधिकार उनकी लड़ाई को लेकर पलामू प्रमंडल में प्रमंडलीय महासम्मेलन 11 फरवरी को 11 बजे से शिवाजी मैदान मेदिनीनगर में रखा है जिसे लेकर के पिछड़ा वर्ग अब धीरे-धीरे अपने हक और अधिकार के बारे में जानने को उत्सुक भी है। मंडल संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी डी प्रसाद ने कहा कि हमारी मुहिम एक घर से शुरू होकर अब देश स्तरीय हो गया है। मंच की आवाज विधानसभा से लेकर लोकसभा तक गूंजेगी। झारखंड दौरे पर राहुल गांधी ने भी माना है ओबीसी आरक्षण महत्वपूर्ण है।

### जनता के संकल्प के आगे हम नतमस्तक जरूर लड़ेंगे विस चुनाव : अमृत शुक्ला



**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस पार्टी का विश्रामपुर विस स्तरीय कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम मंगलवार को ग्रासिम मोड़ स्थित महेंद्र शुक्ला स्मृति कॉम्पलेक्स में हुआ। जिसमें विश्रामपुर, पांडू, नावाबाजार और उंटारी रोड प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो नंदलाल शुक्ला व संचालन युवा समाजसेवी फिरोज खान ने किया। मुख्य अतिथि वरीय कांग्रेसी नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर के पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव थे। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने श्री शुक्ला को विस चुनाव लड़ने का आग्रह किया। रायशुमारी के बाद उन्होंने विश्रामपुर विस क्षेत्र से चुनाव लड़ने की घोषणा की। भवनाथपुर के पूर्व विधायक राजा राजेंद्र प्रताप देव ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है। मौके पर सुधीर कुमार, प्रो फरीद खान, विजय कांत चौबे, सुनील सिंह, यमुना शुक्ला, वीरेंद्र चौबे उर्फ गामा चौबे, अशोक सिंह, मनोज चंद्रवंशी, ओम कारण तिवारी, अजब नारायण शुक्ला, विजय तिवारी, जैनुल खान, सीताराम चौबे मौजूद थे।

### लवली गुप्ता ने किया दीवार लेखन




**मेदिनीनगर।** भाजपा के राष्ट्रीय आह्वान पर देश-प्रदेश एवं जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन एवं भाजपा का चुनाव चिह्न कमल फूल का दीवार लेखन का कार्य 15 जनवरी से शुरू किया गया है। इसी कड़ी में भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने पांकी विधानसभा के तरहसी, मनातू बंसी आदि कई गांवों में जाकर दीवार लेखन किया। उन्होंने कहा कि दीवार लेखन अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है। लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर दीवार लेखन अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। बीते 10 वर्षों में पीएम मोदी के नेतृत्व में बहुत से ऐतिहासिक कार्य हुए हैं केंद्र सरकार की योजनाओं से नागरिकों के मन में एक नया विश्वास पैदा हुआ है। देश प्रदेश में वैश्विक स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य हुए हैं।

# अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी के तहत सोन नदी पर पुल निर्माण जरूरी है : बीडी राम

■ सांसद ने लोकसभा में उठाये झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर पुल निर्माण का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पुल निर्माण कराने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार के बीच बहने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी के तहत पुल निर्माण



उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आयेगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है। यहां के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़ेगी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

# अबुआ आवास योजना के आवेदनों का युद्ध स्तर पर सत्यापन करें : उपायुक्त

■ अबुआ आवास को लेकर डीसी ने सभी बीडीओ व ब्लॉक को-ऑर्डिनेटरों संग बैठक की

■ योग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ देना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के सभी बीडीओ व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर संग बैठक कर अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन तथा जियोटैगिंग का बिंदुवार समीक्षा कर सभी बीडीओ को योग्य लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इस कार्य को तेज गति से निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने योजना के तहत आये सभी आवेदनों का युद्ध स्तर पर वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजना के तहत लाभ प्रदान करने हेतु विभिन्न आवेदनों में आये त्रुटि या तकनीकी समस्याओं को आपसी तालमेल स्थापित करते हुए निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लाभुकों के चयन के दौरान विभागीय दिशा निर्देशों का हर हाल में अनुपालन हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

### चार बीडीओ को शोकॉज,कई प्रखंड समन्वय का कटा वेतन



अबुआ आवास प्रगति समीक्षा के दौरान आवेदनों के वेरिफिकेशन में धीमी गति को लेकर उपायुक्त श्री रंजन ने पाटन, लेस्लीगंज, सदर व छतरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को शोकॉज किया। इसी तरह अबुआ आवास में संतोषप्रद कार्य नहीं करने को लेकर पांकी, हरिहरगंज, पाटन, लेस्लीगंज, सदर व छतरपुर के आवास को-ऑर्डिनेटर का 15 दिनों का वेतन स्थगित किया गया। उपायुक्त ने जिला को-ऑर्डिनेटरों को ब्लॉक को-ऑर्डिनेटरों के साथ बेहतर तालमेल के साथ सभी योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिले के सभी बीडीओ व आवास के को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

### विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय का एक और नया कारनामा

# 500 वेतन बढ़ाने को सेविकाओं से पर्यवेक्षिका वसूल रहीं ₹1000

■ गत जुलाई में ही मिलनी थी बढ़ोतरी की राशि, भ्रष्टाचार बना बाधक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय का एक और नया कारनामा सामने आया है। इस बार परियोजना कार्यालय में कार्यरत प्रवेक्षिकाओं द्वारा मानदेय वृद्धि के नाम पर सेविकाओं और सहायिकाओं से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि पांच सौ रुपए मानदेय वृद्धि के लिए सेविकाओं से एक हजार और 250 रुपये मानदेय वृद्धि हेतु सहायिकाओं से पांच सौ रुपया वसूला जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं की माने तो यह वसूली बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत पर्वेक्षिका द्वारा किया जा रहा है। कई सेविकाओं ने तो पर्वेक्षिका निशी किरण पर कई और भी गंभीर आरोप लगाया है। सेविकाओं ने कहा कि जल्द ही इस मामले को लेकर पलामू उपयुक्त से मिलकर न्याय की गुहार लगायेंगी।



**क्या है मामला :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 2239 दिनांक 30 सितंबर 2023 में स्पष्ट उल्लेख है कि संतोषप्रद सेवा के सत्यापन की स्थिति में आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष पांच सौ और सहायिकाओं के मानदेय में प्रतिवर्ष 250 रुपये की वृद्धि अनुमान्य होगी। यह वृद्धि प्रतिवर्ष जुलाई में होगी। इसके लिए सत्यापन जरूरी है। विभागीय अनुदेश के आलोक में सेविका-सहायिका के मानदेय वृद्धि हेतु सत्यापन कमेटी में मुखिया, पर्यवेक्षिका व संबंधित पोषक क्षेत्र के निकटवर्ती प्राथमिक या मध्य विद्यालय के प्राचार्य सदस्य होते हैं।

**जांचोपरांत होगी कार्रवाई : प्रभारी सीडीपीओ-** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना के प्रभारी सीडीपीओ विक्रम आनंद ने कहा कि आरोपों की जांच कराई जायेगी। जांचोपरांत आरोप सही पाया गया तो दोषी पर कार्रवाई की जायेगी।

**आरोप निराधार, जल्द भुगतान : पर्यवेक्षिका**

विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यरत पर्यवेक्षिका निशी किरण ने सभी आरोपों को निराधार बताया। कहा कि सेविका सहायिका के आरोप सही नहीं हैं। कोई वसूली नहीं हो रही है। बढ़ी राशि जल्द एरियर के रुप में भुगतान किया जायेगा। अभी सत्यापन का कार्य कराया जा रहा है।

# भक्ति भाव के साथ महावीर मंदिर की मनी प्रथम वर्षगांठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज संकट मोचन महावीर मंदिर का प्रथम वर्षगांठ मंगलवार को पूजा अर्चना, नगर भ्रमण और भंडारे के साथ मनाया गया। इसके पूर्व सोमवार को रांची और वाराणसी से आए टीम द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिससे मुख्यालय तीन दिनों से भक्ति में बना रहा। मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद मूर्ति के साथ नगर भ्रमण में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। तथा नगर भ्रमण के दौरान सभी श्रद्धालु भक्तिमय गानों पर झूमते नाचते रहे। झारखंड सशस्त्र पुलिस 8 मंदिर, राम जानकी मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर होते हुए नगर भ्रमण विभिन्न मंदिरों के उपरांत महावीर मंदिर पहुंचा। महावीर मंदिर के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने बताया सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर को आकर्षक बनाया। इसके लिए वह समिति की ओर से आभार प्रकट करते हैं कार्यक्रम में मौके पर सचिव तारकेश्वर पासवान, संजय सोनी, संतोष मिश्रा, ओमप्रकाश गिरी, उमेश लाल, धर्मेंद्र सोनी, पवन सोनी, सुदर्शन सोनी, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, अमित सिंह, राजीव कुमार, सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी, मुनेंद्र नाथ दुबे, संदीप सोन्डिक, धर्मेंद्र सोनी, सुमित गुप्ता आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान अतिथि और प्रस्तुति देते कलाकार (इनसेट)।

# ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में एनसीटीई द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत ग्रुप डिस्कशन कार्यक्रम किया गया। मौके पर विद्यार्थियों को टेट के लिए तैयार करने के कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम में बीएड 2023-25 की छात्राओं ने भाग लिये। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में समावेशी विकास पर चर्चा हुई। बताया गया कि समावेशी विकास से प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार व वसुधैव कुटुंबकम अर्थात सारी पृथ्वी एक परिवार है। समावेशी विकास का प्रमुख तत्व बेरोजगारी, गरीबी, पर्यावरण समस्या आदि पर भी चर्चा हुई। अंत में सभी व्याख्याताओं ने समावेशी विकास के महत्व को बताया। मौके पर व्याख्याता अविनाश कुमार सिन्हा, सुजित कुमार, वीणा तिवारीी, माया त्रिपाठी, अंजना दूबे, रेखा सिंह समेत सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कौआखोह के समीप एनएच 139 पर सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में हरिहरगंज शहर के अम्बा मुहल्ला के जीतन प्रजापति के पुत्र उदित (45) की मौत हो गयी। पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार ने बताया कि एनएच पर तेज गति से आ रही स्कार्पियो (जेएच 03 ए एच 7873) की चपेट में आने से मौत हुई है। वाहन को थाना लाया गया। वहीं शव का पंचनामा बनाकर अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पोस्टमार्टम के लिए मंगलवार को भेज दिया गया। उधर, शव पोस्टमार्टम से घर लौटने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रेनू देवी के अविवाहित दो पुत्र बिजय, अजय और दो पुत्री हैं। मृतक के बड़े पुत्र विजय ने बटाने नदी श्मशान घाट पर मुखाग्नि दी। घटना की सूचना पर क्षेत्र के कई समाजसेवी दाह संस्कार में शामिल हुए और शोक संवेदना व्यक्त की। जिसमें डीलर शिव भुइयां, कमलेश यादव, सत्येंद्र यादव, सुरेंद्र प्रजापति, आनन्द यदुवंशी, उपेंद्र साव, गेंदालाल यादव, चंद्रदेव यादव, मंजीत मांझी, मुखतार यादव, विवेक कुमार, राजन प्रताप, मदन पाल, उदय यादव, लखन यादव शामिल रहे।

### सिगसिगी गढ़टोला देवी धाम में हरिकथा आठ से



**विश्रामपुर/ उंटारी रोड, पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत में सिगसिगी गढ़टोला देवी धाम में आठ से 10 फरवरी तक 12 से शाम 5 बजे तक आचार्य विष्णुचित जी महाराज सुप्रवचन (श्री हरि कथा) करेंगे। सभी धर्म प्रेमियों से इसका आनंद लेने की अपील की गयी है। प्रवचन संचालन में कुशवाहा, अनुज चौधरी, राजा बाबू, नरेश सिंह, राहुल गुप्ता, संतोष गुप्ता, अवधेश गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्याम नारायण सोनी, संजय मेहता, पृथ्वी साह, सत्यनारायण चंद्रवंशी, सुनिल तिवारी, बबलू साह, विक्रांत कुमार व ग्रामीण मौजूद होंगे।

### बूढ़ीवीर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 19 को



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ीवीर पंचायत में नव निर्माण मंदिर में मूर्ति स्थापित करने को भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, हनुमान, शंकर, पार्वती, गणेश, कार्तिक, दुर्गा माता की मूर्ति मंगायी गयी है। जिसे प्रमुख गायत्री देवी के नेतृत्व में गाजे-बाजे के साथ शहर सदीक मंजिल चौक से बूढ़ीवीर मंदिर तक भगवान राम का जयकारा लगाते हुए लाया गया। 19 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा और भगवान का मूर्ति स्थापित किया जायेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, मुखिया अरविंद तिवारी, समाजसेवी ध्रुप कुमार गुप्ता साहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# भक्ति रस में डूबा क्षेत्र

■ दीवान बीघा में मां भगवती मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल मुख्यालय से सटे दीवान बीघा गांव में मां भगवती मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्रामीणों के सहयोग से भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम किया गया। मंदिर परिसर में बाहर से आये विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान दीवान बीघा के शैलेश सिंह पत्नी नीलू सिंह, सुरेंद्र सिंह, एनसीपी नेता बिमलेश सिंह, अवध बिहारी सिंह, प्रद्युम्न सिंह, वीरेंद्र सिंह, विकास सिंह, नीरज सिंह, नीतिश सिंह सहित कई लोग उपस्थित होकर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संपन्न कराया। कहा कि दीवान बीघा मां भगवती मंदिर का निर्माण कर मां भगवती का प्राण प्रतिष्ठा जनवरी 2023 में लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था।



### ठगबंधन सरकार का सफाया जल्दः संजय

**पाटन पलामू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानना चाहते हैं, कि अगर हेमंत सोरेन डरने वाले नही थे तो फिर ऐसी कौन सी परिस्थिति आ गयी थी, कि राज्य के एक मुख्यमंत्री को रात में चोर की तरह चोरी छिपे झारखण्ड राज्य से बाहर भागना पड़ा। श्री सिंह ने कहा कि अगर हेमंत सोरेन निष्पक्ष ही थे तो लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखते इडी वाले के सवाल पूछने से क्यू भागे भागे फिर रहे थे। कानून से ऊपर कोई भी नहीं है।

### सेवा सत्संग और साधना की त्रिवेणी है विहंगम योग : संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छतरपुर पलामू।** ब्रह्मविद्या विहंगम योग संस्थान शाखा छत्तरपुर ने सरईडीह रोड, छत्तरपुर स्थित सत्यनारायण सिंह भवन में प्रार्थना सभा की। 17 घंटे चले अखंड स्वर्वेद पाठ के समापन के बाद विश्व शांति वैदिक एकल कुंडीय हवन यज्ञ स्वर्वेद महामंदिर धाम काशी वाराणसी से आये यज्ञ पुरोहित संजीव पाठक एवं प्रदीप कुमार शास्त्री ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ संपन्न कराया। कार्यक्रम के आयोजक मुख्य यजमान राजेश भारद्वाज एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी सहित सैकड़ो भक्तों ने विश्व शांति की कामना हेतु हवन यज्ञ में आहुति दी। स्वर्वेद वितरण एवं वृक्ष वितरण सह निशुल्क चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची झारखंड के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह ने सदगुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

### चुनाव संचालन समिति सदस्य बनने पर बिमला को बधाई



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी को एआईसीसी द्वारा झारखंड प्रदेश चुनाव संचालन समिति का सदस्य बनाने पर झारखंड प्रदेश सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी लक्ष्मी नारायण तिवारी ने बधाई दी है। श्री तिवारी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, बेनुगोपाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने चुनाव समिति में दलित महिला की पलामू में भागीदारी देकर दूरदर्शिता का परिचय दिया है।

### प्रधानमंत्री को रैयतों की समस्या बतायी



**सतबरवा।** उदयपुरा से भोगु लहलहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन निर्माण को लेकर भूमि रैयतों में काफी रोष है। रैयतों को भूमि का वर्तमान मूल्य नहीं मिल रहा। समाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने ट्विटर से पीएम मोदी को रैयतों की समस्याओं से अवगत कराया है। श्री सिन्हा ने ट्विटर पर लिखा है कि उदयपुरा से लहलहे तक बन रहे फोरलेन में सैकड़ों एकड़ भूमि सरकार ने स्थानीय रैयतों का अधिगृहीत किया है और उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है।

# मील का पत्थर साबित होगा इंडियन रोटी बैंक का 8वां स्थापना दिवस : सोनू नामधारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक का सपना भूखा न सोये कोई अपना श्लोगन के साथ सासाराम में इंडियन रोटी बैंक का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। इंडियन रोटी बैंक की पहल जिला हरदोई उत्तर प्रदेश से की गयी थी 6 फरवरी 2016 में विक्रम पांडेय ने शुरू किया था और आज पूरे भारत में इंडियन रोटी बैंक 125 जिला और 15 राज्य में जरूरतमंदों की सेवा के लिए उपलब्ध है। इसके संरक्षक और नेशनल कोर कमेटी के सदस्य सोनू नामधारी अपने पुत्र प्रदेश को-ऑर्डिनेटर जी नामधारी संग पहुंच सासाराम में स्थापना दिवस मनाया।






दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि और उन्हें सम्मानित करते लोग।

सासाराम में कम्पेटिटिव बैंक के चेयरमैन, सासाराम जिला रहतोस के एसडीओ, बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर शहर के इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक्स मीडिया कर्मी साथ बिहार स्टेट कॉर्डिनेटर सुमित मिश्रा, मीडिया प्रभारी शुभम पांडेय और अन्य राज्य पदाधिकारी समेत पूरे टीम के लोग शामिल थे। सोनू नामधारी ने बताया कि इंडियन रोटी बैंक ने 8 सालों के सफल संघर्ष के बाद नई ऊर्जा और समर्थन के साथ 9वें साल में प्रवेश किया है। इस समय में संगठन ने समाज के लिए नई पहचान बनाने के लिए नई योजनाएं और कार्यक्रमों की शुरुआत की है। साथ ही प्रदेश कॉर्डिनेटर साहेब जी नामधारी ने अपील कर अनुरोध किया जो भी व्यक्ति इंडियन रोटी बैंक साथ जुड़ समाज की सेवा करना चाहता है। इंडियन रोटी बैंक परिवार उन सबको सादर आमंत्रित करता हैं। कृपया हमारे साथ जुड़ें और सामाजिक परिवर्तन के लिए अपना योगदान दें। हम आपके संग काम करने की उम्मीद करते हैं। मौके पर जिला को-ऑर्डिनेटर सौरभ पांडेय, सुधीर सिंह, संतोष यादव के साथ पहुंच कर स्थापना दिवस मनाया।

# गढ़वा जिला के दो गुमशुदा बच्चों को हुसैनाबाद पुलिस ने परिजनों को सौंपा

■ हुसैनाबाद महिला थाना के प्रयास से दोनों गुमशुदा बच्चे हुए बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** गढ़वा जिला के मेराल थाना अन्तर्गत ग्राम अकलवानी टोला सेमरदोहरी के सत्यनारायण भुइयां के 12 वर्षीय पुत्र करण कुमार व उसके दोस्त 14 वर्षीय मन्नू कुमार दिनांक 29 जनवरी 2024 से घर से गुमशुदा हो गए थे। जिसके बाद परिजनों ने मेराल थाना गढ़वा पुलिस को गुमसुदगी का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज व एस आई चंद्रदीप सिंह के अथक प्रयास से बरामद किया गया। इस संबंध में महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज ने बताया कि हुसैनाबाद शहर में एक सब्जी बेचने वाली महिला सयमुनी देवी दिवार बिगहा द्वारा दोनों बच्चे को अपने पास रख कर खाना खिलाया गया था। महिला ने ही दोनों बच्चों को थाना पहुंचाया था। जिसके बाद पुलिस अनुसंधान में पाया गया कि इनके परिजनों ने गढ़वा पुलिस में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया हैं जिसके बाद उक्त थाना से सत्यापित हेतु संपर्क किया जिसके बाद मेराल में पदस्थापित प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थाना प्रभारी चिरंजीव मंडल के माध्यम से दोनों बच्चों को परिजनों के पास सौंपा गया। महिला पुलिस के द्वारा परिजनों को बच्चा सौंपने के बाद परिवार वालों के चहरे खिल उठा। घर वालों का कहना है कि उनका दोस्त मन्नू पिता परिखा भुइयां के साथ कहीं बच्चा निकला है।



बरामद बच्चों के संबंध में जानकारी देती महिला पुलिस व डीएसपी।

स्पीड न्यूज

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी भाजपा ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर से उनके निवास स्थान बलियापुर में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष समीर साव के नेतृत्व में प्रखंड से भाजपा के नेता वह कार्यकर्ताओं ने श्री राम दरबार की फोटो भेट किए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता भाजपा नेता ओबेसी मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष महादेव कुमार, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय दास,भाजपा नेता शंकर चंद्र दा, युवा मोर्चा के भीमलाल भंडारी, वीरेंद्र भंडारी,सत्यदेव हेंम्ब्रम,अजीत कुमार, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मिले।

## चिरकुंडा में करनी सेना की बैठक

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के नेहरू रोड में मंगलवार को करनी सेना की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सेना के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह उपस्थित थे।अमन सिंह ने कहा की करनी सेना राष्ट्रीय हित की लडाई लड़ता है सामाजिक न्याय की लडाई हर वर्ग के लिए लड़ना ही करनी सेना का उद्देश्य है। प्रदेश द्वारा सुनीता सिंह को करनी सेना का जिला अध्यक्ष (महिला शक्ति) बनाए जाने पर फूलमाला व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।सुनीता सिंह जी ने बैठक मे कहा कि जल्द ही करनी सेना का जिला कार्यकारी समिति और जिला के प्रत्येक प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष की घोषणा करूंगी उसके बाद करनी सेना का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन चिरकुण्डा नगर में ही करूंगी। अन्याय के खिलाफ पूरे समाज के साथ मैं खडी रहूंगी। मौके पर राजेश कुमार मिश्रा उर्फ बिट्टू मिश्रा, संतोष साव, दीपक सिंह,रोहित शर्मा, फरहान खान, निकु खान,पूजा गुप्ता, मदन कुमार, दीपक राय आदि थे।

## हिस्ट्री शीटर की सूची तैयार : एसडीपीओ

**कुमारधुबी।** निरसा एवमं चिरकुंडा अंचल की सभी थाना एवमं ओपी प्रभारियों की एक समीक्षात्मक बैठक एसडीपीओ रजत मनिक बाखला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनो अंचल की पुलिस के साथ समीक्षा की गई साथ ही लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई।वही मीडिया को जानकारी देते हुए नए एसडीपीओ रजत मनिक बाखला ने बताया कि चूकी वो नया पदभार ग्रहण किए है और क्षेत्र के बारे में बहत कुछ जानना बाकी है इसको लेकर एक समीक्षात्मक बैठक रखा गया है, साथ ही क्राइम पर किस तरह से कंट्रोल किया जाए उसको लेकर चर्चा किया गया । श्री बाखला ने बताया की सभी प्रभारियों को जल्द वैसे असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि ऐसे लोगो पर नकेल कसा जा सके । वही उन्होंने बताया की सभी थाना एवमं ओपी प्रभारियों को लंबित मामले को जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। किसी कीमत पर क्राइम पर कंट्रोल करना है ये पहली प्राथमिकता रहेगी और जनता और पुलिस के बीच सामंजस बनाए रखने के दिशा में काम करने की हिदायत दी।

## महात्मा हंसराज की पुण्यतिथि पर हवण और प्रार्थना सभा

**धनबाद।** डी ए वि कोयला नगर के यज्ञ शाला में महात्मा हंसराज के पुण्यतिथि के अवसर पर एक सामूहिक हवन एवं प्रार्थना सभा की आयोजन की गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य सह डी ए वि स्कूल झारखंड जोन सी के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एन. एन. श्रीवास्तव ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर के फोटो पर माल्यार्पण किया तथा उसके पश्चात सामूहिक हवन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन दिनांक 6 फरवरी को समस्त डी ए वि स्कूलों में नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि मनाई जाती है।

# किसानों को मिली ग्रेडिंग पैकेजिंग की जानकारी

**जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला परिषद मैदान में कृषि विभाग द्वारा आज जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय कृषि मेला प्रदर्शनी सह गोष्ठी कृषि से संबंधित जानकारी का आदान-प्रदान करने का एक बेहतरीन प्लेटफार्म है। किसानों को यहां नई तकनीक, सरकार की विभिन्न योजनाएं, कम समय में अधिक उत्पादन करना, कृषि लोन, केवाईसी, कृषि को अच्छा व्यवसाय बनाना सहित अन्य जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की उच्च प्राथमिकता में कृषि है। इसलिए सरकार ने हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए हैं। जहां किसान विभिन्न प्रकार की सहायता व जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मिट्टी की जांच करने की भी सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने किसानों से फ्लोरीकल्चर की ओर ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी प्रखंड से बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। किसानों को उनके उत्पाद की सोटिंग, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, अच्छे मूल्य पर बेचने इत्यादि की जानकारी दी गई। साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, कृषि विभागकी विभिन्न योजनाओं, सामुहिक खेती, श्री अन्न से बनने वाले विविध उत्पाद के संबंध में जानकारी दी गई। प्रदर्शनी में भूमि संरक्षण, जोहर एग्री मार्ट, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे। सभी स्लॉट में अलग-अलग प्रकार के उत्पादन का प्रदर्शन किया गया था।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा देवी, विधायक सिंदरी की धर्मपत्नी तारा देवी, जिला कृषि पदाधिकारी श शिव कुमार राम, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयुक्त कृषि निदेशक संतोष कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, एलडीएम अमित कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी मधुकर शुक्ला, पशुपालन पदाधिकारी डॉ आलोक सिन्हा, डीडीएमए के संजय कुमार झा, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक निर्मल पांडेय, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी कंचन, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रक्षेत्र श्वेता, कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी डॉ अभिषेक, जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक शुभम प्रिया, जिला कृषि अभियंता सुशांत कुमार, किसान विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे।

# धनबाद बाल सुधार गृह में अग्नि वीर की ट्रेनिंग शुरू

**सेवा में भर्ती के लिए शुरू की गई ट्रेनिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बरमसिया स्थित बाल सुधार गृह के बालबंदियों को अग्निपथ योजना के तहत सेवा में भर्ती के लिए ट्रेनिंग शुरू की गई है। मामले को लेकर बाल सुधार गृह के नोडल आफिसर कर्नल जेके सिंह बताते हैं की अग्नि वीर योजना सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है इसकी घोषणा 16 जून 2022 को की गई थी। कर्नल जेके सिंह ने बताया कि बाल सुधार गृह में बच्चों को यहां फिजिकल ट्रेनिंग देनी तुरंत प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अग्नि वीर में भर्ती की 6 अलग-अलग कैटेगरी है। पहले कैटेगरी में जनरल ड्यूटी जिसमें मैट्रिक पास और न्यूनतम मार्क्स 45% अग्नि वीर टेक्निकल के लिए इंटर पास और आईटीआई सर्टिफिकेट अग्नि वीर क्लर्क 60 फीसदी मार्क्स अग्नि वीर स्टोर कीपर और अग्नि वीर ट्रेन जिसमें योग्यता आठ पास जरूर ही किया गया है। उन्होंने बताया की बच्चों से बदले में गुरु दक्षिणा देनी होगी गुरु दक्षिणा के रूप में उन्हें सामाजिक कार्य करने होंगे जिनमें पांच पेड़ लगाना, बुजुर्गों अपने माता-पिता का सम्मान, बाइक चलाते समय हेलमेट का उपयोग ऐसे चार से पांच छोटे-छोटे कार्य उन्हें करने अनिवार्य है।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कॉंके रोड, रॉंची–834031, झारखंड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

# थाना प्रभारी अपराध पर लगायें अंकुश : भूपेंद्र

**अपराध गोष्ठी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी एसडीपीओ कार्यालय में नवपदस्थापित एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र राउत ने मंगलवार को आयोजित क्राइम मिटिंग में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने की हिदायत सभी अनुमंडलीय क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को दी। उन्होंने जनता और पुलिस के सहयोग को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि थाना या ओपी प्रभारी फरियादियों की समस्याओं पर न्यायोचित कार्रवाई करें। आगामी सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक कर पूजा स्थलों और विसर्जन मार्ग की जानकारी सत्यापित करें। डीजे पर अश्लील व भड़काऊ गाना बजाने पर रोक लगाएँ। लंबित वारंट, कुर्की और कांडों का निष्पादन के साथ फरार अभियुक्तों के विरुद्ध सघन छापेमारी करें। अवैध कोयला, बालू, शराब और जुआ कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर लगाम लगाएं। परिक्षा सेंटरों पर निगरानी करने का आदेश दिया गया। सघन गश्ती तथा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश सभी प्रभारियों को दिया गया। अपराध गोष्ठी में जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर सुभाष सिंह, जोरापोखर थाना प्रभारी सह निरीक्षक बिनोद उराँव, झरिया थाना प्रभारी कमलनाथ मुण्डा, तिसरा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा, सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा, पाथरडीह थाना प्रभारी वशिष्ठ नारायण सिंह, बलियापुर थाना प्रभारी सूबेदार यादव, सिंदरी थाना प्रभार प्रभारी आदर्श कुमार, घनुवाडीह ओपी प्रभारी मुकेश कुमार, बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी मनिष कुमार, भौंरा ओपी प्रभारी कंचन कुमारी, अलकडीहा ओपी प्रभारी आशीष कुमार यादव, लोदना ओपी प्रभारी राजनाथ भगत, गौशाला ओपी प्रभार प्रभारी प्रदीप कच्छप शामिल थे।

### किडनी रोगी को डीसी ने दी आर्थिक मदद

**दुमका।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को जनता दरबार में आये लोगों से मुलाकात कर उनके समस्या से संबंधित आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया है। इसी क्रम में घाट रासिकपुरए दुमका प्रखंड की रहने वाली परबीन बीबी ने डीसी से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। उनके पति वर्ष 2017 से बीमार रहते हैं। वर्तमान में हेल्थ सिटी दुमका में पति इलाजरत हैं।

### कतरास में जलापूर्ति 6 दिन से बंद होने से ग्रामीण में हाहाकार

**कतरास।** धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या तीन में पिछले 6 दिनों से कतरास जलापूर्ति योजना का पानी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। मंगलवार को ग्रामीण एकता मंच के लोग मो फैयाज के नेतृत्व में कतरास आंचल नगर निगम टैक्स दारोगा सुनील कर्मकार से मिलकर पानी की समस्या से जल्द निजात देने के लिए गुहार लगायी।

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

–: आवश्यक सूचना :–

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के संकल्प संख्या –10–AAY-47/2023 ग्रा०वि०/4545, दिनांक–20.10.2023 तथा अबुआ आवास योजना मार्गदर्शिका संख्या–10–AAY-47/2023 ग्रा०वि०/4545(A), दिनांक–20.10.2023 के आलोक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत ग्राम सभा से पारित योग्य एवं अयोग्य लाभुकों की सूची सभी प्रखण्ड मुख्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध कोई दावा अथवा आपत्ति दर्ज करना हो तो वे दिनांक–06.02.2024 से दिनांक–09.02.2024 तक अपना दावा/आपत्ति संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे अपराहन् तक लिखित आवेदन जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,रामगढ़

PR 318037 District(23-24).D

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

–: आवश्यक सूचना :–

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के संकल्प संख्या –10–AAY-47/2023 ग्रा०वि०/4545, दिनांक–20.10.2023 तथा अबुआ आवास योजना मार्गदर्शिका संख्या–10–AAY-47/2023 ग्रा०वि०/4545(A), दिनांक–20.10.2023 के आलोक में अबुआ आवास योजना अंतर्गत ग्राम सभा से पारित योग्य एवं अयोग्य लाभुकों की सूची सभी प्रखण्ड मुख्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

ग्राम सभा से पारित सूची के विरूद्ध कोई दावा अथवा आपत्ति दर्ज करना हो तो वे दिनांक–06.02.2024 से दिनांक–09.02.2024 तक अपना दावा/आपत्ति संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे अपराहन् तक लिखित आवेदन जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

ह०/–
उप विकास आयुक्त,रामगढ़

PR 318037 District(23-24).D

# चिरकुंडा फिल्टर प्लांट के कर्मियों को तीन से नहीं मिला वेतन

**हड़ताल पर गये कर्मचारी, 50 हजार लोग प्रभावित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा शहरी जलापूर्ति योजना के मैथन स्थित फिल्टर प्लांट में कर्मी का तीन माह से बकाया मानदेय भुगतान कंपनी द्वारा नही किए जाने के कारन मंगलवार से कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं जिस कारन चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के 50 हजार लोगों को जलापूर्ति नहीं होने से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। पेय जलापूर्ति नहीं होने का मुख्य कारण मां अम्बे केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ढुलमुल रवैया सामने आ रही है। वहीं कंपनी द्वारा पानी सप्लाई किये जा रहे कर्मियों की मानदेय नहीं दिए जाने के कारन यह स्थिति उत्पन्न हुई है।शहरी जलापूर्ति योजना को सुचारू रूप से चलाने को लेकर कंपनी को यह जिम्मेवारी नगर परिषद के द्वारा दी गई है।बीच-बीच में तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर कंपनी की जिम्मेदारी थी की पूरी तरह से ठीक की जाए पर कंपनी जो को चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत शहरी जलापूर्ति योजना के कार्य मिलते ही देखरेख व मेंटनेंस की व्यवस्था को ठप कर दी कंपनी को फ्लो मीटर लगाना था जिसके अनुसार नगर परिषद कंपनी को बिल का भुगतान करेगी पर कंपनी द्वारा अभी तक फ्लो मीटर नही लगाया गया है। कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट फरवरी माह में खत्म होने की के कगार पर है और 2 साल में कंपनी द्वारा अब तक फ्लो मीटर भी नहीं लगाया गया वहीं जगह-जगह शहरी जलापूर्ति योजनाएं की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई है जिसको बदलना था वह भी कार्य कंपनी द्वारा नहीं किया गया साथ ही कंपनी द्वारा फ्लो मीटर नही लगाए जाने के कारन नगर परिषद द्वारा कंपनी के बिल का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है जिस कारन कंपनी द्वारा कर्मियो को मानदेय भी नही दी जा रही है जिसको लेकर कर्मी हड़ताल पर चले गए हैं और शहरी पर जलापूर्ति योजना ठप हो गई है कंपनी के विरूद्ध नगर परिषद द्वारा कई बार नोटिस भी जारी की गई और शोकाउज भी किया गया पर कंपनी को इसकी कोई परवाह ही नहीं है और ना ही कर्मियों को मानदेय दे रही है और ना ही कॉन्ट्रैक्ट में निर्धारण नियमावली को मान रही है।

### मां अंबे केमिकल एजेन्सी के कर्मी हड़ताल पर

इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने कहा कि मां अंबे केमिकल एजेन्सी के कर्मी हड़ताल पर हैं एजेन्सी के प्रतिनिधी से वार्ता हो रही है कर्मियों का मानदेय भुगतान कर दिया जाएगा बुधवार से जलापूर्ति सुचारू रूप से होने की संभावना है।

# मारपीट व तोड़फोड़ मामले में आठ दोषी करार, मिली सजा

**दुमका।** मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में न्यायालय ने आठ लोगो को दोषी करार देते हुए मंगलवार को सजा एवं जुमार्ना किया। सजा प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने चार साल पहले मारपीट व घर में तोड़फोड़ करने वाले सुनाया। न्यायालय ने जिले के रामगढ़ प्रखंड के महुबना गांव के आठ लोगों को दोषी करार देते हुए एक साल और एक हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर सभी को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसकी जानकारी एपीपी खुशबूददीन अली ने देते हुए बताया कि महुबना के सचिन मांझी का खैरबनी मौजा में सड़क किनारे होटल है। बीते 11 मई 2020 को आंधी तूफान की वजह से होटल की छावनी उजड़ गई। दोपहर को छावनी के लिए मजदूर लगाकर पीलर करा रहा था। घर के अन्य सदस्य भी वहां पर मौजूद थे। तभी गांव का ओमप्रकाश मांझीए लक्ष्मीकांत मांझीए पांडव मांझीए नंदलाल मांझीएजितेन मांझीए श्रवण मांझीए अंकित मांझी व मिथुन मांझी ट्रैक्टर से लाठी डंडा आदि लेकर आए और पीलर को गिरा दिया। मना करने पर मारपीट की। जिसमें उसके अलावा पिता व चाचा घायल हो गए। होटल को क्षतिग्रस्त कर दिया। चैन आदि छीन ली और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। मामले में चार गवाह के बयान पर अदालत ने सभी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# नाबालिग से शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप

**थाना में की शिकायत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रानेश्वर।** दुमका जिले के रानेश्वर प्रखंड क्षेत्र के एक नाबालिक युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर योन शोषण करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को रानेश्वर थाना में लिखित आवेंदन दिया है। युवती द्वारा थाना में दिए गए आवेंदन में लिखा है कि लाकड़ाघाटी गांव के शाहबुद्दीन अंसारी से लगभग 2 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की एवं लड़का दोनो परिवार में शादी का बात भी हुआ था। लिखा है कि इसके चलते लड़की एवं लड़के के बीच शारीरिक संबंध भी हुआ था। जिसमे युवती 4 महीने का गर्भवती हो गयी थी। लड़का अजमेर काम करने के लिए चला गया था। उसी क्रम में लड़का का पिता वकील मिया डॉक्टर दिखाने के लिए लड़की को पश्चिम बंगाल का सैथीया ले गया था। साथ मे लकड़ी के माँ भी गयी थी। आरोप है कि लड़के के पिता ने लड़की का गर्भपात कर दिया। लिखा है जबकि हमको पता ही नही था। लिखा है कि वर्तमान समय मे लड़का पक्ष शादी करने से इनकार कर रहा है। लड़का पक्ष द्वारा 2 लाख रुपये का मांग किया जा रहा है। लड़की पक्ष गरीब परिवार से है। लड़की ने कानूनी कार्यवाही करने का मांग किया है।

# किसानों को मिली उन्नत खेती की जानकारी

**कृषि मेला**

**●डीसी ने मेला में लगे स्टॉलों का किया निरीक्षण**



खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। किसान विद्यापीठ परिसर में जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन मंगलवार को हुआ। उद्घाटन डीसी आंजनेयुलु ने दीप प्रज्जवलन कर किया। स्वागत संबोधन में जिला कृषि पदाधिकारी कमल कुमार कुजूर के द्वारा कृषि आत्मा उद्यान भूमि संरक्षण मत्स्य एवं संबंधित विभाग के योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाते हुए किसानहित में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपस्थित किसानों को योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल ने विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी से अनुरोध किया गया कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक जनसेवको अपने-अपने प्रखंड एवं पंचायत कृषि कार्य करेगें ताकि कृषि एवं संबंद्ध विभाग के द्वारा संचालित योजना का लाभ ग्राम स्तर तक पहुंच सके।

क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्रए दुमका के वैज्ञानिक एके साहा के द्वारा फसल में देने के लिए उर्वरक खाद्य कीटनाशी दवा पौधो में लगने वाले बीमारी एवं उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। इस जिला स्तरीय किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी में किसानों द्वारा अपने.अपने फसल का प्रर्दशनी लगाया गया।जिसमें उत्कृष्ट फसल लाने वाले किसानों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया। फसल उत्पाद में गेहूं, मक्का, चना, मसूर, मटर, फल, फूल एवं महिलाओं द्वारा निर्मित अचार आदि का प्रदर्शनी लगाया गया। नए फसल के रूप में स्ट्रोबेरी, मशरूम का फसल उत्पाद किसानों द्वारा प्रदर्शनी में लगाया गया, जो आर्कषण का केन्द्र रहा।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग (रामगढ़)

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) के तहत अति अल्पकालिन सूचना

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत एग्री क्लिनिक की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लिनिक का संचालन सदर प्रखण्ड (ATIC) सेन्टर रामगढ़ में किया जाएगा। किसानों को एग्री क्लिनिक से 12 (बारह) सेवाएँ यथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद, कीटनाशी, सुक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/ मत्स्य पालन संबंधित योजनाओं एवं कृषि उपादानों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। एग्री क्लिनिक का कार्य अवधि प्रतिदिन 09:00 बजें पूर्वाह्न से 05:00 बजें अपराह्न तक की होगी। रविवार एवं NI Act. के तहत घोषित छुट्टीयों में एग्री क्लिनिक बन्द रहेगा। एग्री क्लिनिक संचालन हेतु रू० 7,00,000,00 (सात लाख) प्रति एग्री क्लिनिक प्रतिवर्ष के दर से देय होगा। एग्री क्लिनिक का संचालन महिला समुह/ स्वय सहायता समूह/ कृषक समूह/सहकारी समितियाँ/गैर सरकारी संस्थाएँ (NGOs) द्वारा किया जायेगा।

कार्यकारी एजेन्सी/संस्था का चयन जिला स्तर पर उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। चयनित एजेंसियों/संस्थाओं को उपायुक्त के साथ एक वर्ष के लिए MOU करना होगा।

उपरोक्त इच्छुक संस्थाएँ अपना आवदेन जिला कृषि कार्यालय, हजारीबाग (रामगढ़) में दिनांक 14.02.2024 को अपराह्न 05:00 बजें तक जमा कर सकते है।

नियम एवं शर्तें :–
(क) एग्री क्लिनिक के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों/कृषि कार्यों में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव होना अनिवार्य है।
(ख) एग्री क्लिनिक के अन्तर्गत चयनित संस्थाओं द्वारा जो टीम उपलब्ध कराया जायेगा, उसमें कुल तीन सदस्य होंगे, जिसमें एक कर्मी की न्युनतम योग्यता B.sc(Agri) तथा दो कर्मियों की योग्यता स्नातक के साथ कम्प्युटर दक्षता (न्युनतम) DCO अनिवार्य है।

इच्छुक संस्थाएँ अपने आवेदन के साथ नियम एवं शर्तें में वर्णित कागजात भी समर्पित करेंगे।

ह०/–
जिला कृषि पदाधिकारी,
हजारीबाग (रामगढ़)

PR 318050 Agriculture (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ

ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या:- 15/R1/2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक :- 05.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत (4515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | टेंडर कॉल | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/RAMGARH/STPKG/04/2023-24 | माण्डू | बनिया टोला से रतवे पथ तक पथ की सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.000 कि०मी०) | 91000700.00 | द्वितीय | 9 माह |
| 2 | | माण्डू | नावाटॉड से सरना स्थल छोटकी डुन्डी होते हुए हरवे छोटकी डुण्डी स्कुल मोड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 3.000 कि०मी०) | | | |
| 3 | | माण्डू | चपरी पड़रीया रोड से टेहराटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.000 कि०मी०) | | | |
| 4 | | माण्डू | बुनरी पंचायत अन्तर्गत चपरी मोड़ से यादव चौक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.350 कि०मी०) | | | |
| 5 | | माण्डू | एन०एच०–33 केरिबन्द से बनवार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.450 कि०मी०) | | | |
| 6 | | माण्डू | हिरक रोड से जोबला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.200 कि०मी०) | | | |
| 7 | | दुलमी | जतरा टुंगरी (जारी) से डुडुवा भाया फनिकपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.390 कि०मी०) | | | |
| 8 | | दुलमी | पोटमदगा से बगरई पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.000 कि०मी०) | | | |
| 9 | | गोला | पी०डब्लू०डी० रोड बरलंगा से सुथरपुर गाँव तक सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.360 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 08.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 22.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 24.02.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 318086 Rural Work Department (23-24)_D

# 370 पर जीत ...

पीएम मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के बाद तीसरी बार उनकी सरकार बनने का विश्वास जताते हुए कहा कि देश के मिजाज को देखकर लगता है कि आम चुनाव में भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री ने अपने इस कथन को दोहराया कि मैं देश को अगले हजार वर्ष तक समृद्धि और सिद्धि के शीर्ष पर देखना चाहता हूं। हमारा तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए मजबूत नींव रखने का काम करेगा। प्रधानमंत्री का कहना था कि कांग्रेस विपक्षी दल के रूप में अपना दायित्व निभाने में विफल रही तथा दूसरे विपक्षी दलों को उभरने का मौका नहीं दिया। मोदी ने अभिभाषण में अल्पसंख्यकों का उल्लेख नहीं होने की टिप्पणियों पर कहा, हो सकता है आपके यहां युवा, किसान, महिला और गरीब अल्पसंख्यक नहीं हों। कब तक समाज को बांटते रहोगे। विपक्षी दलों पर उन्होंने कहा, नेता बदल गए, टेप रिकॉर्डर वही बज रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहले कार्यकाल में संप्रग के समय के गड्ढे भरने में समय और शक्ति लगाई, दूसरे कार्यकाल में नये भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत के निर्माण को नयी गति देंगे। निश्चित ही भाजपा उत्साहित है और जीत का दावा कर रही है लेकिन भारतीय लोकतंत्र में चुनाव अप्रत्याशित परिणाम के लिये जाने जाते हैं। शीर्ष नेतृत्व का आकलन जमीन पर कितना असरदार है यह चुनाव परिणाम आने के बाद पता चलेगा लेकिन भाजपा को सबसे अधिक विश्वास का कारण इंडि गठबंधन का टूटना, राम मंदिर का शुभारंभ से ही है। लेकिन बिहार की राजनीति यह संकेत देती है कि भाजपा को पूरा विश्वास नहीं है 370 सीटो को लेकर। देश का बुद्धिजीवी और होशियार मतदाता विपक्ष की मजबूती का महत्व जानता समझता है।

# बर्फवारी से सड़क बंद

हिमाचल सहित पर्वतीय राज्यों में पांच दिन से जारी बारिश व बर्फबारी के बाद आम लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई है। बर्फबारी से सैकड़ों सड़कों, बिजली ट्रांसफार्मर और पेयजल योजनाओं के ठप होने से राज्य के आधे जिलों में जिंदगी पटरी से उतर गई है। सड़कों व बिजली ट्रांसफार्मरों के अलावा पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण इलाकों में लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। प्रदेश में भारी बर्फबारी से चार नेशनल हाईवे और 645 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। सबसे ज्यादा 242 सड़कें शिमला जिले में बंद हैं। लाहौल-स्पीति में 157, मंडी 51, कुल्लू 93, किन्नौर 24 और चंबा जिले में 61 सड़कें बाधित हैं।

इसके अलावा राज्य में 1416 बिजली ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं। नतीजतन कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। राज्य में 52 जलापूर्ति स्कीमें भी बंद हैं। जिला कुल्लू व लाहौल में छह दिन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। रविवार रात और आज भी कुल्लू व लाहौल घाटी में जमकर बर्फबारी हुई। कुल्लू जिले में मनाली व मणिकर्ण तक भी निगम की बसें भी नहीं जा रही हैं।

बर्फबारी व बारिश किसानों व बागवानों के अलावा पावर प्रोजेक्टों के लिए भी संजीवनी साबित होगी। उनका कहना है कि मौसम खुलते ही बंद पड़ी सड़कों व पेयजल योजनाओं को जल्द बहाल कर दिया जाएगा।

बर्फबारी के चलते प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुफरी सहित राज्य के अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्र बर्फ से लकदक हैं जबकि शिमला सहित राज्य के निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश हो रही है। चोटियों पर बर्फ की मोटी परत चढ़ चुकी है। ऐसे में पर्यटकों से पहाड़ गुलजार हैं। वफवारी से सेव उत्पादक किसान खुश है वहीं उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप बढ़ा हुआ है।

# रामराज्य की ओर बढ़ती उप्र की आर्थिक शक्ति

**उत्तर प्रदेश** अब अर्थ संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब शक्ति संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब युवाशक्ति से संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब नारीशक्ति की सुरक्षा और उससे संपन्न राज्य है। उत्तर प्रदेश अब रामराज की ओर अपने कदम तेजी से बढ़ा चुका है। उत्तर प्रदेश अब धर्मसंपन्न ऐसा राज्य है जिसकी सनातन शक्ति प्रज्वलित होकर भारत को सशक्त कर रही है और विश्व को कल्यानपथ की और ले कर चलने की शक्ति हासिल हो चुकी है। श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की भव्य प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब समग्र प्रदेश ही भव्य, दिव्य और नव्य हो चुका है। युवा संन्यासी की शक्ति और नेतृत्व में,योगी आदित्यनाथ सरकार ने आज उत्तर प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत कर लोकमंगल के सभी द्वार खोल दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों को अपने कृतित्व से साकार करते योगी आदित्यनाथ ने इतिहास रचा है।

उत्तर प्रदेश में अब तक जनता पर कोई नया कर थोपे बगैर, 7.36 लाख करोड़ का बजट कभी भी नही प्रस्तुत हुआ। कभी किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि महज 6 वर्ष की यात्रा में यह बीमार प्रदेश इस तेजी से अर्थ संपन्न होकर सर्वाधिक तेजी से विकसित होने वाला प्रदेश बनेगा और वन ट्रिलियन इकोनोमी की छलांग लगाने की दिशा में कदम रख पाएगा। योगी सरकार का लोक मंगल का यह बजट अब प्रमाणित कर रहा है कि श्री अयोध्या जी में केवल हमने एक मंदिर ही बनाया है बल्कि हमारे कर्मठ और संकल्पवान सनातन धर्मनिष्ठ नेतृत्व ने उत्तरप्रदेश को वास्तव में उस रूप में स्थापित कर दिया है जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बार बार ग्रोथ इंजन की संज्ञा देकर करते हैं। इस बजट की आर्थिक, तकनीकी बारीकियों पर अनेक अर्थशास्त्री अपने अपने विचार और विश्लेषण अवश्य प्रस्तुत करेंगे। इसको समझने केलिए भारत के सनातन आदर्श भगवान राम के समय के अर्थ शास्त्र पर थोड़ी दृष्टि डाल कर वर्तमान का आकलन करना ज्यादा उचित होगा। यह अनिवार्य है कि राज्य के संचालन और रख-रखाव में धन का उपयोग प्रचुर मात्रा में होता है। इस अर्थ के उपार्जन में शासन द्वारा लिए जाने वाले कर की आमदनी, अधीनस्थ राजाओं द्वारा दी जा रही राशि आदि का संचय राज्य के कोषागार में जमा होती रहती है। यही धन राज्य के विकास और इससे जुड़े अन्य कार्यक्रमों में खर्च होता है। इसे ही हम प्राचीन काल का बजट कह सकते हैं।





-संजय तिवारी

> वाल्मीकि रामायण के ये सभी श्लोक एक स्वस्थ और जागरुक अर्थ व्यवस्था की ओर संकेत करते हैं। आज उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है वह रामायण काल की वैसी ही अर्थ शक्ति की ओर प्रदेश को ले जाता दिख रहा है। बजट के केंद्र में अयोध्या, प्रयाग, मथुरा, काशी, गोरखपुर, नैमिशारण्य , विंध्याचल जैसे स्थानों और प्रयागराज के महाकुंभ के आयोजन की अभी से होने वाली तैयारी भी है।

रामायण काल की अयोध्या नगरी या कह लें की समूचा कोशल प्रदेश एक आदर्श राज्य था। वहां की व्यवस्थाएं लोक और राज्य के कल्याण के लिए ही बनाई गई होंगी। वाल्मीकि रामायण के बालकाण्ड के अंतर्गत पंचम और छठे सर्ग में दशरथ कालीन अयोध्या नगरी के वैभव का वर्णन मिलता है। अयोध्या में पाए जाने वाले अकूत धन का स्तोत्र कौन सा था उसकी एक झलक देखिए और फिर योगी सरकार के इस बजट का विश्लेषण कीजिए -

सामन्तराज सघेश्च बालिकर्मभीरावृताम।
नान्देशनिवासाशैश्च
वनिगभीरूपशोभिताम।।14।। (वाल्मिकी रामायण बालकाण्ड 5.14)

अर्थात कर देने वाले सामंत नरेश उसे समृद्ध रखने के लिए सदा वहां रहते थे। विभिन्न देशों के निवासी वैश्य उस पुरी की शोभा बढ़ाते थे।

तेन सत्याभिसन्धें त्रिवर्ग मनुतिष्ठता।
पालिता ता पुरी श्रेष्ठा इंद्रेनेवामरावती।।5।। (वाल्मिकी रामायण बालकाण्ड 6.5)

अर्थात धर्म, अर्थ और काम का सम्पादन करके कर्मो का अनुष्ठान करते हुए वे सत्यप्रतिज्ञ नरेश श्रेष्ठ अयोध्या पुरी का उसी तरह पालन करते जैसे इंद्र अमरावती का।

श्रीराम जब अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे तब उनके राज्य के हाल की एक झलक देखिए-

कोशसंग्रहने युक्ता बलस्य च परिग्रहे।
अहितम चापि पुरुषम न हिन्स्युरविधुशकम।।11।। (वाल्मिकी रामायण उत्तर काण्ड 7.11)

अर्थात उस विभाग के लोग कोष के संचय और चतुरंगिणी सेना के संग्रह में सदा लगे रहते थे। शत्रु ने भी यदि अपराध न किया हो तो वे उसके साथ हिंसा नहीं करते थे। तात्पर्य यह की वहां की अर्थव्यवस्था को ठीक रखने वाले निरपराध भाव से कार्यरत थे।

अन्तरापाणीवीथियाश्च सर्वेच नट नर्तकाः।
सुदा नार्यश्च बहवो नित्यं यौवनशालीनः।।22।। (वाल्मिकी रामायण उत्तर काण्ड)

वाल्मीकि रामायण के अनुसार श्रीरामजी का आदेश था अश्वमेध के आयोजन के समय की मार्ग में आवश्यक वस्तुओं के क्रय विक्रय के लिए जगह जगह बाजार भी लगने चाहिए। इसके प्रवर्तक वणिक और व्यवसायी लोग भी यात्रा करें। साथ ही नट नर्तक, युवा भी यात्रा करें।

रामायण काल में राजा कर लेकर भ्रष्टाचार नही करते थे। वाल्मीकि रामायण अरण्या कांड 6.11 के अनुसार, सुमहान्‌ नाथ भवेत तस्य तु भूपतेः । यो हरेद् बलिषद्भागं न च रक्षति पुत्रवत ।। जो राजा प्रजा से उसकी आय का छठा भाग करके रूप में ले ले और पुत्र की भांति प्रजा की रक्षा न करे, उसे महान अधर्म का भागी होना पड़ता था।

वाल्मिकि रामायण के ये सभी श्लोक एक स्वस्थ और जागरुक अर्थ व्यवस्था की ओर संकेत करते हैं। आज उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने जो बजट प्रस्तुत किया है वह रामायण काल की वैसी ही अर्थ शक्ति की ओर प्रदेश को ले जाता दिख रहा है। बजट के केंद्र में अयोध्या, प्रयाग, मथुरा, काशी, गोरखपुर, नैमिशारण्य , विंध्याचल जैसे स्थानों और प्रयागराज के महाकुंभ के आयोजन की अभी से होने वाली तैयारी के लिए किए गए प्रावधान लोक मंगल का ही संकेत हैं। युवाओं और महिलाओं के लिए अलग से की गई आर्थिक व्यवथाएं नेतृत्व की संवेदनशील प्रकृति और दूरदृष्टि को रेखांकित कर रही हैं। लोकहित सर्वोपरि की कामना के साथ शक्ति संपन्न प्रदेश के निर्माण का यह बजट अतिशुभ फलदाई है। यह बजट इस तथ्य का प्रमाण है कि योगी आदित्यनाथ के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रामराज्य की नवयात्रा शुरू कर दी है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### काश, नरेश गोयल रास्ते से न भटके होते

**आर.के. सिन्हा**

एक समय विमानन की दुनिया में एयर इंडिया के बाद दूसरा स्थान रखने वाले जेट एयरवेज के फाउंडर चेयरमेन रहे नरेश गोयल की हाल ही में कुछ अखबारों में छपी एक फोटो में उनकी बेहद खराब सेहत हालत को देखकर उनके अनेकों मित्रों और करीबियों को निराशा तो जरूर ही हुई होगी। नरेश गोयल आजकल मुंबई की एक जेल में विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं। उन पर धोखाधड़ी के बहुत से केस चल रहे हैं। उनकी पत्नी भी बीमार है। उन्होंने मुंबई की एक अदालत में यहां तक कहा कि अब उन्हें मर ही जाना चाहिए।

नरेश गोयल 1970 के दशक के अंत से 1980 के दशक में राजधानी के बंगाली मार्केट की एक बरसाती में रहते थे। उन्होंने कुछ दिनों तक मशहूर बंगाली स्वीट हाउस में नौकरी भी की थी। नरेश गोयल बंगाली मार्केट के एक घर की बरसाती में कुछ दोस्तों के साथ साझा किरायेदार के रूप में रहते थे। बंगाली मार्केट के अलावा नरेश गोयल माहबत खान रोड के सरकारी घरों में भी किराये पर रहे। वे पंजाब के शहर संगरूर से दिल्ली आए थे। बेशक, वह नरेश गोयल के संघर्ष के दिन थे। वे दिन-रात मेहनत करते रहते थे।

कुछ दिनों तक बंगाली मार्केट में नौकरी करने के बाद वे पूरी तरह से एयरलाइंस की दुनिया में डूब गए। उन्होंने सबसे पहले इराक और कुवैत एयरलाइंस की टिकटों को बेचने का काम शुरू किया। नरेश गोयल का धंधा उनकी मेहनत से फौरन चमकने लगा। वे जल्द ही मोटी रकम कमाने लगे। उसी दौर में उन्होंने ईस्ट दिल्ली में एक घर भी खरीद लिया। नरेश गोयल का काम और चमका तो वे चार्टर फ्लाइट के बिजनेस में कूद पड़े। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं समझी। नरेश गोयल अमृतसर से चार्टर फ्लाइट लेकर लंदन जाने लगे। उनका दिल्ली, अमृतसर, मुंबई और लंदन लगातार आना-जाना लगा रहता। सरकार ने जब 1991 के बाद एविएशन सेक्टर में प्रत्यक्ष पूंजी निवेश (एफडीआई) का रास्ता खोला, तो नरेश गोयल को लगा कि अब आकाश में उड़ने का वक्त आ गया है। वे तब मुंबई पूरी तरह से शिफ्ट हो गए।

# शक्ति बाण संधान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**लक्ष्मण** और मेघनाथ के बीच भीषण युद्ध होने लगा। दोनों एक दूसरे के दैवीय बाणों को काट रहे थे। दोनों ऐन्द्रास्त्र, बरुणास्त्र,पवनास्त्र, आग्नेस्त्र आदि दिव्य बाणों से लैस थे। किसी में कमी नजर नहीं आती थी। लक्ष्मण जी ने मेघनाथ को मारकर घायल कर दिया। उसने देखा कि मैं केवल लक्ष्मण से युद्ध करते रहूं और बाकि सेना का संहार हो जाएगा इसलिये उसने शक्ति बाण का प्रहार किया। लंका में दो शक्ति बाण था एक मेघनाथ के पास और दूसरा रावण के पास। दोनों शक्तिबाण मेघनाथ ने इन्द्र की तपस्या कर प्राप्त किया था। जब देवताओं पर रावण के नेतृत्व क्षमता में राक्षस सेना धावा बोली थी तो रणभूमि में इन्द्र ने ब्रज बाण मारकर रावण को गिरा दिया था। रावण मृत्युमय हो गया था। त्रिलोक में हल्ला मच गया कि रावण मारा गया। जब मेघनाथ ने देखा कि मेरे पिता को देवराज इन्द्र ने मरन्नासन कर दिया तो उसने पूरे वेग के साथ चन्द्र पर चढ़ाई कर दी। उसके वेग को इन्द्र सहन नहीं कर सके और नीचे गिर गये। परिणामस्वरुप इन्द्र को बांध दिया गया। इन्द्र ने छूटने के लिये विनती की। इस पर मेघनाथ ने कहा कि आप देना चाहते हैं तो दो चीज दीजिए। एक तो स्वर्ग में अमृत है मेरे पिता को जिंदा कीजिए। दूसरा आप ब्रजबाण से युक्त है मुझे दो बाण ब्रजबाण से युक्त दीजिए। इन्द्र ने छूटने के लिये दो शक्तिबाण मेघनाथ को दिये। मेघनाथ ने एक बाण रावण को दिया एक अपने पास रखा। उसने उसी शक्ति बाण से लक्ष्मण पर प्रहार किया। लक्ष्मण उस शक्ति को झेल नहीं सके और धरती पर गिर गये। सारी वानर सेना भाग चली।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**उल्लास** मेला परिसर में आयोजित प्रदर्शनी और नवसाक्षरों से मुलाकात ने सुखद अनुभूति दी। मोदी सरकार द्वारा पुरानी प्रौढ़ शिक्षा पद्धति की जगह आधुनिक तकनीक व मनोविज्ञान अधारित सुरुचिपूर्ण उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम ने अक्षर और संख्या ज्ञान से वंचित रहे लोगों को आकर्षित किया है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

चक्रधरपुर के बनमालीपुर में माननीय विधायक श्री सुखराम उरांव के सुपुत्र सन्नी उरांव के वैवाहिक समारोह में उपस्थित होकर, नवदंपति को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





प्रधानमंत्री इस बीच कह रहे थे देश में सिर्फ दो जातियां हैं - अमीर और गरीब, मगर आज संसद में उन्होंने खुद को सबसे बड़ा ओबीसी बताया। किसी को छोटा और किसी को बड़ा समझने की इस मानसिकता को बदलना जरूरी है।

**-राहुल गांधी**

# हिंदू- मुस्लिम के मंदिर-मस्जिद विवाद का हल सामंजस्य से हो

**आशीष वशिष्ठ**

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा वाराणसी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में हुए सर्वेक्षण से उस दावे की पुष्टि हो गई है कि वह हिन्दू मंदिर पर ही बनाई गई थी। इस सर्वेक्षण को रोकने के लिए मुस्लिम पक्ष द्वारा न्यायालय में चरम सीमा तक जाकर तर्क दिए गए। बीती 31 जनवरी को वाराणसी की एक न्यायालय ने हिन्दू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास जी तलगृह में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना शुरू हो गई है। हिन्दू पक्ष कुछ समय से ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक तलगृह में पूजा का अधिकार मांग रहा था। यह तलगृह मस्जिद परिसर में है। वर्ष 1992 तक व्यास जी तलगृह में पूजा नियमित तौर पर होती थी। 06 दिसंबर, 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1993 से व्यास जी के तलगृह को बंद कर दिया गया और बैरिकेडिंग कर दी गई थी। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार थी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे। अयोध्या में राम जन्मभूमि मामले को लेकर भी मुलायम सिंह यादव ने बैरिकेडिंग लगवा दी थी जिससे सांप्रदायिक माहौल न बिगड़े और लड़ाई-झगड़े न हों। पहले बांस-बल्ली लगाकर बैरिकेडिंग की गई और बाद में पक्की तरह से बंद कर दिया गया। इसके बाद यहां पर वार्षिक माता श्रृंगार गौरी की पूजा हो रही थी।

ज्ञानवापी में किए गए सर्वेक्षण की जो रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई, उसके

## संवाद

आधार पर कोई भी कह सकता है कि वह मंदिर ही है। मुस्लिम पक्ष को इसका ज्ञान काफी पहले से था। इसीलिए उन वस्तुओं को छिपा और ढक दिया गया था जो हिन्दू धर्म के प्रतीक और चिह्न हैं। सबसे बड़ी बात शिवलिंग का मिलना है। पौराणिक ग्रंथों से पता चलता है कि ज्ञानवापी कुआं का निर्माण स्वयं भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से किया था। पौराणिक काल से ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का इलाका अविमुक्त क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध रहा है। महाभारत में भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के पूरे क्षेत्र को अविमुक्त क्षेत्र के नाम से पुकारा गया है। वर्तमान में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद भी अविमुक्त क्षेत्र का ही भाग रहा है। इस क्षेत्र में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद को मुक्त कराने के लिए सैकड़ों वर्षों से विश्व भर के हिंदू संघर्ष कर रहे हैं।होना तो यह चाहिए था कि स्वतंत्रता के बाद केंद्र सरकार मुगल काल में हिन्दू धर्मस्थलों को तोड़कर या उन्हीं ढांचों पर खड़ी की गई मस्जिदों को हिन्दुओं को सौंपने की नीति बनाती। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां मुसलमानों की नाराजगी से बचने के लिए हिन्दुओं के वैध दावों को ठुकराती रहीं। मथुरा और वाराणसी में हिन्दुओं के सर्वोच्च आराध्यों के पवित्र मंदिर के बगल में बनी मस्जिद के हिन्दू मंदिर होने की बात पंडित नेहरू से लेकर तमाम नेताओं को ज्ञात थी। लेकिन उन्होंने इस दिशा में सोचने का कष्ट इसलिए नहीं उठाया क्योंकि वे हिन्दुओं की सहनशक्ति को जानते थे। वरना क्या कारण था कि हिन्दुओं की विवाह व्यवस्था संबंधी रीति-रिवाजों को तो उलट-पलट दिया गया किंतु मुस्लिम पर्सनल लॉ को छेड़ने की हिम्मत नहीं हुई।

देश का बंटवारा धर्म के नाम पर हमारे नेताओं ने स्वीकार किया था। सर्व धर्म समभाव के भारतीय संस्कारों के कारण भले ही मुस्लिमों की बड़ी आबादी भारत में रह गई और पाकिस्तान के उलट भारत ने अपने को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाया किंतु ये भी उतना ही सही है कि तत्कालीन शासकों ने मुस्लिम तुष्टीकरण के फेर में बहुसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं को धक्का पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यदि सरदार पटेल न होते तब बड़ी बात नहीं सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी न हो पाता।

## कार्टून वर्ल्ड

गरीबों की स्वास्थ्य की चिंता किसे?..



साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### लोकतंत्र विरोधी

**विधानसभा** चुनाव से पूर्व ही राज्यों में सत्ता दल छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होने वाले नेता-मंत्रियों ने लोकतंत्र की हत्या करके तथा मूल्यों का उल्लंघन करते हुए जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई है। इससे सत्तारूढ़ पार्टी की छवि अवश्य धूमिल हुई है। चुनाव आयोग को भगोड़े उम्मीदवारों पर शिकंजा कसते हुए उन्हें अयोग्य करार देकर राजनीति से बाहर कर देना चाहिए। **-अनिल, रांची**

### गिरता स्तर

**नेताओं** द्वारा चुनाव पूर्व दल बदल करना राजनीति में आई गिरावट का परिचायक है। यह कृत्य ऐसे मौकापरस्त नेता करते हैं जो राजनीति को लोक सेवा नहीं अपितु एक व्यवसाय के रूप में देखते हैं। सेवा तो बिना लोकसभा अथवा राज्य विधानसभा का सदस्य बने भी की जा सकती है। स्तर गिराते नेता 5-6 वर्ष के लिये कोई भी चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित किया जाये। **-रवि कुमार, हजारीबाग**

# पर्यावरण और भूमि संरक्षण पर एक और संकट



**अंचल प्रकाश**

**भारत** में आर्द्र भूमि देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 4.7 फीसद है। जाहिर है, यह काफी कम है और इसलिए इसका संरक्षण कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। वैसे दुनियाभर में आर्द्र भूमि पर संकट गहराता जा रहा है। इसलिए इसे बचाने के लिए पहली बार दो फरवरी 1971 को ईरान के रामसर शहर में वैश्विक सम्मेलन बुलाया गया था और दुनियाभर में फैली आर्द्र भूमि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई थी। अंतरराष्ट्रीय महत्त्व की लगभग दो हजार चार सौ आर्द्रभूमियों में से सैंतालीस भारत में हैं और उन्हें रामसर स्थल कहा जाता है। ये विश्व स्तर पर प्रमुख संरक्षित स्थलों में से हैं। ईस्ट कलकत्ता आर्द्र भूमि, पश्चिम बंगाल के कोलकाता शहर के पूर्व में स्थित प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्र भूमि का एक बड़ा परिसर है जो एक सौ पच्चीस वर्ग किलोमीटर में फैला है। यहां कृषि क्षेत्र, सीवेज फार्म और कई तालाब हैं। इस आर्द्र भूमि का उपयोग कोलकाता के सीवेज शोधन के लिए भी किया जाता है, और अपशिष्ट जल में निहित पोषक तत्व मछलियों की आबादी और कृषि को बनाए रखता है। इसी तरह नौ रामसर स्थलों के साथ उत्तर प्रदेश देश में ऐसी आर्द्र भूमि वाला दूसरा बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश में गंगा नदी क्षेत्र का एक अद्वितीय और विशाल पारिस्थितिक तंत्र है जो पौधों और जानवरों की समृद्ध विविधता को बरकरार रखता है। इसमें तालाबों, झीलों और आर्द्र भूमि का एक बड़ा क्षेत्र है। मछलियों की जैव विविधता में उत्तर प्रदेश का योगदान 14.11 फीसद का का है, और इनमें से बहुत से इन आर्द्र भूमि से आते हैं।

## पर्यावरण

उत्तर प्रदेश में गंगा के बाढ़ के मैदान का लगभग पांच फीसद हिस्सा आर्द्र भूमि से ढका है। हैदरपुर आर्द्र भूमि क्षेत्र भारत में सबसे नया रामसर स्थल है जिसे दिसंबर 2021 में ही इस श्रृखंला में जोड़ा गया था। यह भूमि क्षेत्र मध्य गंगा बैराज के साथ गंगा नदी के बाढ़ के मैदानों पर बिजनौर जिले में 6908 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है।

इसके अनुसार उत्तर प्रदेश में लगभग 27181 आर्द्र भूमि क्षेत्र हैं जो लगभग 63,525 हेक्टेयर क्षेत्र बनाते हैं। इनमें से लगभग चालीस फीसद आर्द्र भूमि क्षेत्र सौ हेक्टेयर से अधिक आकार के हैं। अकेले हरदोई जिले में दो हजार से अधिक आर्द्र भूमि क्षेत्र हैं। तटीय इलाकों में नमी क्षेत्र और बैकवाटर मैंग्रोव के जंगलों का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जहां लोग भोजन, ईंधन, चारा और आवास के लिए इन पर निर्भर हैं। पारंपरिक मछुआरे आज भी अपनी स्थायी आजीविका के लिए पूरी तरह से मछली और शंख जैसे प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं।

तेजी से हो रहे शहरीकरण और भूमि उपयोग में बदलाव के कारण आर्द्र भूमि का लगातार क्षरण हो रहा है। सिर्फ पिछले एक दशक में हम लगभग तीस फीसद भूमि खो चुके है। अकेले रायबरेली ने 1972 से लगभग नवासी फीसद आर्द्र भूमि खो दी है। लखनऊ ने पिछले पांच दशकों में लगभग सत्तर फीसद आर्द्र भूमि खो दी है। गहन सिंचाई के लिए भूजल का अत्यधिक दोहन आर्द्र भूमि के खत्म होने का कारण बन रहा है। इसके अलावा गन्ना, धान और गेहूं जैसी जल-गहन फसलों के साथ आर्द्र भूमि को कृषि क्षेत्रों में परिवर्तित करना भी है। नहरों और सड़कों के अवैज्ञानिक निर्माण के कारण कई आर्द्र भूमि खंड मानचित्र से गायब हो चुके हैं।

उपग्रह चित्रो ड्रोन कैमरों का उपयोग करके इनका दस्तावेज बनाया जाना चाहिए। यह जल-प्रसार क्षेत्र मौसम के अनुसार बदलता रहता है।

(प्रशिक्षु संत जेवियर कॉलेज रांची)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव चोरका में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया

**बड़कागांव।** विधायक सुश्री अंबा प्रसाद की पहल पर सिरमा पंचायत के चोरका पासी मोहल्ला में जले 100 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलवाकर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर बार-बार जलने पर विगत दिनों ग्राम चोरका के ग्रामीणों ने विधायक को अवगत कराया एवं बिजली न होने से हो रही परेशानी से निजात दिलाने हेतु अनुरोध किया। विधायक ने तत्परता दिखाते हुए 200 केवीए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। आभार व्यक्त करने वाले में प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,पंचायत अध्यक्ष शईद अनवर,सत्येंद्र महतो, भुनेश्वर साव,विकास कुमार,अनिल कुमार,छोटन साव,दिलीप कुमार, मुकेश महतो,रामदेव साव सहित समस्त ग्रामीण शामिल हैं।

### आवासीय बालिका विद्यालय टाटीझरिया में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ

**विष्णुगढ़।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विष्णुगढ़ एवं झारखंड बालिका विद्यालय टाटीझरिया में वर्ष 2023 24 के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन हेतु प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विष्णुगढ़ की अध्यक्षता में प्रखंड नामांकन समिति की बैठक की गई जिसमें जानकारी दी गई की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ में कक्षा 6 में 75 कक्षा 7 में 5 कक्षा 9 में 10 सीटों पर तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय टाटी झरिया में कक्षा 6 पर 50 कक्षा 7 में 10 कक्षा 8 में 9 एवं कक्षा 9 में 12 सीटों पर नामांकन लिया जाना है। नामांकन हेतु क्षितिज अनाथ एकल अभिभावक दिव्यांग नक्सली प्रभावित क्षेत्र की बच्चियों चाइल्ड ट्रैफिकिंग की बच्चियों गरीब एवं असहाय बच्चियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसकी जानकारी वार्डन सुनीता गुप्ता ने दी।

### पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता को लेकर हुआ कार्यक्रम का आयोजन


फोटो 09 कार्यक्रम में शामिल।

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पोक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में मंगलवार को डीएवी अग्रसेन स्कूल भरेचनगर, डीएवी आरा में बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर बच्चों ने ध्यानपूर्वक विभिन्न नियमों एवं अपने अधिकारों को लेकर जानकारी प्राप्त की वही उनके द्वारा कई सवाल जवाब भी किए गए। इसके साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति के सदस्य आरती, विधि सह परिवीक्षा पदाधिकारी रंजीत कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी अनिल मेहता, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

### महात्मा नारायण दास ग्रोवर का जीवन तथा आदर्श अनुकरणीय है : प्राचार्य


जयंती मनाते स्कूल के प्राचार्य एवं अन्य।

**रजरप्पा।** शिक्षा का अलख जगाने वाले कर्मयोगी, शिक्षाविद् तथा महर्षि दयानंद की अनुयायी महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 16वीं पुण्यतिथि सीसीएल कोयलांचल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य बीपी राय सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाएँ, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा सभी वर्गों के काउंसिल सदस्यों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात श्री ग्रोवर की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय शिक्षक रामेश्वर शर्मा और रजनीश पाठक की मार्गदर्शन में उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन कार्य संपन्न हुआ। प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में नवीं कक्षा की छात्रा रक्षा वर्मा तथा नीलांजना सिंह ने अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा में भाषण प्रस्तुत कर उनके जीवन तथा आदर्श पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 6 फरवरी 2008 को पंजाब स्थित निवास स्थान में उनका निधन हुआ। नवीं की छात्राओं ने उनकी स्मृति में भजन प्रस्तुत किया जिससे सभी का हृदय भाव विभोर हो उठा। विद्यालय प्राचार्य ने सभी को अपने संबोधन में कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा की धनी थे। वे डीएवी के पुरोधा थे जिन्होंने बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा मध्य प्रदेश राज्य के सुदरवर्ती, पिछड़े तथा आदिवासी इलाकों में 200 से भी अधिक स्कूलों की स्थापना की जो आज सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। डीएवी संस्थान उन्हीं की देन है जहाँ लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। प्राचार्य ने कहा कि उनका जीवन तथा आदर्श अनुकरणीय है। उन्होंने इनके त्याग, तपस्या से सीख लेकर हम सभी शिक्षकों से उनके आदर्शों तथा उच्च विचारों पर चलने की अपील की। उनका जीवन सादा तथा सादगी भरा था। अंत में उनका कहना था कि अंग्रेजो से देश को आजाद कराने में अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों तथा क्रांतिकारियों को नमन किया जाता है ठीक उसी प्रकार शिक्षा की अलख जगाने वाले शिक्षाविद् तथा झोले वाले बाबा के रूप में महात्मा नारायण दास ग्रोवर का नाम स्मरण किया जाएगा।

### पावन क्रुस स्कूल भुरकुंडा में जैक इंटर की परीक्षा में 38 परीक्षार्थी हुए शामिल


इंटर की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पावन क्रुस स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा में जैक इंटर की परीक्षा में पहले दिन 38 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रथम दिन विद्यालय में शांतिपुर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ। विद्यालय के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापिका सुमंति टोप्पो ने बताया कि प्रथम दिन इलेक्ट्रोनिक्स हार्डवेयर और हेल्थकेयर की परीक्षा हुई। परीक्षा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरघुटुवा के 38 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। शांतिपुर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक और भदानीनगर ओपी के सअनि हेंमत पुर्ति सहित सशस्त्र बल शामिल थें।

# लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी सक्रियता से संगठन की सफलता सुनिश्चित करेंगे: तिवारी महतो

- नव मनोनीत पदाधिकारियों का हुआ स्वागत
- सांगठनिक रणनीति का हुआ खाका तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता


नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते।

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में आजसू पार्टी के द्वारा नवमनोनीत विधानसभा व प्रखंड प्रभारियों का स्वागत समारोह सह संगठन की रणनीति को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन प्रखंड सचिव मनोज यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा तिवारी महतो शामिल हुए। इस दौरान अतिथि ने नवमनोनीत मांडू विधानसभा प्रभारी विजय कुमार साहू, मांडू प्रखंड प्रभारी कपिल देव महतो, विष्णुगढ प्रखंड प्रभारी परमेश्वर महतो, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी उमेश भोक्ता , चुरचु कुशलाल प्रजापतति को फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। साथ ही बैठक मे संगठन की रणनीति तय करते हुए आगामी 8 फरवरी को प्रखंड प्रभारी का प्रथम दौरा, 11 फरवरी को सभी प्रखंड समितियों का बैठक, 17 फरवरी को पंचायत प्रभारियों का चयन 20 फरवरी को सभी पदाधिकारी पंचायत की ओर कूच करेंगे और चूल्हा प्रमुख का चयन, प्रति पंचायत 25 समर्पित कार्यकर्ता का चयन और सांगठनिक विस्तार पर निर्णय लिया गया। मौके पर तिवारी महतो ने कहा कि मांडू विधानसभा के कार्यकर्ता संगठन के निर्देश का अनुपालन करते हुए आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपनी सक्रियता से संगठन की सफलता सुनिश्चित करेंगे। वहीं नवमनोनीत विधानसभा प्रभारी विजय कुमार साहू ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार मुझे मांडू विधानसभा का सांगठनिक प्रभारी नियुक्त किया गया है मैं समर्पित भाव से मांडू विधानसभा के जुझारू कार्यकताओं के पार्टी द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करते हुए चुनाव में संगठन की सफलता सुनिश्चित करने में सर्वस्व योगदान दूंगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, जयकिशोर महतो, तेजनाथ महतो तेजू, जिला सचिव लालचंद महतो, हेमलाल महतो, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रमणि देवी, तापेश्वर महतो, मनोज महतो, बैद्यगणेश महतो, अशोक केशरी, मोहरा कुमार महतो, जगेश्वर महतो, भोला तूरी, जगदीश महतो, अमित ठाकुर, पप्पू महतो, नीतेश गुप्ता, ओमप्रकाश पटेल, सुखदेव महतो, नेवालाल महतो, बलबिंदर कुमार, मनान खान, अमीर खान, सरिता सिंह, अंतु सिंह, राजेश शर्मा, उमेश कुमार, इंद्रलाल महतो, तुलेश्वर गोप, विनोद कुमार महतो, किशोर महतो, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### कल्याण विभाग द्वारा सुकर एवं बकरी का वितरण

विष्णुगढ़। प्रखंड के बनासो पंचायत अंतर्गत बिलंडी में बकरा बकरी का वितरण कल्याण विभाग के द्वारा किया गया। बताते चलें झारखंड सरकार असहाय गरीब के लिए 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता के प्रावधान के अनुसार लाभुक को निशुल्क उपलब्ध कर वाती है। कल्याण विभाग एवं पशुपालन विभाग के कर्मी ने संयुक्त रूप सेआज के वितरण की जानकारी दी। कार्यक्रम में पशुपालन पदाधिकारी चंदेश्वर प्रसाद प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शीतल कंडेर सोनिया देवी पति लालो बिरहोर बसंती देवी पति रामचंद्र बिरहोर अनीता देवी बैजू बिरहोर समेत कई लोग मौजूद थे।

### झुमरा साप्ताहिक बाजार में पुरानी सेड की स्थिति जर्जर

- कभी भी हो सकता है बडा हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता


जर्जर शेड।

**दारू।** प्रखंड के झुमरा साप्ताहिक बाजार में बनी सेड काफी पुरानी एवं जर्जर हो गई है कई सेड की छपरी नहीं है तो कहीं सेड की कॉलम जर्जर होने के कारण टूट कर झड़ रही हैं। ऐसे में बाजार में सामान विक्रेता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि सेड का नव निर्माण नहीं किया गया तो कभी भी टूट कर गिर सकता है जिससे बड़ा हादसा हो सकता है।

**क्या कुछ कहते हैं जिला परिषद सदस्य**

जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि प्रत्येक बृहस्पतिवार को झुमरा में साप्ताहिक बाजार लगता है। बाजार में क्षेत्र सहित कई अन्य जिलों के व्यापारी व्यापार के लिए आते हैं। बाजार में जो भी सेड है वह काफी पुराना होने के कारण टूट कर गिर रहा है और बाजार सेड के किनारे गड्ढा होने के कारण बरसात में पानी का जमाव काफी हो जाता है इसे लेकर मैं हजारीबाग उपायुक्त को इस स्थिति से अवगत कराया है साथ ही जर्जर सेड का नवनिर्माण एवं सेड के नीचे फाइबर ब्लॉक की मांग की हैं।

## एक नजर में

### पहले दिन शांतिपूर्ण संपन्न हुई जैक की परीक्षा, एसडीओ ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


एसडीओ जोहन टुडडु।

**बरही।** बरहीएसडीओ जोहन टुडू ने बरही में आयोजित दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण कर बताया कि परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा हो रही है ।इस बाबत एसडीओ जोहन टुडू ने जानकारी देते हुए बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। बरही में प्लस टू उच्च विद्यालय, मिडिल स्कूल, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, बरही इंटर महाविद्यालय, आरएनवाईएम महाविद्यालय और उच्च विद्यालय करियातपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सभी छः परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल और दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है। कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी से लैश किया गया है। वही शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से परीक्षा केंद्र के दो सौ मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा घोषित है। उन्होंने बताया कि प्लस टू उच्च विद्यालय और दोनो महाविद्यालयों के परीक्षा केंद्रों का उन्होंने निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी भी लिया है। मंगलवार को दोनो कक्षाओं के लिए वोकेशनल पेपर के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुआ। उन्होंने सभी विद्यार्थियों सहित अभिभावकों से परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने में प्रशासन को सहयोग देने की अपील किया है।

### फाउंडेशन से जुड़कर महिलाएं बन रही है आत्मनिर्भर: जगेश्वर प्रजापति

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक को संबोधित करते जगेश्वर प्रजापति।

**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन के मासिक बैठक मंगलवार को बोंगावार फारेलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स के जेपी रेस्टूरेंट में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन संस्थापक सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। बैठक के दौरान फाउंडेशन सदस्यों ने अपना-अपना मासिक बचत राशि को जमा किया। साथ ही फाउंडेशन और कैसे मजबूत हो इस पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि आज फाउंडेशन के बदौलत कई महिलाओं का विकास हुआ है। महिलाएं आत्म निर्भर बन रही है। फाउंडेशन से जुड़े रहने से ही सभी का विकास होग। उन्होंने महिलाओं को और बेहतर करने की बात कही। वहीं महिलाओं ने भी जगेश्वर प्रजापति को भरोसा दिलाते हुए फाउंडेशन से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की बात कही। बाद में छोटकी डूंडी व चुंबा में फाउंडेशन के महिलाओं के साथ हुए हादसे को लेकर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर आत्म की शांति के लिए प्रार्थन किया गया। मौके पर डिंपल प्रजापति, शांति देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, कुसुम देवी, मीनू देवी, रिंकु देवी, किरण देवी, संगीता देवी, रूपा देवी, लक्ष्मी देवी, अनिता देवी, मीरा देवी, मीना देवी, गंगा देवी, सावित्री देवी, गुड़िया देवी, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, अनिता देवी, शांति देवी, सोनी देवी, रूबी देवी, सरिता कुमारी, करमी देवी, देवली देवी, मुलिया देवी, संगीता देवी, मंजू देवी, गीता देवी, सावित्री देवी, बरखा देवी, कुंती देवी, खुशबू देवी, मुनिया देवी, सीमा देवी, जीतू देवी, सुनिता देवी, नेहा कुमारी आदि मौजूद थे।

### बकरी एवं सुकर वितरण में भारी अनियमिता

**विष्णुगढ़।** झारखंड सरकार के द्वारा सौ प्रतिशत वित्तीय सहायता पर कल्याण विभाग के सौजन्य से विष्णुगढ़ क्षेत्र में सुकर एवं बकरी वितरण किए जाने का कार्यक्रम बीते दो दिनों से अलग-अलग क्षेत्र में चल रहा है। बीते दिन चानो फुटबॉल मैदान में 15 से 20 लाभुकों के बीच बत्तख एवं मुर्गी पालन को बढ़ावा देने हेतु वितरण किया गया। दिन तो एजेंसी कर्मियों ने मुर्गी बत्तख के साथ मिलने वाले अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं किया तो दूसरे दिन मुर्गी बत्तख का चूजा एजेंसियों के द्वारा अहर्ता पूर्ण करने के बाद वितरण किया। लेकिन सुकर और बकरी वितरण में भारी अनियमितता के कारण लाभुकों ने एजेंसी को बैरंग वापस लौटा दिया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि जितना वजन सुकर को रहना चाहिए उतना से अधिक है तथा कई अस्वस्थ पाए गए इसे देखते हुए लाभुकों ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को पत्र लिखकर उत्तम नस्ल की सुकर व बकरी का मांग किया है। इस संबंध में एजेंसी से संपर्क किया गया तो संपर्क नहीं हो सका। आवेदन देने वालों में फिलोभिना मरांडी, करमचंद टुडू, बृजमुनी मोतीलाल बेसरा, बासमती देवी, चेतलाल टुडू, बसंती देवी,हीरामुनी देवी,अनिल टुडू, रमेश टुडू, समोती देवी, दुलिया देवी, हरिलाल मुर्मु, दसलाल हंसदा, महादेव मुर्मू समेत कई लोग का नाम शामिल है।

### आजसू पार्टी एवं अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ की बरका-सयाल में हुई संयुक्त बैठक


बैठक में दौरान मौजूद आजसू व लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी एवं अखिल झारखण्ड कोयला श्रमिक संघ की संयुक्त बैठक मंगलवार को बरका-सयाल आठ नंबर स्थित यूनियन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के बरका-सयाल अध्यक्ष इंद्रदेव राम एवं संचालन आजसू पार्टी के प्रखंड कोषाध्यक्ष व्यास पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के महासचिव सह पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थें। बैठक में बिजली, पानी, प्रदूषण, रोजगार सहित मजदूरों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। मौके पर सतीश सिन्हा ने कहा की खास करके बरका-सयाल क्षेत्र पर जो भी निजी कंपनी काम कर रही है उसमे शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कंपनी में कार्य रहे मजदूरों को नियमानुसार वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की क्षेत्र में पानी-बिजली, प्रदूषध आदि समस्याओं एवं अन्य मुद्दों को लेकर यूनियन व आजसू पार्टी 7 फरवरी को संयुक्त रूप से महाप्रबंधक को मांग-पत्र सौंपगी। श्री सिन्हा ने बताया की युवाओं को रोजगार दिलाने व विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर आगामी 22 फरवरी को बरका-सयाल क्षेत्र का चक्का जाम रहेगा। मौके पर पार्टी के पतरातु प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, विकाश कांत सिन्हा, शिवनंदन दास, जितेंद्र वर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, सनी सिंह, आमोद सिन्हा, राज सरकार, बालेशर करमाली, बिनोद सिन्हा, पंकज कुमार, राज नायक, कमलेश कुमार, संतोष ठाकुर, कवि यादव, जितेंद्र करमाली, मनोज करमाली, राकेश कुमार बाउरी, जगदीश भुंइया, मोनू कुमार, बालेश्वर करमाली, लालमोहन आदि मौजूद थें।

### बीजेपी सरकार के इशारों पर केंद्र की जांच एजेंसी कार्य कर रही है : संजीव बेदिया


संजीव बेदिया व अन्य।

**बड़कागांव।** झामुमो केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने बड़कागांव प्रखंड का दौरा किया। झारखंड में चंपई सोरेन सरकार बनने पर कार्यकताओं के बीच मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान बेदिया ने कंडाबेर माता स्थान में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख व स्मृद्धि की कामना की। मौके पर बेदिया ने कहा जिस प्रकार से बीजेपी सरकार के इशारों पर ईडी कार्य कर रही है झारखंड में कभी सफल नहीं हो सकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में कहा यदि केंद्र सरकार या ईडी हमको गलत साबित कर दे तो राजनीतिक से संन्यास ही नहीं बल्कि झारखंड छोड़ दूंगा। भाजपा का सरकार बनी है केंद्र में आज तक भाजपा का कोई नेता के यहां जांच क्यों नहीं हुआ है। प्रखंड झामुमो अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा चंपई सोरेन के सरकार बनने से बीजेपी को होश उड़ गया है। आगामी लोकसभा विधानसभा चुनाव में इसका बहुत बड़ा असर देखने को मिलेगा। मौके पर जिला सोशल मिडिया प्रभारी संजय भुईयां, सचिव सरोज कुमार, राकेश मिश्रा, जिला कांग्रेस महासचिव पंकज गुप्ता, बैजनाथ महतो, श्मशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिंहा, पीयूष बेदिया, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र बांडो, संजय रविदास, नंदकीशोर भुईयां, नरसिंह तुरी,मनोज ठाकुर, शिबू मेहता के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### बलकुदरा पंचायत के उउवि में पीभीयूएनएन पतरातू ने बच्चों के बीच बांटा बैग व पानी बोतल


अतिथियों के साथ बैग व बोतल लिये छात्र-छात्राएं।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मंगलवार को पीभीयूएनएन पतरातू द्वारा समुदाय विकास के तहत 212 छात्र-छात्राओं के बीच बैग एवं पानी बोतल का वितरण किया गया। बैग और पानी बोतल का वितरण स्थानीय मुखिया विजय मुंडा व पीभीयूएनएन सीएसआर के कार्यपालक निशांत सैनी ने किया। मौके मुखिया विजय मुंडा ने बच्चों से कहा की आपके पठन-पाठन में किसी भी सामग्री की कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा की शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। इसके बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। श्री मुंडा ने कहा की बच्चे देश के भविष्य हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। विद्यालय प्रबंधन बच्चों के हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए हर सार्थक कदम उठाएं। हमसभी जनप्रतिनिधि बच्चों के पठन-पाठन में हर संभव सहयोग करते रहेंगे। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कक्षा 5 व 6 के बच्चों से पढ़ाई-लिखाई के बावत कई प्रश्न भी पूछे। जिसमें पता चला की कक्षा 5वीं के 50 प्रतिशत बच्चों को छोटी-मोटी जोड़,.गुणा भी करना नहीं आता है। वहीं कक्षा 6ठी के अधिकांश बच्चों को ठीक से हिन्दी की पुस्तक भी पढ़ना नहीं आता। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की बच्चों का बाकी विषयों में क्या हाल होगा। मुखिया ने अपने पंचायत के स्कूल के शिक्षा के प्रति लचर व्यवस्था को देखकर काफी नराजगी व्यक्त करते की। मौके पर उन्होंने कहा की अपने पंचायत के स्कूल में पढ़ा रहे सहायक शिक्षकों को प्रतिवर्ष अपने वेतन का 4 प्रतिशत बढ़ोतरी का जो अनुशंसा मुखिया द्वारा किया जाता है वह अनुशंसा अब नहीं की जायेगी। उन्होंने स्कूल में पढ़ाई के प्रति लचर व्यवस्था बनाए रखने वाले शिक्षकों के ऊपर उचित कार्रवाई करने की भी बात कही। इधर बैग व पानी बोतल मिलने से बच्चों में काफी खुशी का माहौल दिखा। मौके पर पीभीयूएनएन सीएसआर के कार्यपालक निशांत सैनी, चेतक कुमार एवं स्कूल के प्राधनाध्यापक विनोद राम मुख्य रूप से उपस्थित थें।

# बिगहा में हो रहा भव्य मंदिर का निर्माण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चौपारण।** प्रखंड को ऐतिहासिक भद्रकाली मंदिर से जोड़ने वाले पथ चतरा रोड में मुख्यालय से महज दो किमी पर बिगहा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण जारी है। पहले स्थापित जीर्ण-शीर्ण मंदिर को तोड़कर बडे मंदिर का निर्माण हुआ है। चंद्रवंशी समाज द्वारा मंदिर को पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर दिन रात कार्य किए जा रहे हैं। मंदिर लगभग सतर लाख की लागत से प्रसिद्ध अभियंता मनीष सिन्हा की देखरेख में बन रहा है। मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने पर चंद्रवंशी श्री सनातन महासेवा धर्म जागरण सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ का आयोजन तीन मार्च से आहुत है। समस्त कार्यक्रम को लेकर समाज के अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंदिर की भव्यता के लिए हमलोग दिन रात मेहनत कर रहे हैं। बीते दो साल से मंदिर निर्माण कार्य निरंतर जारी है। मंदिर में शिवलिंग नर्मदा नदी, मध्य प्रदेश तथा माता पार्वती, गणपति, कार्तिक और नंदी की प्रतिमा के साथ भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा जयपुर से मंगाई जा रही है। इस आयोजन में झारखंड , बिहार समेत कई राज्यों से अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन की भव्यता को देखते हुए यज्ञ समिति का चुनाव किया गया है। इसमें अध्यक्ष राजेश रवानी (चौपारण) , सचिव लखन चंद्रवंशी (ईटखोरी), कोषाध्यक्ष कृष्णा चंद्रवंशी को बनाया गया है। हजारीबाग के गणेश सीटु को सऱक्षक बनाया गया है। पंद्रह अलग अलग कमिटियां बनाई गई है। सभी कमिटियों में प्रभारी,सह प्रभारी के साथ सदस्य तथा पांच सौ से अधिक सक्रिय सदस्य बनाये गये हैं। यज्ञ समिति के चयनित अधिकारी शीघ्र ही कमिटि का विस्तार करेंगे। इस परिसर से हजारीबाग,चतरा जिले के चौपारण, बरही, बरकळा,पदमा, इटखोरी, मयुरहंड, कान्हाचप्ती सहित दर्जनों प्रखंड के लोग जुड़े हैं। आयोजन की भव्यता के लिए हजारीबाग नगर कमिटि महेंद्र चंद्रवंशी, बिजय वर्मा, अर्जुन चंद्रवंशी की देखरेख में बनाया गया है। चतरा नगर कमिटि का भी निर्माण होगा। इसके साथ ही आसपास के सभी प्रखंडों के सभी वर्ग के गणमान्य, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जाएगा। वृहद आयोजन की तैयारी में जुटे अध्यक्ष राजेश रवानी तथा सचिव लखन चंद्रवंशी ने बताया कि महायज्ञ काशी के विद्वान डॉ चक्रपाणि महाराज तथा प्रवचन देश के प्रख्यात युवा कथा वाचक विवेक जी महाराज द्वारा किया जाएगा। जानकारी देने के दौरान सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया प्रदीप चंद्रवंशी, मयुरहंड जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि संतोष चंद्रवंशी, सेवानिवृत्त कोलकर्मी राजेन्द्र चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, करुणा चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, रामजीवन चंद्रवंशी, ज्ञानी चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, गणेश चंद्रवंशी, बाबुलाल चंद्रवंशी, सुनील शेखर, आशीष चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, प्रीतम चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# देश में कदम-कदम पर अन्याय होगा तो देश कैसे जुड़ेगा: राहुल

## देश में जाति जनगणना बहुत ही जरूरी, झारखंड में ट्राईबल व गरीब फ्रेंडली है सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वायनाड के सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा अन्याय का है। जिसमें सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, किसान न्याय, महिला न्याय व श्रमिक न्याय का है। इस कान्सेपट पर वे भारत जोड़ो न्याय यात्रा में निकले हैं।

आर्थिक न्याय के तहत युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही और महंगाई पूरे देश में चरम पर है। सामाजिक न्याय के तहत जातिगत जनगणना जरूरी है। देश के प्रधानमंत्री अपने को ओबीसी कहते हैं लेकिन वे खुद कनफ्यूज हैं हो गये और कहते हैं देश में दो जाति है अमीर व गरीब।

लेकिन देश में ओबीसी 50 प्रतिशत, आदिवासी 8 प्रतिशत और दलित 15 प्रतिशत हैं। जाति जनगणना से यह स्पष्ट होगा कि कौन जाति की संख्या कितनी है। इन जातियों के विकास के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। कांग्रेस पार्टी देश में जातीय जनगणना जरूर कराएगी। देश के संस्थानों, कारपोरेटर घराने या अन्य किसी संस्थान में ओबीसी नहीं है।



प्रेस कान्फ्रेंस करते कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी व अन्य।

देश में कदम-कदम पर अन्याय होगा तो देश कैसे जुडेगा। इसलिए भारत जोड़ा न्याय यात्रा वे कर रहे हैं। श्री गांधी भारत जोड़ा न्याय यात्रा के 24 वें दिन गुमला जिला के कामडारा व बसिया प्रखंड पहुंचे। जहां बसिया प्रखंड के एनआईपीसी मैदान में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा की साजिश के तहत प्रधानमंत्री ने पहले नोटबंदी कर छोटे व्यापारियों को बेरोजगार बना दिया। जिसे छोटे व्यापार खत्म हो गये। श्री गांधी ने कहा कि देश में पिछड़े, दलितों आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में जो सरकार है वह ट्राइबल व गरीब फ्रेंडली सरकार है। झारखंड में आदिवासियों की जमीन को लेकर समस्या है। जिसका समाधान राज्य सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मुलाकात उन्होंने की। कल्पना सोरेन ने कहा कि उनके पति के साथ अन्याय हुआ है जो अच्छी बात नहीं है। श्री गांधी ने कहा कि वे जेनरल कास्ट के जो गरीब हैं उनको आगे बढ़ाने के पूरा स्पोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ईडी व सीबीआई के द्वारा विपक्ष पर हमला कर रही है जो आज की राजनीति का रियालटी है। उन्होंने कहा कि वनाधिकार कानून में कुछ खामियां है उसे दूर कर लोगों को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में ममता बनर्जी है। नीतिश कुमार अब नहीं है। ममता बनर्जी गठबंधन की मजबूत स्तंभ है। प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, झारखंड कांग्रेस प्रभारी मीर गुलाम रब्बानी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ज्योति सिंह आदि उपस्थित थे।

## रास सांसद धीरज साहू ने फीता काटकर किया मुकाबला ए कव्वाली प्रोग्राम की शुरूआत, कहा

## बेमिसाल है गंगा यमुनी तहजीब, इसे हम बरकरार रखें

# जिले में आपसी सौहार्द और अमन-चैन बनी रहे: डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह (र.अ.) की 99वीं सालाना उर्स के मौके पर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा व उर्स कमेटी के जारीय महफिल-ए-कव्वाली प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार, सेक्रेटरी सफदर आलम, नायब सदर नेहाल कुरैशी, ज्वाइंट सेक्रेटरी मुजम्मिल अंसारी, उर्स कमिटी के चीफ कन्वेनर अब्दुल रउफ अंसारी आदि की उपस्थित में फीता काटकर किया गया। रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि लोहरदगा अमन व सौहार्द का इतिहास रहा है। हम हमेशा लोगों को जोड़ने का काम करते रहे हैं। आप हमेशा मिलजुल कर रहे हैं। बाबा से दुआ करते हैं कि बाबा लोहरदगा में हमेशा अमन शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बेमिसाल है गंगा यमुनी तहजीब, इसे कायम रखें, तभी वतन में अमन और सुकून बरकरार रहेगा। कहा कि बाबा के दर पर जो भी फरियाद लेकर आता है, उन्हें अवश्य रूप से खुशियां मिलती है। अध्यात्मिक सूफी संतों की दरगाह में खुशियां मिलती ही है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा इंसानियत की मिसाल है। उन्होंने टीवी सिंगर सलीम जावेद (मुंबई) एवं टीवी सिंगर सलीम राजा (मुंबई) की तारीफ करते हुए कहा कि इन कलाकारों के बीच शानदार कव्वाली मुकाबला होगा और लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के साथ-साथ भरपूर मनोरंजन होगा इसकी उन्होंने उम्मीद जताई। मुख्य संरक्षक उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा के लोगों में काफी अच्छी समझ, सौहार्द और तहजीब है। यह मुझे हजरत बाबा दुखन शाह की दरबार में नजदीक से देखने और समझने का शौभाग्य मिला। उन्होंने लोहरदगा जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि इसी तरह आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव को बरकरार रखें। पुलिस कप्तान हारिस बिन जमां ने कहा कि लोहरदगा जिले में सांप्रदायिक सौहार्द, बेमिसाल है, इसे हमेशा बरकरार रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऊपरवाले से दुआ है कि लोहरदगा जिले समेत देश में अमन और सद्भाव बनी रहे। सदर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि सांसद धीरज प्रसाद साहू हमेशा गरीबों को दिल खोलकर मदद तो करते ही हैं, सामाजिक कार्यों में भी काफी बढ़चढ़कर जिम्मेवारी निभाते हैं। इन्हें खुदा ने जो नेमत दी है, उसे बखूबी निभाते रहे हैं। हमेशा वह लोहरदगा के आवाम के साथ खड़े रहते हैं। उर्स के मौके पर कव्वाली मुकाबले में पहली रात अकीदतमन्दों ने कव्वाली का आनन्द रात भर लिया। टीवी सिंगर सलीम जावेद (मुंबई) एवं टीवी सिंगर सलीम राजा (मुंबई) ने लोगो के लिए अच्छे-अच्छे कलाम पेश किया। दोनों फनकारों ने हम्द व सना, नात ए पाक, गजल, वतन परस्ती मनकबद, शहीदी कलाम पेश किया। कव्वालों ने कव्वाली के माध्यम से कहा कि हिन्दू मुस्लिम एक ही थाली में खाएं, ऐसा हिन्दुस्तान बना दे या अल्लाह! दरिंदों के चक्कर में हम देश को टुकड़े नहीं होने देंगे, आदि कव्वाली के मिसरे प्रस्तुत किया। इसके पूर्व अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर हाजी अफसर कुरैशी, नाजिम ए आला हाजी जबारुल अंसारी, सेकेट्री सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, ज्वाइंट सचिव, उर्स कमिटी के कन्वेनरों द्वारा अतिथियों को पगड़ीपोशी एवं शॉल देकर समानित किया। इस अवसर पर उर्स कमिटी के कन्वेनरों शाहिद अहमद, नेहाल कुरैशी, मोजम्मील अंसारी, वासिफ कैय्यूम, कय्यूम खान, जफर इमाम, अजहर इमाम आदि के अलावे बड़ी संख्या में अकीदतमंद और कव्वाली के शौकीन मौजूद रहे।



मंचासीन अतिथि



उद्घाटन करते अतिथि



कव्वाली प्रस्तुत करते कलाकार



कार्यक्रम का लुत्फ उठाते दर्शक

# राहुल गांधी की एक झलक पाने को बेताब दिखे लोग, वाहन पर ही बैठे रहे राहुल गांधी

## सड़क पर खड़े लोगों का राहुल गांधी ने अभिनंदन भी नहीं किया





भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बसिया वाहन से पहुंचे राहुल गांधी, राहुल गांधी की एक झलक पाने को बसिया में उमड़ी भीड़





भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वाहन पर बैठे रहे राहुल गांधी, राहुल गांधी को देखने पहुंचे स्कूली बच्चे





राहुल गांधी के स्वागत के लिए सड़क के दोनों किनारों पर खडे लोग, राहुल गांधी के बसिया आगमन को लेकर उत्साहित कांग्रेसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा में निकले कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की एक झलक पाने को गुमला जिला के कामडारा व बसिया प्रखंड के लोग बेताब दिखे। अपने नेता के इंतजार में कड़ी धूप में लोग सड़क के दोनों छोरों पर खड़े रहे। स्कूली बच्चे भी राहुल गांधी की एक झलक पाने को बेताब नजर आये। बसिया में सड़क के दोनों छोरों पर लोगों की लंबी कतार राहुल गांधी को देखने उमड़ी थी। जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं की काफी भीड़ रही। सड़क के दोनों छोरों पर कांग्रेस के नेता हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर लहरा रहे थे और राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। लगभग 12 बजे राहुल गांधी बसिया प्रखंड के एनआईपीसी मैदान पहुंचे। लेकिन राहुल गांधी की झलक लोगों को नहीं मिल पायी। क्योंकि वे वाहन के अलगे सीट पर बैठे रहे। जनता की ओर उठकर उनका अभिवादन भी नहीं किये। बहुत सारे लोग वाहन में बैठे राहुल गांधी को देखकर संतुष्ट नजर आये। इस दौरान राहुल गांधी जनता को संबोधित भी नहीं किये और न ही अपने भारत जोडो न्याय यात्रा से उन्हें अवगत कराया। बसिया के कोनबीर में चौक में राहुल गांधी की झलक पाने को लेकर लोग भारी संख्या में जुटे थे। परंतु वहां भी राहुल गांधी का काफिला नहीं रूका और वे सीधे सिमडेगा जिला की ओर निकल गये। जिसे लोगों में थोडी नाराजगी भी देखने को मिली। क्योंकि सुबह से लोग राहुल गांधी को देखने के लिए बेसब्री से घंटों सड़कों पर खडे रहे।

**कांग्रेसियों को भी राहुल गांधी से मिलने का नहीं मिला अवसर :** भारत जोडो न्याय यात्रा के दौरान बसिया पहुंचे कांग्रेसियों को भी राहुल गांधी से मिलने का अवसर नहीं मिल पाया। शिडयूल इतना टांइट था कि कांग्रेस मात्र एक आम नागरिक की तरह वाहन पर बैठे राहुल गांधी की झलक देखने को आतुर दिखे। राहुल गांधी के बसिया आने से पूर्व कांग्रेसी नेता जयाकरे भी लगाते रहे और अपना वक्तव्य भी देते रहे। लेकिन कमाल तो तब हो गया जब उन्हें बसिया के एनआईपीसी मैदान में प्रवेश करने के लिए पसीने बहाने पडें। इसके बावजूद भी उन्हें सुरक्षा कारणों से अंदर जाने का मौका नहीं मिल पाया। वहीं राहुल गांधी के काफिले के साथ जिलाध्यक्ष एनआईपीसी मैदान पहुंचे थे। जहां से निकलने के क्रम में जिलाध्यक्ष को भी कांग्रेसियों ने धक्का मारकर हटा दिया।

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित :** राहुल गांधी के न्याय यात्रा के दौरान जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, प्रदेश सचिव रमेश कुमार, अकील रहमान, रोशन बरवा, गीता श्री उरांव, राजनील तिग्गा, मानिक चंद साहु, मुरली मनोहर प्रसाद, रामनिवास प्रसाद, गुलाम सरवर, भैया राम उरांव, जय सिंह, तरूण गोप, बसंत साहु, दीपनारायण उरांव, रोहित उरांव, संतोष कुमार गुप्ता, विकास गुप्ता, अमर प्रदीप टोप्पो, बॉबी भगत, अमृता भगत, मो. कलाम, फिरोज आलम सहित सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कर रही है कार्य : मनीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय कार्यक्रम बूथ प्रवास के तहत लोहरदगा जिला के सेन्हा मंडल के डाडू शक्ति केंद्र के बूथ नंबर 54 एकागुड़ी में बुथ कमेटी की बैठक शंकर लोहरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि आज महिला सशक्त हो रही है, गांव में केंद्र सरकार की दी जाने वाली योजना दिख रहा है, सबको उज्जवला गैस का लाभ मिला है, मुफ्त में सभी गरीब परिवारों को खाद्यान्न मिल रहा है, हर घर नल जल योजना के तहत घर-घर शुद्ध पीने का पानी मिल रहा है, किसानों को किसान सम्मन निधि का लाभ प्राप्त हो रहा है, युवाओं को रोजगार देने के लिए के लिए कौशल विकास से जोड़ा जा रहा, है महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि मोदी जी गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख का लाभ दे रहे हैं, गांव के किसने के उत्थान के लिए किसान सम्मान निधि के रूप में सहयोग हर वर्ष 6000 हजार प्रत्येक किसानों को दे रहे हैं। आने वाला समय सिर्फ हमारा होगा, एक दिन हमारा भारत विश्व का गुरु बनेगा बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह, मंडल अध्यक्ष सहित डाडु शक्ति केंद्र के पांच बुथ के अध्यक्ष एवं दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए।



बैठक की सम्बोधित करते जिला अध्यक्ष

## कैरो भाजपा की बैठक सम्पन्न

**कैरो, लोहरदगा।** कैरो देवी मंडप प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी की बैठक कैरो मंडल अनुसूचित जनजाति मोर्चा उपाध्यक्ष सुखदेव उरांव की अध्यक्षता में की गई। उक्त बैठक में अपने संबोधन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य बजरंग उरांव ने कहा कि आगामी 11 फरवरी को तारा मैदान रांची में आदिवासी सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आदिवासी समाज के लोग अपना हक और अधिकार को जानने का प्रयास करें। वहीं जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि आदिवासी सम्मेलन में कैरो क्षेत्र से लगभग ढ़ाई से तीन हजार की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग तारा मैदान रांची जाने की पूरी तैयारी की गई है।

## डीडीसी ने सुनी लोगों की समस्या

**गुमला।** जिला स्तरीय साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन मंगलवार को उप विकास आयुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जन शिकायत निवारण दिवस में दूर दराज से लगभग 40 आवेदकों ने उप विकास आयुक्त से मुलाकात की। वहीं जिले में संचालित नई गतिविधि ई- जन शिकायत के माध्यम से आज डुमरी एवं जारी प्रखंड से कुल 15 आवेदकों ने उप विकास आयुक्त से ऑनलाइन वीडियो कॉल के माध्यम से मुलाकात की एवं अपनी समस्याओं को साझा किया। उप विकास आयुक्त ने एक एक कर सभी समस्याओं को सुना एवं प्रत्येक समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जन शिकायत निवारण दिवस में समाहरणालय आए आवेदकों में से घाघरा निवासी जयंती देवी ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए सफेद कार्ड से लाल कार्ड में उनका नाम जोड़ने के लिए कहा। वहीं घाघरा निवासी अंजली कुमारी ने अपना आवेदन समर्पित करते हुए अपना नामांकन कस्तूरबागांधी विद्यालय में करवाने हेतु आग्रह किया।

## एक नजर में

# खूबसूरत मंजिल को पाने के रास्ते कठिनाइयों से भरे होते हैं: प्राचार्य



बच्चो के साथ प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य जीपी झा ने कहा की महात्मा नारायण दास ग्रोवर महान शिक्षाविद, दार्शनिक और गरीबों व लाचारों की सहायता करते हुए समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहने वाले महामानव थे। महात्मा जी सच्चे कर्मवीर और गांधीजी के सिद्धांतों पर चलने वाले थे। गरीबों, असहायों एवं आदिवासी क्षेत्रों के उत्थान के लिए महात्मा जी का जो कार्य है वह अवर्णनीय है।

झारखंड में सफलतम रूप से संचालित डीएवी विद्यालयों की स्थापना में महात्मा जी की मुख्य भूमिका है। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा जी की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य जी पी झा द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया तत्पश्चात सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों व विद्यार्थियों द्वारा पुष्प के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र पलक सिंह व शिक्षक रुचिर मृगेंद्र द्वारा महात्मा जी के जीवन यात्रा पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए प्रभावी भाषण प्रस्तुत किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक द्वारा मधुर संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्राचार्य ने महात्मा जी के जीवन आदर्शो से विद्यार्थियों को परिचित करवाते हुए कहा कि खूबसूरत मंजिल को प्राप्त करने के लिए कठिन रास्तों को पार करना होता है इसलिए हमें कठिनाइयों से ना घबराते हुए धैर्य व बुद्धिमानी से उसका सामना करना चाहिए। विद्यालय में आयोजित विज्ञान व कला प्रदर्शनी का परिणाम घोषित करते हुए विद्यार्थियों को शील्ड व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। जिसमें जूनियर में अवयुक्ता पोद्दार व समूह ने प्रथम, रिशीथ राज दास व समूह ने द्वितीय तथा अंशिका कुमारी व समूह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। सीनियर विद्यार्थियों में विज्ञान प्रदर्शनी में गौरव राज व समूह ने प्रथम, रोशन कुमार वह समूह ने द्वितीय तथा तनु राय व समूह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। कला प्रदर्शनी में रिया सिंह व समूह ने प्रथम, नित्या व समूह ने द्वितीय तथा कनिका सिंह व समूह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। बिजनेस मॉडल में लव कुमार व समूह ने प्रथम, भव्या चंद्रा व समूह ने द्वितीय तथा राजकुमार साहू व समूह ने तृतीय स्थान अर्जित किया। साथ ही जोनल स्तरीय कराटे कंपटीशन में कक्षा पांचवी के छात्र अमन उरांव द्वारा गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर विद्यालय की ओर से भी उन्हें पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में जोनल स्तर पर आयोजित साइंस ओलंपियाड में विद्यालय के उत्सव गुप्ता, पलक सिंह, विराट आदित्य झा, माहिका कुमारी व ओजल भालेकर द्वारा प्रथम स्थान अर्जित करने पर पुरस्कृत किया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जैक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा प्रखंड के दो केंद्रों में आज से शुरू



परीक्षा केंद्र पहुंचे अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** झारखंड अधिविधि परिषद द्वारा दसवीं की परीक्षा भंडरा प्रखंड क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा में व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा के साथ शुरू हो गई है। यह परीक्षा 26 फरवरी तक चलेगा। इस क्रम में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा के प्रिंसिपल डॉ सुधांशु ने बताया कि इस केंद्र में व्यावसायिक शिक्षा के तहत 183 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें दो छात्र अनुपस्थित हुए. 181 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में कृषि, हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स की परीक्षा छात्रों ने लिखी। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण जिला से आए पदाधिकारी के द्वारा की गई। एडीएसओ ने भी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारी ने विद्यालय की व्यवस्था की सराहना की। जिसमें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, बिजली एवं पानी की व्यवस्था की समुचित व्यवस्था की गई है। झारखंड अधिविघि परिषद द्वारा संचालित दसवीं की परीक्षा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बीटपी में भी आज से सीसीटीवी की निगरानी में शुरू हो गया। इस क्रम में केंद्र में कृषि, हार्डवेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स की परीक्षा दसवीं के छात्रों ने लिखी। बिट्टपी केंद्र में 66 छात्रों को परीक्षा लिखना था। जिसमें सतप्रतिशत छात्रों की उपस्थिति हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि विद्यालय में शांतिपूर्ण तरीका से कदाचार मुक्त परीक्षा हो रही है। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण वीडियो रंजीत कुमार सिन्हा सहित जिला से आए पदाधिकारीयो के द्वारा भी की गई।

# झारखंड विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी मिले पीड़ित परिवार से



पीड़ित परिवार से मिलते अमर बाउरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा।** बीते रविवार को कुडू साप्ताहिक बाजार में कुडू पूर्व पंचायत समिति सदस्य को अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। मामले की सूचना मिलने पर झारखंड विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बाउरी पीड़ित परिवार के यहाँ पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिले। अमर कुमार बावरी ने मामले को लेकर पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों से बात कर उन्हे जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों अपराधिक घटनाएं काफी बढ़ी हुई है। कुडू में एक साल में कुडू में चार घटनाए हुई है जिसमे दो की मौत हो चुकी है। बढ़ते हुए अपराध को नियंत्रण करे सरकार। जो भी वादे पीड़ित परिवार को किए गए है उन्हे जल्द पूर्ण करे।

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने लगाया बीपीओ पर रिश्वत मांगने का आरोप

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार सिंह ने बीपीओ राजेश पासवान पर मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। इस बाबत उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को आवेदन दिया है और जांच कर कार्रवाई की मांग की है। मुखिया का कहना है कि बीपीओ योजनाओं में मनमाने ढंग से पैसे की मांग कर रहे हैं। जिन कूपों की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है तथा जियो टैगिंग हो चुका है उन्हें भी बीपीओ के द्वारा नहीं छोड़ा जा रहा है। जो भी लाभुक इस कार्य के लिए उनके पास पहुंचता है उनसे दस हजार रुपए की मांग की जाती है। ऐसे में लाभुक परेशान हैं और कूप निर्माण आदि योजनाओं का कार्य बाधित है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर, रेफर



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के बिल्सी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सबानो निवासी मो मेहताब और तौसीफ का नाम शामिल है। दोनों का प्राथमिक उपचार सिमरिया अस्पताल में किए जाने के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों अपाचे मोटरसाइकिल में सवार होकर डाड़ी से सिमरिया चौक और आ रहे थे। गति तेज होने के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही एक बोलेरो से टकरा गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि दोनों को गंभीर चोटें लगी। हेलमेट नहीं पहनने के कारण गंभीर चोटें सर पर भी लगी है। ग्रामीणों की सहायता से उन्हें आनन-फानन में सिमरिया अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना के बाद सिमरिया अस्पताल में उनके परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है।

### बाबूलाल मरांडी से विधायक ने की शिष्टाचार मुलाकात



**टंडवा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से सिमरिया के विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा किया। साथ ही साथ झारखंड के वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की।

### डीसी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य , वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड से संबंधित मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

### रियल लाइफ का हीरो है हेमंत सोरेन : संजय

**झुमरीतिलैया।** भाजपा की तमाम कोशिशें नाकाम हो गई है। भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री रास नहीं आ रहा था, इसलिए देश के प्रानमंत्री ने झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पीछे से ईडी को लगा रखा था। पीएम का निर्देश था कि जैसे भी हो उसे फांसाओ और उसे झुकाव लेकिन हेमंत में हिम्मत है उन्होंने झुकने का नाम नहीं लिया। झामुमो उक्त बातें झामुमो कोडरमा जिला प्रवक्ता संजय साजन ने प्रेस बयान जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के साढ़े तीन करोड लोगों के साथ वह कोई समझौता नहीं कर सकते।

# खून से लथपथ शव बरामद, हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदरवर्ती पंचायत डगरनवां के ग्राम दलदल से एक व्यक्ति का खून से लतपथ सोमवार को एक शव बरामद किया गया। वहीं शव कि पहचान गिरिडीह जिला के घोडथम्भा ओपी क्षेत्र के नीमाडीह निवासी 65 वर्षीय सकूर मियां पिता कादिर मियां के रूप में किया गया। वहीं मृतक के पुत्र सुल्तान अंसारी ने नवलशाही थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि हमारे गांव के द्वारिका तुरी पिता स्व. हाडी तुरी हमारे पिता के साथ जंगल गए थे तथा विगत घटना से एक दिन पूर्व भी द्वारिका तुरी हमारे पिता के साथ जंगल गए थे, मगर बीच रास्ता से अपनी बच्ची के कुंआ में डूबने का बहाना बनाकर वापस लौट गया था, जबकि द्वारिका तुरी का बच्ची कुंआ में नही डूबी थी तथा पुनः जंगल की ओर चला गया। दिनभर जब पिता घर वापस नही लौटे तो शाम में खोजना शुरू किया, तत्पश्चात् काफी जख्मी हालत में मेरे पिता का लाश मिला।

आगे उन्होंने कहा है कि द्वारिका तुरी ने ही मेरे पिता का हत्या का दोषी है, जिसका छानबिन कर आगे की कार्रवाई की जाय, ताकि मेरे पिता का हत्यारा का सजा मिल सके।

# बालू चालान में मनमाना पैसा वसूलने व रंगदारी को लेकर उपायुक्त को आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला ट्रैक्टर एसोसियेशन ने मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मुलाकात कर एक आवेदन सौंपा है। दिये गये आवेदन में बताया गया कि जयनगर प्रखंड के लतभेदवा बालू घाट का टेंडर खनन विभाग के द्वार विजय शर्मा के नाम से किया गया, लतभेदवा बालू घाट से बालू का उठाव नहीं हो रहा है।

जिसके बाद पूरे जयनगर प्रखंड में निबांन अभिकर्ता के रंगदार मनोज मुंडा, विपुल, छोटे लाल यादव व मोहन यादव के द्वारा मनमाने ढंग से 750 रुपया के चालान के जगह 1600 रुपया का चालान काटा जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है। हमलोगों के द्वारा बोला जाता है कि लतभेदवा से बालू उठाव कीजिए तो बोलता है कि जहां चाहिए वहां से पैसा वसूली करेंगे और नहीं दोगे तो ठिकाने लगा देंगे। वहीं ट्रैक्टर एसोसियेशन के पदाकािरियों ने बताया कि उपायुक्त ने आश्वासन दिया की संबंाित पदाकािरी से जांच करवाकर इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर लक्ष्मण यादव, विजय कुमार सिंह, अरुण सिंह, विक्रम यादव, आजाद यादव, काजू यादव, मनी साव, किशन राणा, शंकर पंडित, धर्मेंद्र दास, मनोज यादव, अभिषेक यादव, मो.साजिद, राजू साव, दामोदर प्रसाद मंडल, राजू यादव, संदीप यादव, राजकुमार यादव व ट्रैक्टर एसोशियेसन के सैकड़ों चालक व वाहन मालिक मौजूद थे।

### नगर प्रशासक ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार को नगर प्रशासक हर्षवान कुमार के आदेश अनुसार शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वहीं कर समाहर्ता भुवनेश्वर साव के नेतृत्व में रांची-पटना रोड, झंडा चौक व स्टेशन रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान में सड़क के दोनों और अस्थाई अतिक्रमणकारियों से जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान सड़क पर गिटी, बालू,ईटा, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं ट्रेड लाइसेंस से 67 सौ रूपये जुर्माना के रूप में वसूली गई। वहीं नगर प्रशासक हर्षवान ने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे शहर में दो पाली में चलाई जा रही है, जिसमे विशेष रूप से प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों, सड़क को अतिक्रमित करने वाले एवं प्रतिष्ठानों का ट्रेड लाइसेंस को लेकर जुर्माना वसूला जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगी और नगर परिषद इसे लेकर काफी सक्रिय भी है।

### दो दिवसीय बसन्त महोत्सव सह श्री राम संकीर्तन मंडल का वार्षिक उत्सव 14 से

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री राम संकीर्तन मंडल की बैठक खुदरा पट्टी स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में हुई। बैठक में आगामी 14 व 15 फरवरी को 2 दिवसीय बसन्त महोत्सव सह मंडल का वार्षिक उत्सव भक्ति भाव से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम संरक्षक राजेश कपसीमे आगंतुक श्रद्धालु भक्तों का स्वागत किया। वहीं अध्यक्ष मुन्ना भदानी ने कहा कि मंडल 32वां वार्षिक उत्सव बसंत महोत्सव को लेकर विभिन्न देवी देवताओं का दरवार सजाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय व बाहर के भजन गायक अपने भजनों की प्रस्तूति से श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में गोता लगाने का मौका देंगे। 15 फरवरी को प्रातः 9 बजे से ज्योत के साथ सुबह कार्यक्रम की शुरुवात होगी। इसी दिन समापन के पूर्व बसन्त ऋतु के आगमन पर अबीर, गुलाल के साथ होली खेली जाएगी एवं भव्य गजरा अर्पण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# मोदी सरकार के वित्तीय प्रबंधन में है विकसित भारत का स्पष्ट विजन : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि जब देश 2047 में स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाए तो भारत एक विकसित, आत्मनिर्भर और समर्थ राष्ट्र की पहचान बना चुका हो। अगर प्राानमंत्री के रूप में इनके कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट होता है कि मोदी जी के नेतृत्व में सरकार का एक एक कदम विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा है। संसद में आदरणीया राष्ट्रपति के अभिभाषण और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में भी मोदी सरकार की वही दृष्टि और प्रतिबद्धता परिलक्षित होती है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में जोर देश के हर व्यक्ति तक न्यूनतम गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने पर रहा। शौचालय, आवास, पेयजल, बिजली, स्वच्छ ईंधन, चिकित्सा सुविधा, स्वरोजगार के अवसर, बेहतर शिक्षा और हुनर को हौसला आदि ऐसी चीजें हैं जो हर आदमी की बुनियादी जरूरत है लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के छह दशक बाद भी इन सुविाओं से देश की बड़ी आबादी वंचित थी। मोदी सरकार ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों तक चरणबद्ध तरीके से ये सुविधाएं पहुंचाई। खासियत यह रही कि इन सुविधाओं को पहुंचाने के क्रम में धर्म, जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर कोई विभेद नहीं किया और हर योजना के लिए एक टाइम फ्रेम तय किया। ध्यान रखा गया कि वंचितों को वरीयता देते हुए विकास का लाभ सबको मिले और पूरा मिले। अब प्रधानमंत्री का फोकस चार प्रमुख वर्गों यानी गरीब, महिलाएं, युवा एवं अनधनदाता (किसान) को ऊपर उठाने पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर आने में मदद की। पीएम-जनान खातों के उपयोग से बैंक खातों में 34 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ और इससे सरकार को 27 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई। हमारी समृद्धि युवाओं को पर्याप्त रूप से साधन संपन्न करने और सशक्त बनाने पर निर्भर करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से परिवर्तनकारी सुधार लाए जा रहे हैं। उदीयमान भारत के लिए पीएम स्कूल (पीएम श्री) में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई हो रही है, और बच्चों का समग्र और चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार अनवरत 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के सुस्पष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए काम कर रही है। अंतरिम बजट में भी उसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पर्याप्त और सुनिश्चित प्रावधान है।

# कैपिटल विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर सेमिनार का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के चित्रगुप्त नगर स्थित कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिक विभाग द्वारा करवाया गया।

इस सेमिनार का नियोजन कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजीत सिंह के निर्देश पर करवाया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य लोगों में इंटरनेट के लाभों तथा हानियों के बारे में जागरूक करना था। वहीं निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने कहा कि आज हम सभी मिलकर सुरक्षित इंटरनेट दिवस के उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। आधुनिक युग में इंटरनेट ने हमारे जीवन को बदल दिया है, हमें एक-दूसरे से जुड़ने और जानकारी को साझा करने का एक नया माध्यम प्रदान किया है, लेकिन इस तकनीकी उत्सव के साथ, आमने-सामने हमें कई सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वहीं कुलपति डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि हमें आज के दिन सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इंटरनेट पर सुरक्षित और स्वस्थ रहें और अपने नेटवर्क और साइबर सुरक्षा के लिए सावधान रहें। वहीं डॉ. तेज नारायण ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस मौके पर हम सभी को एक सकारात्मक संदेश देना चाहिए कि हम सभी इंटरनेट का सही उपयोग करें, सावधानी बरतें, और साइबर सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं, ताकि हम सभी सुरक्षित रह सकें। वहीं प्रो. अजय कुमार दांगी ने भी अपने विचार रखे और सभी को इंटरनेट का लाभ तथा हानियों से अवगत करवाया। मौके पर विशाल कुमार यादव, प्रो. सुलोचना नायक, प्रो. वंदना भदानी, प्रो. हरिहर बर्णवाल, प्रो. अजय कुमार बर्णवाल, प्रो. प्रिया कुमारी, प्रो. अजय कुमार दांगी, प्रो. चंदन कुमार, प्रो. मिथिलेश कुमार यादव समेत शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### खरखार में दलितों पर हमला के बाकी सभी अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी हो : डीएसएमएम

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नवलशाही थाना अंतर्गत खरखार पासवान टोला में दबंगों द्वारा दलित परिवार के महिला पुरूषों के साथ मारपीट करने एवं जाति के नाम से गाली-गलौज करने की घटना में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी होने पर पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया गया, मगर मुख्य अभियुक्त सहित अन्य की गिरफ्तारी नहीं होने पर रोष भी व्यक्त किया गया। आगे की रणनीति बनाने के लिए दलित शोषण मुक्ति मंच की बैठक बजरंग नगर झुमरीतिलैया में पासवान जिला कल्याण समिति के जिलायक्ष बाला लखेन्द्र पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया। जिसमें 9 फरवरी को पुलिस आीक्षक से प्रतिनिाि मंडल मिलने एवं 12 फरवरी को जयनगर में दलित समाज के नेतृत्वकारी लोगों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिसमें आगे के आंदोलन का फैसला लिया जाएगा। वहीं वक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की रक्षा के लिए एससी एसटी कानून का पालन नहीं किया जा रहा है।

# मनरेगा प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिद्धौर।** प्रखंड परिसर सभागार में मंगलवार को हमारा पैसा हमारा हिसाब मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 तथा 2022-23के सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोकपाल संध्या प्रधान के द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जिला परिषद सदस्या अनीता देवी एसेजी समूह से अंजू देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के समक्ष कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जहां सामाजिक अंकेक्षण सदस्य अजीत प्रजापति गणेश यादव विनय कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इन सभी के बीच मनरेगा से जुड़े सभी योजनाओं का जनसुनवाई कार्यक्रम में पेश किया गया। जहां पूरे प्रखंड से 22 योजनाओं के बारे में बातें रखी गई। जिसका ऑन द स्पॉट निष्पादन सभागार में ही किया गया। मौके पर उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह सभी पंचायत के मुखिया निर्मला देवी सुमीरा देवी देवी सरिता देवी जगदीश यादव डेगन गंझु पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार सभी रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी पार्वती देवी शालिनी भारती प्रदीप कुमार सत्येंद्र कुमार एवं अनेकों लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बाइक दुर्घटना में घटनास्थल पर युवक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य पथ के गोसाईटील्हा एचपी गैस एजेंसी के समीप स्थित पुल पर अनियंत्रित हो बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

लोगों के द्वारा बताया गया कि व्यक्ति चतरा सदर थाना के लैन मुहल्ला निवासी मो.फैसल (अमर) है। इस घटना की सूचना राहगीरों ने थाना प्रभारी को बताया। सूचना पर थाना प्रभारी गुलाम सरवर अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां घायल व्यक्ति को अपने वाहन से चतरा सदर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी अनुसार मृतक हजरीबाग की ओर से तेजी से चतरा की जा रहा था। गोसाईं टील्हा पुल पर अनियंत्रित हो पुल के बगल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु घटनास्थल पर हो गयी। पुलिस बाइक को थाना ले गयी है। जिस गाड़ी का नंबर जेएच13सी6691 है।

### फिर एक बार मोदी सरकार स्लोगन के साथ किया जा रहा है दीवार लेखन




खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी बुथों पर फिर एक बार मोदी सरकार स्लोगन के साथ सभी बुथों पर दीवार लेखन किया जा रहा है। कार्यक्रम के निमित्त मंगलवार को बारीसाखी पंचायत के पेक्सा एवं नयाखाप बुथ क्षेत्र पर दीवार लेखन किया गया।इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे ग्रामीणों को बताया गया। इस मौके पर गिद्धौर भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार के स्लोगन के साथ भारतीय जनता पार्टी के आदरणीय नेतागण एवं कार्यकर्तागण हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बना रहें हैं सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा। आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सेवा,सुशासन व विकास के हमारे संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनने के लिए जनता उत्साहित हैं।

### कृषि सखी और पशु सखी की मासिक बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जेएसएलपीएस संचालित आस्क ऑफिस में कृषि सखी एवं पशु सखी के साथ मंगलवार को मासिक बैठक किया गया। यह बैठक एफटीसी अनिल प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। जहां उपस्थित सभी समूह के दीदीयों को कई दिशा निर्देश दिए गए एवं महीने भर का कार्य का जायजा लिया गया। साथ ही साथ महिलाओं को दिए जाने वाले प्रोत्साहित राशि का वर्क डॉन भी जमा करवाया गया। मौके पर एल एचसीआरपी सुमन वर्मा, बीआरपी विजय रजक, युगेश्वर दांगी, नीलम कुमारी, सुगी कुमारी, उषा देवी, मालती देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

### दयानंद पब्लिक स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मां सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल गाडीलौंग टंडवा में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एन टी पी सी, सी आई एस एफ के डीजी, पीएस श्रीजीत व टंडवा भाजपा प्रवक्ता महेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यपीका रजनी कुमारी निदेशक पवन कुमार चौरसिया व विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका मौजूद थे। मुख्य अतिथि ने बारीकी से प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण किया एवं बच्चों से प्रश्न पूछे तत्पश्चात उन्होंने कहा कि बच्चे काफी होनहार हैं तथा इनका भविष्य उज्जवल है और उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी को देखकर उन्हें अपने स्कूल के दिन याद आ गए। कला में कक्षा एनयूआर से 4 तक व विज्ञान में 5 से 8 तक के बच्चों एवं बच्चियों ने भाग लिया बच्चों ने वातावरण संरक्षण ,चंद्रयान मिशन, जल के शुद्धता, इंटरनेट के दुष्प्रभाव, ज्वालामुखी, बिजली बचत, सड़क सुरक्षा इत्यादि पर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में इससे भी बेहतर प्रदर्शनी का आयोजन करने का संकल्प लिया।

## टोरी में शुरू हुआ फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, लोगो मे खुशी

# स्टेशन के उत्तर दिशा में रहने वाले सैकड़ो विद्यार्थी समेत हजारों लोग होंगे लाभान्वित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ओवर ब्रिज निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ।

**चंदवा।** लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद चंदवा वासियो की वर्षों की मांग आखिरकार पूरी हो गयी। धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में सुमार टोरी जंक्शन में फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य जोरो सोर से शुरू हो गया, निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगो मे हर्ष देखा जा रहा है। फुट ओवर निर्माण की लागातार मांग कर रहे रवि डे, माकपा नेता अयूब खान, सुरेंद्र सिंह, मनु उरांव, कांग्रेस के असगर खान समेत कई प्रबुद्धजनों ने निर्माण कार्य का जायजा लिया। कहा कि 20 वर्षों का लंबे संघर्ष के बाद आज फुट ओवर भी निर्माण कार्य शुरू होना सबसे संघर्ष का परिणाम है। बता दें कि टोरी जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही थी। टोरी जंक्शन का विस्तार होने के बाद टोरी जंक्शन पर 10 रेलवे लाइन बिछाए जाने के कारण जंक्शन के उत्तर दिशा के कई गांवों के सैकड़ो विद्यार्थी व हजारों को जाम जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करना पड़ता है। लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। फुट ओवर ब्रिज निर्माण शुरू होने के बाद लोगों में हर्ष देखा रहा है। विदित हो कि ईस्ट सेंट्रल रेलवे द्वारा पत्र जारी कर 22 दिसंबर 2023 से ही फुट ओवर ब्रिज निर्माण शुरू करने की बात कही गयी थी, लेकिन कुछ तकनीकी व्यवधान के कारण कार्य शुरू होने में लगभग डेढ़ माह का समय लग गया।

### एफओबी की मांग को लेकर इन्होंने उठायी थी आवाज

एफओबी को लेकर आवाज उठाने वालो में स्व. प्रह्लाद प्रसाद उर्फ लादू बाबू, स्व. अशोक राम, स्व. अजय वर्मा, स्व. बदरु उरांव, स्व. रामदेव गंझु, स्व. मो. हासिम, रामप्रवेश यादव, अजय चौधरी, किशोरी पासवान, लाल मोतीनाथ शाहदेव, अनिल मिंज, रामयश पाठक, भुनेश्वर प्रसाद, रवि कुमार डे, मनोज चौधरी, मुरली प्रसाद, सचिव प्रमोद कुमार साहु, मो. अलाउद्दीन पप्पू, शंकर कुमार साहु, बीरजू राम, कन्हाई सिंह खरवार, सुधीर प्रसाद शामिल हैं।

# पोषण युक्त एवं स्वच्छ खाना बच्चों को दे रसोईया: मुखिया

- संकुल काली के मवि ढोटी मे कुकिंग प्रतियोगिता संपन्न, मवि डुमारो की रसोईया को मिला प्रथम पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुरस्कार लेती रसोईया।

**चंदवा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय ढोटी मे राज्य शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार संकुल स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुकिंग प्रतियोगिता में संकुल क्षेत्र काली के विद्यालयों की रसोइया ने भाग लिया। कुकिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन डुमारो पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो एवं जिला स्वच्छता समन्वक संजीत कुमार ने किया। उपस्थित रसोईया को संबोधित करते हुए डुमारो पंचायत की मुखिया सुनीता खलखो ने कहा कि बच्चों को पोषण युक्त खाना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पोषण युक्त भोजन करने से बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। कुकिंग प्रतियोगिता में उपस्थित जिला स्वच्छता समन्वक संजीत कुमार ने कहा कि पोषण युक्त खाने के साथ-साथ रसोईया को बच्चों के साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिए। खाना खाने के पूर्व बच्चों को हाथ बुलाने के लिए प्रेरित कर उन्हें नियमित आदतन डालने के लिए बताना चाहिए। कुकिंग प्रतियोगिता के बाद डुमारो पंचायत मुखिया सुनीता खलखो ने मध्य विद्यालय डुमारो की रसोइया को प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय घोड़ियालागर के रसोईया को द्वितीय स्थान देकर उन्हें प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। वहीं स्थानीय संकुल साधन सेवी विकास कुमार ने प्रथम स्थान पाने वाली रसोइया को 1000 एवं द्वितीय स्थान पाने वाली रसोइया को 500 रुपये उनके खाता में विभाग द्वारा भेज कर उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। श्रम संसाधन विभाग के अभिषेक कुमार ने रसोईया को श्रम विभाग से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर पर संकुल साधन के सभी विद्यालयों को शिक्षक उपस्थित रहे।

## इंटर की परीक्षा में दो परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित


परीक्षा देते छात्र।

**बारियातू।** प्रखंड में बनाये गए दो परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय व आदर्श मध्य विद्यालय में मैट्रिक व इंटरमीडिएट के परीक्षा मंगलवार को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू में कृषि (वोकेशनल) की परिक्षा पांच परिक्षाथीयों में सभी उपस्थित रहे.वहीं संकाय विज्ञान की परिक्षा में सभी 54 परिक्षार्थी उपस्थित रहे। इधर आदर्श मध्य विद्यालय परिक्षा केन्द्र बारियातू में एग्रीकल्चर की परिक्षा में 67 परिक्षार्थी में 65 उपस्थित रहे जबकि 2 अनुपस्थित रहे। वहीं ऑटोमोटिव की परिक्षा में से 55 परिक्षार्थी सभी उपस्थित रहे। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिल कुमार कुजुर व बारियातू आदर्श मध्य विद्यालय के केन्द्राधिक्षक अनिता देवी ने परिक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाए। मौके पर विक्षक संजिव कुमार, अजय बैठा, महेंद्र प्रसाद, मिथलेश कुमार मेहता, लालचंद पासवान, मो महताब, राकेश कुमार सिंह, रामजी प्रसाद, जमुनाधर मिश्र, बाबूलाल कुजुर, सत्येन्द्र राम, इमरेंसिया कुजुर, द्वारिका राम, रामाधार राम सहित कई विक्षक मौजूद रहे।

# आपसी विवाद में पति ने की पत्नी की हत्या

- धारदार चाकू से गला व कई जगहों पर किया हमला,घटना को अंजाम देकर लातेहार थाने में किया सरेंडर
- पति-पत्नी के बीच लगभग 1 वर्ष से चल रहा था झगड़ा,दो-तीन बार थाने में भी गया था मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**


शंभू प्रसाद व मृतिका पत्नी कोमल देवी फाइल फोटो।

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो पंचायत निवासी शंभू प्रसाद ने आपसी विवाद के कारण अपनी पत्नी कोमल देवी को धारदार चाकू से मारकर बेरहमी से हत्या कर दिया। वहीं घटना के बारे में आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि शंभू प्रसाद व उसकी पत्नी कोमल देवी के बीच लगभग 1 वर्ष से आपस में विवाद चल रहा था, शंभू प्रसाद हमेशा ही अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। ग्रामीणों ने बताया कि पति-पत्नी के बीच झगड़ा का मामला दो-तीन बार थाना में भी गया था। इसी बीच सोमवार की रात्रि में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और शंभू प्रसाद ने अपनी पत्नी को धारदार चाकू से गला समेत कई जगहों पर हमला कर दिया जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद शंभू प्रसाद ने घटनास्थल से फरार होकर लातेहार थाना में जाकर सरेंडर कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि पति-पत्नी दोनों के बीच झगड़ा तो हमेशा होता था लेकिन मामला इतना बिगड़ जाएगा इसकी आशंका किसी को नहीं थी। मौके पर देखा गया कि घटना के सभी पहलुओं पर मनिका थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव, एसआई राणा भानु प्रताप सिंह, राज कुमार तिग्गा,एएसआई मिश्रा मांझी के द्वारा गंभीरता पूर्वक जांच की जा रही है। वहीं मनिका पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। बताते चलें कि आरोपी शंभू प्रसाद व मृतिका कोमल देवी के तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं इस घटना के बाद बच्चों के सर से मां का साया छिन गया है बच्चों को यह अंदाजा भी नहीं था कि उनके पिता उनकी मां का हत्या कर देंगे, फिलहाल मां के मौत के बाद बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर ग्रामीण मनदीप कुमार,छठू साव, शंकर प्रसाद, अंकित कुमार, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बीस सूत्री अध्यक्ष और भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थापित बीडीओ और सीओ से की मुलाकात


बीडीओ का स्वागत करते बीस सूत्री अध्यक्ष।

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में नवपदस्थापित बीडीओ रेशमा रेखा मिंज और सीओ संतोष शुक्ला से बरवाडीह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी और विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने मंगलवार को मुलाकात कर बुके भेंटकर अभिनन्दन किया। वहीं उन्होंने प्रखंड में विकास कार्यों को गति प्रदान करने की अपील की। कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में हम और हमारी कमेटी आपके साथ है। इसके बाद भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद और उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल के नेतृत्व में दोनों पदाधिकारियों से मुलाकात कर बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात में क्षेत्र की जनसमस्याओं से अवगत कराया एवं केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बीडीओ ने जन कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, दीपक तिवारी, वरिष्ट नेता शिबू प्रसाद और मनोज यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### श्री राम जानकी मंदिर परिसर में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक पूज्य पंकज जी महाराज का सत्संग संपन्न


माला पहनाकर स्वागत करते लोग।

**हेरहंज।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के मुख्यालय मथुरा से संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज जी महाराज के सानिध्य में चल रही 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा ने कल सायंकाल राम जानकी मंदिर के मैदान हेरहंज में पड़ाव किया। यात्रा का हेरहंज निवासी भाईयों, बहनों, बच्चों ने भव्य स्वागत किया। यहां आयोजित सत्संग समारोह में अपने सम्बोधन में पूज्य पंकज जी महाराज ने कहा यह अनमोल मानव शरीर परमात्मा ने इसलिये दिया है कि अबकी बार किसी प्रभु की प्राप्ति करने वाले सन्त, महात्मा की खोज करें। वह जो दया का प्रसाद दे उससे भजन करके जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त हो जायें। इसी उद्देश्य के साथ हमारे गुरू महाराज बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने अथक परिश्रम किया और गृहस्थ में रहकर प्रभु की प्राप्ति की सरल साधना सुरत-शब्द (नाम योग) में बीसों करोड़ लोगों को लगाया। संस्था प्रमुख ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। और गुरू को सर्वोच्च दयागार कहा। गुरू के बराबर कोई नही। यहां तक कि सतनाम अनामी भी गुरू के आगे कुछ नहीं। वहीं महाराज जी ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर झारखण्ड संगत के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, विहार प्रान्त के अध्यक्ष मृत्युन्जय झा, सहयोगी संगत जिला सीतापुर के तह लहरपुर के गोपी, अमर सिंह, राज बहादुर एवं संस्था के कई पदाधिकारी एवं प्रबन्ध समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# हाई स्कूल की जमीन पर फिर से कब्जे का प्रयास, प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद काम रुका



- प्रशासन की ओर से काम रोकने का आदेश आते-आते खड़ी कर दी बाउंड्री
- विद्यालय प्रबंधन व दूसरे पक्ष ने जमीन पर किया दावा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार को एक बार फिर से अपने आप को रैयत बताते हुए रूपेश उरांव नामक युवक द्वारा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने की लगभग 13 डिसमिल के रकबा में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद प्रबंधन के द्वारा इसकी सूचना प्रशासन को दी गयी। जिसके बाद सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी शुभम कुमार, प्रशिक्षु अपर समाहर्ता निमन कुजूर, सीआई ऋषि देव कमल, राजस्व उप निरीक्षक महेश सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर दोनो पक्षो से बात की। लेकिन एक पक्ष प्रशासनिक मौजूदगी में चहारदीवारी निर्माण कार्य मे लगी रही। जब तक प्रशासन के द्वारा काम रोके जाने का आदेश निर्गत किया जाता तबतक लगभग 3 से 4 फिट बाउंड्री खड़ी कर दी गयी। पूछे जाने पर रूपेश उरांव के द्वारा बताया गया है कि जिस जमीन वह निर्माण कार्य कर रहा है वह उनकी रैयती जमीन है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उक्त जमीन स्कूल की है। जिस पर वर्तमान में न्यायालय में मामला भी चल रहा है। मामले में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बताया दोनों पक्षों को अगले आदेश तक उक्त जमीन पर किसी प्रकार के कार्य को नहीं करने का निर्देश दिया गया है साथ ही दोनों पक्षों को 10 तारिक को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कागजात प्रस्तुत करने की बात कही गयी है। कागजातों के जांचोपरांत ही अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

# मृतक के घर पहुंचे बरवाडीह सीडीपीओ, वेंकटेश कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- परिजनों ने साप्ताहिक बाजार को शीघ्र बंद करवाने की लगाई गुहार

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा में साप्ताहिक बाजार रविवार को लगता है, पलामू के साथ-साथ लातेहार के शराब और मानस प्रेमियों का यह बाजार अड्डा बनते जा रहा है, नतीजा इस बाजार के उपरांत हत्याओं का सिलसिला जारी है, बताते चलें आमडीहा बाजार के निकट से सोमवार को बरवाडीह पुलिस के द्वारा नाबालिक युवक का शव बरामद किया गया था, जिसकी पहचान प्रखंड क्षेत्र के केचकी पंचायत अंतर्गत ग्राम हड़पड़वा निवासी रवि कुमार पिता सुबेश राम के रूप में की गई थी,मंगलवार को उसकी अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी, क्योंकि उसके पिता बैंगलोर मजदूरी करने गए थे, इस दौरान बरवाडीह के नए एसडीपीओ वेंकटेश कुमार, पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने मृतक के घर जाकर परिजनों से विस्तृत रूप से जानकारी लिए एवं इस हत्या के एक-एक कड़ी को जोड़कर अपराधियों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है, मृतक परिजनों की माने तो यह बाजार शराब और मांस के लिए अत्यधिक प्रचलित हो चुका है जो आज के युवा इस बाजार में गलत आदतों से प्रभावित हो रहे हैं, एवं नशे की हालत में आपराधिक कदम भी उठने जा रहे हैं, मृतक के मां, पिताजी सुबेश राम, भाई,चाचा राजेश राम समेत दर्जनों आसपास की ग्रामीणों ने इस साप्ताहिक बाजार को प्रखंड पुलिस प्रशासन एवं लातेहार जिला पुलिस प्रशासन से मांग की है,कि इसे तत्काल रोक लगाया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके, इस संबंध में बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार ने बताया कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को शीघ्र ही गिरफ्तार की जाएगी, एवं जो भी घटना में शामिल अपराधी होंगे उसे किसी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा इसके साथ ही इस बाजार को भी बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

## दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** बतियातु थाना क्षेत्र के चेतुवाग ग्राम में मंगलवार को कृष्ण कुमार गंझू 14 वर्ष पिता चरकु गंझू ग्राम हेवना थाना बालूमाथ ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा अचेतावस्था में कृष्ण कुमार गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक ईलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर ईलाज रिम्स रेफर कर दिया। परियोजना ने बताया कि कृष्ण कुमार अपनी बहन के घर चेतुवाग ग्राम गया था और वहीं पर कीटनाशक दवा खा लिया। समाचार लिखे जाने तक दवा खाने का कारण पता नहीं चल पाया था।

# बालूमाथ थाना परिसर में स्वागत समारोह का हुआ आयोजन


मौके पर मौजूद प्रशासन व लोग।

**बालूमाथ।** थाना परिसर में मंगलवार को नए एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम का योगदान के बाद बालूमाथ थाना परिसर में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, मोतिउर रहमान, मोहम्मद जुबेर, रोहन यादव, मोहम्मद मुजम्मिल, ऐश्वर्या उरांव, मोहम्मद इमरान, मो. जुबेर श्यामसुंदर यादव, गंगेश्वर यादव समेत कई लोगों ने सीडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम को बुके व माल्यार्पण कर हुआ स्वागत किया। एसडीपीओ आसुतोष कुमार सत्यम को करने कहा कि इस क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद पर लगाम लगाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इससे पूर्व यहां के पुलिस पदाधिकारी द्वारा कई अच्छे कार्य किए हैं इस कार्य को आगे बढ़ना मेरा मकसद है। उन्होने कहा कि आप मुझे सहयोग दें मैं आपको भय मुक्त बालूमाथ दूंगा। इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि बालूमाथ के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते हुए पुलिस को बराबर सहयोग करते आ रहे हैं और आप लोगों से भविष्य में भी सहयोग की उम्मीद है ताकि पुलिस और पब्लिक के बीच का संबंध और माधुर हो सके। वहीं मोती उर रहमान ने कहा कि हम लोग जिस तरह से मिलजुल कर चलते आ रहे हैं वह आगे भी जारी रहेगा एवं हर तरह के सहयोग हम लोग देंगे। इस मौके पर बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, सब इंस्पेक्टर कुबेर साब, धीरज कुमार सिंह, जावेद अख्तर, एस आई उमेश यादव, मनोज मुर्मू, मोहम्मद सलीम, झाबर मुखिया पति वासुदेव उरांव, प्रिंस यादव, सोहराय भगत, मोहम्मद मनाज़िर, अख्तर अंसारी, जाबेद अख्तर समेंत कई लोग उपस्थित थे।

## घघरी नदी परियोजना को लेकर बारी में हुई ग्राम सभा



**चंदवा।** प्रखंड के घघरी सिंचाई परियोजना सासंग के जीणोद्धार को लेकर हुचलू आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान रोबेन उरांव के की। ग्राम सभा में मेदिनीनगर से आए जल संसाधन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बारी, टोटा, बरवाडीह, रेंची, बनहरदी के ग्रामीण की मौजूदगी में कई प्रस्तावों गम्भीरता से चर्चा करते हुए निर्णय लिए गए। बैठक में पहुंचे पदाधिकारियों द्वारा यह बताए जाने पर कि कंपनी द्वारा कई गांव की भूमि की खरीददारी कर ली गई है। ग्रामीणों ने एक सिरे से इसे नकार दिया। कहा कि ग्रामीणों ने एनटीपीसी कंपनी को अपनी जमीन हस्तांतरित नहीं की है। कुछ लोग जानबूझकर इस तरह का अपवाह फैला रहे है। इससे वे बाज आएं अन्यथा ग्रामीण उसका माकूल जवाब देंगे। यह भी कहा कि धोखाघड़ी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामसभा के दौरान ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से घघरी परियोजना सासंग के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव पारित किया। लोगों ने कहा कि यह योजना कई पंचायतों के ग्रामीणों के विकास व कृषि के लिए मील का पत्थर साबित होगी। यदि यह योजना पूर्ण हो जाती है तो कई गांव के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। योजना के पूर्ण होने के बाद गावों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा। इससे किसान बेहतर कृषि कार्य कर पाएंगे। जिससे उनका जीविकोपार्जन बेहतर तरीके से हो सकेगा। इस दौरान सिंचाई परियोजना को अभिलंब चालू करने की मांग की गई। मौके पर कार्यपालक अभियंता हेमंत उरांव, सहायक अभियंता संजीत कुजूर, चंदन कुमार सिंह, कुमार सौरव, और अन्य के अलावा महेश्वर उरांव, चंद्रदेव उरांव, महेश्वर उरांव, शमीम अंसारी, ताहिर अंसारी, मंसूर अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

# ट्रक मालिकों के साथ मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : जिप उपाध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना पर मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** सीसीएल प्रबंधन की मनमानी एवं ट्रक मालिकों के बकाया भाड़े के लिए बालूमाथ ट्रक ओनर संगठन के अनिश्चित कालीन धरना में मंगलवार को पाँचवे दिन जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी शामिल हुई और ट्रक मालिकों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। मौके पर बोलते हुए अनीता देवी ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन बड़ी-बड़ी कंपनियों के झांसे में आकर स्थानीय ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है। यह रवैया सही नहीं है। यदि समय रहते इसमें सुधार नहीं हुआ तो जोरदार चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा चक्का जाम भी किया जा सकता है। मौके पर अनीता देवी ने तेतरियाखांड़ प्रोजेक्ट ऑफिसर केएल यादव से फोन पर बात की 'जिसपर केएल यादव बताया गया कि अभी मैं बाहर हूं मामले में पहल करते हुए एक-दो दिनों में मामला सुलझा लिया जाएगा मौके पर ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को अनीता देवी ने बताया कि इस संबंध वे लातेहार उपायुक्त से ऐशों. की मांगो को प्रमुखता से रखूंगी। एक साथ मिलकर उपायुक्त को प्रबंधन की मनमानी के बारे में अवगत कराएंगे। ज्ञात हो की तेतरियाखांड कोलियरी में कंपनियों के प्रवेश के बाद से ही स्थानीय ट्रक मालिकों को तरह-तरह से परेशान करने की कोशिश की जा रही है। जिससे यहां के लोगों में आजीविका का संकट उत्पन्न हो रहा है। मौके पर बिहारी यादव, संजीव सिन्हा, संजीत साहू, सिकंदर, समीम दीपू गुप्ता, मंत्री रविंदर सिंह, कुलदीप यादव, जाला फूलदेव यादव, कमलेश सिंह, राजन यादव, साकिब मुन्ना, विस्थापित नेता संजय यादव, कृष्णा साव, नामेश्वर गुप्ता, तिलकधारी सुनील पांडेय, संजय गुप्ता तिलकधारी, प्रभु साव, काली यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डीपीएस बोकारो में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ विदाई समारोह संपन्न



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित 12वीं के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं व भावी जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खुद पर भरोसा रखने तथा समाज एवं राष्ट्र के उत्थान का सहभागी बनने की प्रेरणा दी। विद्यालय के अश्वघोष कला केंद्र में आयोजित समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम वाद्य यंत्रों पर सुर ताल का सामंजस्य समूहगान सामूहिक आर्केस्ट्रा व नृत्य प्रस्तुति आकर्षक रहे। विद्यार्थियों ने डीपीएस में बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों सहित समस्त विद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों के समेकित प्रदर्शन के आधार पर यश गौरव को मास्टर डीपीएस और अनमोली सिंह को मिस डीपीएस के खिताब से नवाजा गया। वहीं आदित्य सिंह मास्टर वसेटाइल व समृद्धि प्रताप दुबे मिस वसेटाइल रितेश रंजन मास्टर स्टाइल आइकॉन व श्रीकृति केडिया मिस स्टाइल आइकॉन आयुष्मान दत्ता मास्टर पॉपुलर एवं शांभवी गौतम मिस पॉपुलर टाइटल से चयनित व सम्मानित किए गए। विदा हो रहे विद्यार्थियों को स्मृति फलक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में 11वीं के विद्यार्थी तथा सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे। मंच संचालन अभिषेक आनंद गौरव प्रियदर्शी अतुल्या तृषि एवं अनामिका राउत ने किया।

### मिश्रा साइड में 7 दिवसीय एकादश कुंडीय रूद्र महायज्ञ 17 से



**बोकारो।** बोकारो जिलान्तरगत जैनामोड़ के मिश्रा साइड में स्थित श्री श्री 108 बाबा नर्मदेश्वर धाम के प्रांगण में 17 से 23 फरवरी तक सात दिवसीय एकादश कुंडीय रूद्र महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा। यज्ञ की सफलता के लिए काम कर रहे गोपाल मिश्रा गुलेज मिश्रा विजय प्रभात मिश्रा अमर केडी विनीत सिद्धार्थ आदि ने बताया कि यज्ञ के प्रथम दिन दामोदर नदी हिंदुस्तान पुल फुसरो से भव्य जलयात्रा निकालकर मंडप प्रवेश किया जायगा। सातों दिन रोज शाम से शिव पुराण कथा व भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। शिव पुराण कथावाचक वसंत नारायण शास्त्री प्रवचन करेंगे। इसके अलावा यज्ञाचार्य आलोक उपाध्याय उपाचार्य पं धर्मेंद्र पांडेय पुरोहित प्रवेश तिवारी मंत्रोच्चारण तथा विधि विधान के साथ यज्ञ प्रारम्भ करंगे। उन्होंने यज्ञ के प्रचार के साथ साथ आमजन को शामिल होने और सहयोग करने का आमंत्रण दिया।

### नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी प्रखंड क्षेत्र में तीन पानी पंचायत का चयन

**मझिआंव।** भारत सरकार नीति आयोग के तहत गढ़वा जिला अंतर्गत मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है। जिसके तहत प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायत को पानी पंचायत चयन किया जा चुका है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि नीति आयोग के तहत पानी पंचायत चयन किया जा रहा है। जिसमें टड़हे, रामपुर एवं करमडीह पंचायत में पानी पंचायत चयन किया जा चुका है। इस संबंध में विशेष जानकारी देते हुए आकांक्षी ब्लॉक फेलो कुंदन कुमार मेहता ने बताया कि अभी तक टड़हे पंचायत के करूई गांव में बरोही तालाब, रामपुर पंचायत के जाहरसराय में सुरेश यादव का तालाब एवं करमडीह पंचायत के सकरकोनी गांव में बड़ा तालाब को चयन किया जा चुका है। कुंदन कुमार ने बताया कि इन सभी तालाबों को जिर्णोद्धार किया जाएगा। ताकि सभी तालाबों में बराबर पानी बरकरार रहे। जिसके लिए समिति अध्यक्ष, सचिव का चयन किया जा चुका है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। इन तालाबों से क्षेत्रीय किसानों को खेत सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। ताकि किसान नजदीक से पानी निकाल कर अपने खेत को संचित कर फसल उगाऐंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि इसी तरह सभी पंचायतों में चयन प्रक्रिया जारी है।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने किया सम्मान समारोह का आयोजन



सम्मान समारोह में उपस्थित लोग।

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में सदर थाना के समीप जिला कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बगदाद शरीफ से आये सैयद अली हमूद अल अरबी को संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने फूल, पुष्प व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सैयद अली हमूद अल अरबी ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान से भाऊक इनके द्वारा किए जा रहे कार्य में शामिल होने का मौका मिला है। इसके लिए कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सारे पदाधिकारी का मैं शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा कि मंगलवार से झारखंड भ्रमण के दौरान सभी समुदाय के लोगों को घर-घर जाकर इनके संस्था के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसे कुर्तियां को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करूंगा। सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि बगदाद शरीफ से आये सैयद अली हमूद अल अरबी के द्वारा बिहार झारखंड के प्रत्येक पंचायत में घर-घर जाकर इनके द्वारा जो जागरूक करने का काम किया जाएगा। यह हमारे संस्था के लिए एक मिशाल होगा। मौके पर संस्था के संरक्षक उमर नूरानी, अयूब खान, टिंकू तिवारी, अमानत खान, विभूति पांडेय, मो. एनुअल, मौलाना संजर, पवन औरंगजेब खान, मुतुर्जा अंसारी, रंजीत गौड़ सहित संस्था के विभिन्न पदाधिकारी व संरक्षक मौजूद थे।

# शहीद प्रेमचंद सिन्हा छात्र-युवा शक्ति के लिए प्रेरणास्रोत : काशीनाथ केवट

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** शहीद प्रेमचन्द सिन्हा की जीवनगाथा अन्याय, जुल्म और शोषण पर टिकी व्यवस्था में जी रहे हर उस नौजवान के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो इस व्यवस्था में घुटन महसूस कर रहे हों। यह बातें विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने शहीद प्रेमचंद सिन्हा को श्रद्धांजलि देते हुए कही। वे आज चलकरी में आहूत श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। करोड़ों मजदूर और पढ़ेलिखे नौजवान, जो शरीर और मन से दुरूस्त हैं और काम करने के लिए तैयार है, उन्हें व्यवस्था से वंचित कर दिया गया और भूखे मरने या अपराधी बन जाने के लिए सड़कों पर धकेल दिया गया है। ऐसी परिस्थिति में इस पूंजीवादी व्यवस्था में देश के युवाओं के सामने सिर्फ इंकलाब ही एकमात्र विकल्प हो सकता है और इस इंकलाब में शहीद प्रेमचन्द सिन्हा जैसे शहीदों की कृतियाँ रास्ता दिखाने वाली मशाल की तरह है। कहा कि प्रेमचन्द सिन्हा अस्सी के दशक में पटना युनिवर्सिटी के महासचिव और क्रांतिकारी जननेता थे। अलग झारखंड राज्य आंदोलन के साथ साथ पूरे देश में उस समय चल रहे राष्ट्रीयता के आंदोलनों में छात्रों युवाओं को जोड़ने के लिए छात्र मुक्ति मोर्चा का गठन उन्हीं के नेतृत्व में हमलोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि छात्र मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में हुए जुझारू आंदोलनों ने ही झारखंड में वह पृष्ठभूमि तैयार कर दिया था जिसपर आजसू जैसे संगठन का निर्माण और उग्र आर्थिक नाकेबंदी जैसे आंदोलनों में युवाओं ने भागीदारी निभाई और अलग राज्य आंदोलन को एक मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रेमचन्द सिन्हा के नेतृत्व में छात्रों नौजवानों, किसानों मजदूरों ने व्यापक आंदोलन किया था, यही वजह थी कि भूमि सेना के लोगों ने उन्हें पटना में गोली मारकर कायरतापूर्ण तरीके से हत्या कर दी थी। कहा कि झारखंडअलग राज्य बने चौबीस साल हो गए परंतु केन्द्र सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के चलते रत्नगर्भा झारखंड के लोग आज भी भुखमरी की त्रासदी झेल रहा है। विस्थापन और पलायन की समस्या और विकराल रूप धारण कर लिया। ऐसे में झारखंड में एक नए उलगुलान की वस्तुगत अनिवार्यता जान पड़ती है। जनक प्रसाद भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान है। युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहा है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता जनक प्रसाद भगत ने की। मौके पर बहादुर महतो ,धर्मनाथ महतो, कामेश्वर गिरि ,चुनिलाल केवट, राजाराम मांझी, मो जहांगीर, किशोरी सिंह, अब्दुल करीम, दशरथ मांझी, रामविलास मंडल, झरी नायक, भूषण केवट, सरफराज अंसारी, अब्दुल कयूम आदि शामिल थे।

## जिप अध्यक्ष ने की खेल सामग्री का वितरण



वितरण करती जिप सदस्य।

**रमना।** राज्य सरकार खेलो के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त बातें जिप अध्यक्ष शांति देवी ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मझिगावा झुरहा के प्रांगण में आयोजित खेल सामग्री वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रखड के सभी 11 पंचायतों के 15-15 फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच जर्सी, जूता, मोजा एवं हॉज का वितरण किया गया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। साथ ही यह सामाजिक समरसता एवं आपसी भाईचारा को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के खेलों के विकास के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। जिसका परिणाम है कि आज ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी राज्य सरकार बेहतर सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि संसाधनों के अभाव में खेल प्रतिभाएं कुंठित नही हो। मौके पर मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, सिलीदाग मुखिया अनिता ठाकुर, बुलका मुखिया अनिता देवी, दिलीप ठाकुर, वीरेंची पासवान, रूपनारायण यादव, चन्दन पाल, खेल प्रभारी प्रवीण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## राहुल की यात्रा में राजीव गांधी की उपेक्षा, जिलाध्यक्ष पर प्रश्नचिन्ह : अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव अनिल सिंह ने प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में कहा कि जिस स्थान पर जिला और प्रदेश अध्यक्ष का आवास है वहीं लोग कम नजर आए। यही नहीं जिस मार्ग से सांसद राहुल गांधी का काफिला गुजरा उसी मार्ग पर स्व राजीव गांधी की प्रतिमा थी लेकिन किसी भी कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस ओर राहुल गांधी का ध्यान आकृष्ट नहीं कराया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व राजीव गांधी के सम्मान को लेकर ही उदासीनता बरती गई। राहुल बोकारो आए और राजीव गांधी के चित्र पर बगैर माल्यार्पण के ही चले गए। कांग्रेस के इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने घोर अनदेखी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनाधार चास और दुंदीबाद इलाके में काफी कमजोर देखने को मिला। जबकि इसी स्थान पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष का व्यापार सहित समस्त कार्यक्रम आयोजित होते है। एक तरफ पार्टी नए भारत के निर्माण को लेकर आगे बढ़ रही है लेकिन कुछ नेताओं ने इस पार्टी को अपनी जेब में रखा है। पुराने कांग्रेस उपेक्षित महसूस करने लगे है। शीर्ष नेतृत्व को इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। चहेतों चाटुकारिता व चुनिंदा के चयन के पीछे का राज प्रश्नवाचक के घेरे में है।

## लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में रंका अनुमंडल की समीक्षा बैठक की। बैठक में डीसी ने मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता, भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग, रूट चार्ट, बूथ अवेयरनेस, व्हील चेयर की आवश्यकता एवं उपलब्धता समेत अन्य विषयों को लेकर संबंधित पदाधिकारी से जानकारी ली। साथ ही जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका की जानकारी लेते हुए चेकनाका पर तैनात पुलिस के जवानों को सक्रिय रहकर हर गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। डीसी ने भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग को लेकर अगले एक सप्ताह के अंदर संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने मतदान केन्द्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) फैसिलिटि के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण, रैंप की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देशित किया। जिससे मतदान के दिन पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। बैठक में मुख्य रूप से एसपी दीपक कुमार पांडेय, रंका एसडीओ रूद्र प्रताप, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला कल्याण पदाधिकारी नीलेश मुर्मू सहित मुख्यालय डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, सभी बीडीओ एवं सभी सीओ उपस्थित थे।

## मैट्रिक की प्रथम दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त



परीक्षा देते परीक्षार्थी।

**केतार।** प्रखंड के इकलौते सेंटर मध्य विद्यालय केतार में मैट्रिक की प्रथम दिन की परीक्षा कदारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिसमें व्यवसायिक विषय की परीक्षा में कुल 69 विद्यार्थी में 68 उपस्थित हुए। केंद्राधीक्षक सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू है। इसके बावजूद अगर कोई भी व्यक्ति कदाचार करने या कराने की मंशा से घूमते पकड़े गए तो उनपर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस केंद्र पर परसोडीह एवं छाताकुंड उच्च विद्यालय का सेंटर है। गस्तीदल दंडाधिकारी बीडीओ सावित्री कुमारी एवं थाना प्रभारी कमलेश महतो ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा में किसी तरह का कदाचार न हो उसके लिए दंडाधिकारी नसीम अंसारी, महिला पर्यवेक्षिका जागृति कुमारी, एएसआई सुदामा पांडेय, एसआई विजय कुमार पुलिसबल के साथ तैनात थे। मौके पर उप केंद्राधीक्षक देवेंद्र कुमार, राजनाथ राम, धनंजय कुमार, संतोष कुमार, अजय कुमार, शिवनाथ राम, गीता कुमारी, विभा कुमारी, मनोज दास, मनोरंजन कुमार, सुधा कुमारी, उदय शंकर वैद्य, सतीश वैद्य, उपेंद्र पाल, उपेंद्र बैठा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कस्तूरबा में नामांकन 20 तक

**भवनाथपुर।** प्रखंड के ढिकुलिया में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा छह एवं अन्य वर्गों में नामांकन के लिए फॉर्म 20 फरवरी तक कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। जानकारी देते विद्यालय की वार्डन कविता कुमारी ने बताया कि विद्यालय में नामांकन को लेकर एक जनवरी से फार्म का वितरण शुरू किया गया था। वर्ग छह सहित अन्य वर्गों में नामांकन को लेकर फॉर्म कार्यालय अवधि में विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नामांकन में प्रखंड के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय एवं वैसे परिवार की बालिकाओं का चयन किया जाना है जो गरीबी रेखा के नीचे है।

## दशम वर्ग के छात्र छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह।** झारखंड सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त व सीसीएल अनुदानित स्थानीय स्वामी विवेकानंद स्कूल में 6 फरवरी, मंगलवार को दशम वर्ग के छात्र छात्राओं की विदाई व सम्मान को लेकर विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर उक्त विद्यालय के दशम वर्ग के छात्र छात्राओं को वर्ग नवम के छात्र छात्राओं के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में बच्चे बच्चियों को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या अनिता सिंह ने कहा कि बच्चे अपने उज्जवल भविष्य का खयाल करते हुए अपनी पढ़ाई पर पूर्ण रूप से समर्पित रहें और सामने आनेवाली परीक्षा में बढिया परिणाम लाकर विकास के मार्ग अपने आप को अग्रसर करें एवं अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय का नाम रौशन करें। उनके लिए यही मेरी शुभकामनाएँ हैं। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सहित शिक्षक वीरमणि पांडेय, युगल किशोर झा, राम प्रवेश सिंह, साजेश कुमार, शिक्षिका मुक्ता सागर, रीता कुमारी, साजदा खातून, सफाई कर्मी सुनेहा देवी आदि सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# अबुआ आवास योजना आवंटन मामले को लेकर मुखिया संघ गोमिया द्वारा बीडीओ को सौंपा आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते मुखिया संघ के प्रतिनिधि गण।

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखंड में झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम तहत विगत 24 नवंबर से 29 दिसंबर 2023 तक हर पंचायतो मे शिविर आयोजितकर हजारों की संख्या में अबुआ आवास योजना अंतर्गत में लाभुकों आवास क्रमसूची के अनुसार करने की प्राप्त सूचनापर गोमिया मुखिया संघ ने आपत्ति जताते हुए ग्राम सभा द्वारा पारित अबुआ आवास योजना की सूची के आधार प्राथमिकता सूची बनाने की मांग को लेकर गोमिया प्रखण्ड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो को एक ज्ञापन मंगलवार को सौंपा। मुखिया संघ अध्यक्ष तेजलाल महतो सचिव शांति देवी एवं कोषाध्यक्ष अंशु कुमारी तथा उपस्थित सभी मुखियाओं ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा गरीबों एवं गृहविहीनो को पक्का घर मुहैया कराने के उद्देश्य अबुआ आवास योजना शुरू किया गया है। लेकिन प्रशिक्षण आभाव कारण सत्यापन दल द्वारा स्कोर देने में काफी गड़बड़ियां हुई है। जिसके कारण योग्य लाभुकों को अवास आवंटन में प्राथमिकता विल्कुल नहीं मिल पायेगी। ग्रामसभा द्वारा प्रतीक्षा सूची नियमों के अनुकूल व ग्रामीणों की सहमति से बनाया गया है। जिसमें किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है। प्रखंड के सभी पंचायत में अबुआ आवास का आवंटन करना है। सभी पंचायत के पंचायत सचिवों के द्वारा आवास आवंटन हेतू जिओटेक किया जा रहा है, जिस पर ग्रामसभा को भारी आपति है, उन्होंने उपरोक्त मामले में राज्य पिछडा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो व बोकारो उपायुक्त से सत्यापनदल द्वारा दिए गए स्कोर के स्थानपर ग्रामसभा के द्वारा बनाए गए प्रतीक्षा सूची के अनुसार हर लाभुकों को अबुआ आवास आवंटन करने की मांग की है। इस मौके पर मुखियाओ में तारामणि देवी, सावित्री देवी, ममता देवी, मिनी देवी, अनारकली, सपना कुमारी, बलराम रजक, महादेव महतो, आकेश्वर महतो, बंटी उरांव, रीतलाल, रियाज अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय सिंह, असनुल इस्लाम सहित अन्य प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना की सूची में गड़बड़ी को लेकर राजद प्रखंड अध्यक्ष ने दिया आवेदन

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायतो में झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना की सूची में बिचैलिया और संबंधित कर्मियों की मिलीभगत से चयन सूची में काफी गड़बड़ी को लेकर राजद के प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने ग्रामीण विकास विभाग मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, जिला उपायुक्त, उप विकास उपायुक्त एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को लेटर के माध्यम से आवेदन सौंपा है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिला अंतर्गत बरडीहा प्रखंड के लगभग सभी पंचायत बरडीहा, सलगा, ओबरा, जतरोबंजारी एवं पंचायत आदर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना के लाभुकों की जो सूची जिला द्वारा जारी की गई है, वह असंतोषजनक है। जिला की सूची में योग्य कोटा हरिजन, आदिवासी, पिछड़ी, मैन्युरिटी, एवं सामान्य वर्ग के साथ-साथ विधवा, विकलां, तथा आवासहीन लाभुकों का नाम शामिल नहीं किया गया है। जबकि अबुआ आवास के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले लोगों को पहले सूची में शामिल कर इसका लाभ देने का प्रावधान है। लेकिन चयन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई है। जबकि वास्तविक लाभुक की जगह पर 95 प्रतिशत ऐसे लाभुकों का नाम शामिल किया गया है। जिन्हें या तो पहले से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है। या फिर जिनके घर में चार पहिया गाड़ी है और साथ ही समर्थवान हैं। पंचायत के मुखिया द्वारा ग्राम सभा में चयनित योग्य लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय तक ही दी गई थी। जिसे आवास अत्यंत आवश्यक था। परंतु ग्राम सभा की सूची को नजर अंदाज करते हुए मनमानी तरीके से लिस्ट जारी किया गया। इधर कुछ दलालों के मिली भगत एवं आवास को-ऑर्डिनेटर, प्रखंड कर्मी, रोजगार सेवक, बीएफटी एवं स्वयंसेवक और आवास विभाग के मिली भगत से रिश्वत के सहारे सूची में नाम शामिल किया जा रहा है। जिसका प्रमाण के रूप में कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध भी किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि अबुआ आवास में भारी अनियमितता को देखते हुए 9 फरवरी शुक्रवार को जनता के साथ प्रखंड कार्यालय बरडीहा में एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

## पेज 1 का शेष

### हेमंत के अधूरे कार्यों...

**निशिकांत के इशारे पर चल रही भाजपा :** दीपिका- कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय पांडे सिंह ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा निशिकांत दुबे के इशारों पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जब जेल से बाहर निकलेंगे, तब कुंदन की तरह तपकर बाहर आयेंगे। कल जो कुछ सदन में हुआ, उसे पूरे देश ने देखा। राज्यपाल अभिभाषण पढ़ रहे थे, सरकार के कामकाज की तारीफ कर रहे थे, लेकिन, उनके बॉडी लैंग्वेज से लग रहा था कि वे सरकार से सहमत नहीं थे।

### कांग्रेस के सत्ता में आते ही...

उन्हें वाजिब हक मिले इसके लिए 50 फीसदी आरक्षण सीमा खत्म करना जरूरी है। उनकी सरकार जब आयेगी, तो इसे खत्म कर देगी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान मंगलवार को शाम 4 बजे सिमडेगा शहरी क्षेत्र के बस स्टैंड के पास पहुंचे। उन्होंने अपनी जीप पर खड़े हो कर ही हजारों की भीड़ का अभिवादन किया और अपनी बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि वे नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश को बेचने का काम कर रही है। उन्होंने जनता से अपील किया कि कांग्रेस को वापस लाएं और देश को बचाएं। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता को कार्यक्रम के पास जाने से रोका गया, जो जिले में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 10 साल के आर्थिक कुप्रबंधन...

**कांग्रेस पर बोला था जोरदार हमला :** मोदी सरकार श्वेत पत्र ऐसे समय में ला रही है जब खुद पीएम मोदी ने सदन से विपक्ष खास कर कांग्रेस पर जोरदार हमला किया था। पीएम मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में कांग्रेस की परिवारवाद नीति पर हमला करते हुए कहा था कि एक ही प्रोडक्ट को बार-बार लॉन्च कर कांग्रेस ने अपनी ही दुकान में ताला लगाने की नौबत ला दी है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए यह भी कहा था कि विपक्ष की जो हालत है उसके लिए कांग्रेस ही जिम्मेदार है। पीएम मोदी ने सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी का नाम लेते हुए कहा, देश ने जितना परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, उसका खामियाजा कांग्रेस ने भी उठाया है। अधीर बाबू की हालत देख रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे इस सदन से उस सदन में चले गये। गुलाम नबी आजाद तो पार्टी से ही चले गये। ऐसे कई नेता परिवारवाद की भेंट चढ़ गये। पीएम मोदी ने महंगाई को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होने कहा, यूक्रेन और गाजा में युद्ध के बड़े संकट के बावजूद देश में महंगाई नियंत्रण में है। देश में महंगाई को लेकर दो गाने सुपरहिट हुए- एक महंगाई मार गयी और दूसरा- महंगाई डायन खाए जात है- ये दोनों गाने कांग्रेस की सरकारों में आये। **श्वेत पत्र में क्या बतायेगी सरकार :** गौरतलब है कि श्वेत पत्र में सरकार यह बतायेगी कि भारतीय अर्थव्यवस्था की हालत 2014 से पहले कैसी था और सत्ता में आने के बाद एनडीए सरकार इसमें सुधार के लिए कौन-कौन से कदम उठाये। अपने अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ कर दिया था कि 2014 में जब हमारी सरकार बनी थी तब अर्थव्यवस्था में कई बड़े सुधार किये गये।

### प्रश्नपत्र लीक मामले...

**नामकुम थाना में दर्ज है मामला :** इस संबंध में नामकुम थाना में कांड संख्या 45/24ए दिनांक 29 जनवरी 2024 को आईपीसी की धारा द 467, 468, 420,120बीए 66 आईटी एक्ट एवं अन्य 2023 के अन्तर्गत अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध दर्ज किया गया है। **क्या है एफआईआर में :** आयोग की अवर प्रभारी सचिव मधुमिता कुमारी ने नामकुम थाने में अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी यह बताया गया है कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्न पत्र लीक हो गया। सोशल मीडिया के माध्यम से आयोग को इसकी जानकारी मिली थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस काम को अंजाम दिया गया है। इस मामले में धारा 467, 468, 420(120बी) आईपीसी 66 आईटी एक्ट एवं झारखंड कंडक्ट ऑफ एग्जामिनेश एक्ट 2001 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि बीते रविवार को जेएसएससी की रांची में परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रश्न पत्र लीक होने की जानकारी मिलने के बाद अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया था।

# समान नागरिक संहिता बिल लाने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तराखंड

## विवाह की धार्मिक मान्यताओं, रीति-रिवाज, खान-पान, पूजा-इबादत, वेशभूषा पर कोई असर नहीं

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड की धामी सरकार के विशेष प्रयासों से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का अधिनियम विधानसभा के पटल पर रखने के साथ ही उत्तराखंड के स्वर्णिम इतिहास में आज का दिन दर्ज हो गया है। सरकार के इस कदम के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां यूसीसी को लागू करने की दिशा में ठोस पहल की गयी है। धामी सरकार को स्पष्ट बहुमत होने से इस बिल का सदन में पारित होना तय माना जा रहा है। इससे मुख्यमंत्री धामी भी उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज दिखे।

आखिरकार मंगलवार को वह दिन आ ही गया, जिसका उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश का एक बड़ा वर्ग बेसब्री से इंतजार कर रहा था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने वादे के अनुरूप देवभूमि में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की ओर निर्णायक कदम उठाया और राज्य सरकार ने इसे सदन के पटल में रख दिया।

आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे मुख्यमंत्री स्वयं यूसीसी के ड्राफ्ट की प्रति लेकर विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने पहुंचे। माथे पर तिलक, सफेद कुर्ता पैजामा,

**☼हर धर्म में तलाक के लिए एक ही कानून**
**☼अधिकृत तलाक के बिना कोई नहीं कर पायेगा दूसरी शादी**

नारंगी रंग का वास्कट और गले में मफलर पहने धामी आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। उनके के चेहरे पर संतुष्टि का भाव भी था। हो भी क्यों न! वह 2022 के विधानसभा चुनाव से ऐन पूर्व जनता से किया वादा पूरा करने जो जा रहे थे। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के रूप में एक ऐसा कानून जो जो जाति से परे, धर्म से परे, यहां तक कि आप स्त्री हैं या पुरुष, इससे भी परे होगा। इस कानून में आम और खास का भेद नहीं होगा, यानि यह सभी के लिए एक समान होगा।

202 पेज के समान नागरिक संहिता अधिनियम 2024 का ड्राफ्ट हर पहलू पर विचार विमर्श करने के बाद तैयार किया गया है। बहुत ही सलीके से तैयार किये गये इस ड्राफ्ट में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से जुड़े मामलों को ही शामिल किया गया है। इन विषयों, खासतौर पर विवाह प्रक्रिया को लेकर जो प्रावधान बनाये गये



हैं। उनमें हर जाति, धर्म अथवा पंथ की परम्पराओं और रीति रिवाजों से कोई छेड़छाड़ नहीं की गयी है।

वैवाहिक प्रक्रिया में धार्मिक मान्यताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। धार्मिक रीति-रिवाज जस के तस रहेंगे। ऐसा भी नहीं है कि शादी पंडित या मौलवी नहीं करायेंगे। खान-पान, पूजा-इबादत, वेशभूषा पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, लेकिन सख्ती इस बात पर की गयी है कि हर दंपती को अनिवार्य रूप से अपनी शादी का रजिस्ट्रेशन करना पड़ेगा। अन्यथा, वे सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने से वंचित रहेंगे। तलाक के बगैर कोई व्यक्ति दूसरी शादी नहीं कर पायेगा। ऐसा करने पर उसे दंड या आर्थिक दंड या फिर दोनों भुगतने होंगे।

अधिनियम में जहां एक ओर विवाह, तलाक और विवाह की शून्यता के पंजीकरण के लिए सुगम एवं सरल प्रक्रिया बनायी गयी है। संबंधित दंपती और अधिकारियों की भी जिम्मेदारी व जवाबदेही तय की गयी है। यदि कोई नागरिक विवाह का पंजीकरण करने में अनदेखी करता है या नियमों का पालन नहीं करता है, तो उसके लिए अधिकतम 25000 के अर्थदंड का प्रावधान रखा गया है। साथ ही, यदि उप निबंधक जानबूझकर संहिता में निहित कार्रवाई करने में विफल रहता है, तो वह भी अधिकतम 25000 रुपये के अर्थदंड का अधिकारी होगा।

विवाह, तलाक एवं विवाह की शून्यता के पंजीकरण के लिए एक सरकारी तंत्र बनाया जायेगा। इसमें महा निबंधक सचिव स्तर, निबंधक उपजिलाधिकारी एवं उप निबंधक राज्य सरकार के अधिसूचित अधिकारी होंगे। नागरिकों के पास सूचना का अधिकार की तर्ज पर रजिस्ट्रेशन को लेकर अपील का अधिकार भी होगा। निबंधक एवं महा निबंधक दो अपीलीय स्तर के अधिकारी होंगे। साथ ही, हर स्तर पर पंजिका का रखरखाव किया जायेगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। अपील के लिए समयबद्ध समय सीमा भी तय की गयी है, ताकि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो।

संहिता में दांपत्य अधिकारों को संरक्षित बनाने के हर संभव प्रावधान किये गये हैं। साथ ही, जो महर, प्रभूत, स्त्रीधन या कोई अन्य

**☼लिव इन रिलेशनशिप डिक्लेरेशन जरूरी**
**☼रजिस्ट्रेशन न कराने पर 6 माह की सजा**

संपत्ति जो पत्नी को उपहार स्वरूप दी गयी है, वह भरण पोषण के दावे में सम्मिलित नहीं होकर अतिरिक्त होगी। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे की अभिरक्षा सामान्यतया माता के पास रहेगी। संहिता में बच्चों की अभिरक्षा के अंतर्गत बच्चों का हित सर्वोत्तम एवं कल्याण सर्वोपरि होगा। कोई विवाद होने पर दंपती के मेल मिलाप के लिए न्यायालय हरसंभव समुचित प्रयास करेंगे।

शून्य एवं शून्यीकरण विवाह के लिए नियम बनाये गये हैं। विवाह विच्छेद के लिए किसी भी पक्ष को मारकर्म, क्रूरता, कम से कम दो वर्ष तक बिना युक्तियुक्त कारण से अलगाव, धर्म परिवर्तन, विकृत चित, निरन्तर मानसिक विकार, संचारी यौन रोग, लगातार 7 वर्ष तक किसी पक्ष के जीवित रहने की सूचना नहीं होने का आधार लिया गया है। विवाह विच्छेदन की कार्यवाही अनुतोष एवं आपसी सहमति से ही जा सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि किसी भी प्रथा, रूढ़ि परंपरा या किसी पक्षकार को किसी व्यक्तिगत विधि या अधिनियम के अनुसार विवाह विच्छेदन (तलाक) नहीं हो सकेगा। इस संहिता के लागू होने के बाद संहिता में प्रावधानित प्रक्रिया के अनुसार ही विवाह विच्छेदन होगा। पुरुष-महिला को तलाक देने के समान अधिकार होंगे। लिव-इन रिलेशनशिप डिक्लेयर करना जरूरी होगा। लिव इन रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर 6 माह की सजा होगी। लिव-इन में पैदा बच्चों को संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा।

संवैधानिक जरूरत पड़ी तो इस कानून को लागू करने से पहले अनुमोदन के लिए राष्ट्रपति के भेजा जायेगा। लेकिन, वहां भी इसकी मंजूरी में कोई अड़चन नहीं आयेगी। तमाम परिस्थितियां मुख्यमंत्री धामी की मंशा के अनुकूल हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से हमने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता से राज्य में समान नागरिक संहिता कानून लाने का जो 'संकल्प' प्रकट किया था, उसे आज हम पूरा करने जा रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस राजस्थान से पकड़ा गया

**जोधपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र से आर्मी इंटेलिजेंस ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा। संदिग्ध 2014 में अपने परिवार के साथ टर्म वीजा पर भारत आया था और अभी आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम कर रहा था।

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 21 करोड़ की ठगी

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की विशेष सतर्कता टीम ने रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 300 लोगों से 21 करोड़ की ठगी करने के आरोप में प्रसाद रोहीदास को गिरफ्तार कर लिया है। सतर्कता टीम इस ठगी गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

### एमजी मोटर इंडिया ने 100 साल पूरे किये

**गुरुग्राम।** एमजी मोटर इंडिया अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार खरीदने वालों की खुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस इवी के नये ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट इवी, एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किये हैं।

### बांग्लादेश में रोहिंग्या युवक की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक रोहिंग्या युवक की गोलीमार कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने हत्यारों की धरपकड़ की कोशिश शुरू कर दी है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात उखिया उप जिला क्षेत्र में हुई है।

### खरीदारी के सपोर्ट से उछला शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर मार्केट में मंगलवार को खरीदारी का जोर बना नजर आया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 454.67 अंक की तेजी के साथ 72,186.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 157.70 अंक की बढ़त के साथ 21,929.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### भारत-म्यांमार सीमा की होगी फेंसिंग : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि देश की सीमा को अभेद्य बनाना मोदी सरकार की प्रतिबद्धता है। इसी क्रम में म्यांमार से लगती देश की 1643 किमी की सीमा की फेंसिंग की जायेगी। मणिपुर में इसका काम शुरू हो गया है और आगे की फेंसिंग को मंजूरी दी जा चुकी है। गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

## शरद पवार को झटका चुनाव आयोग ने अजित गुट को ही असली एनसीपी माना

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजनीति लोकसभा चुनाव 2024 से पहले गरमा गयी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की लड़ाई को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुनाया। इससे शरद पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। चुनाव आयोग ने एनसीपी में जारी विवाद का फैसला करते हुए अजित पवार गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। चुनाव आयोग ने कहा कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है। चुनाव आयोग ने अजित गुट को असली एनसीपी मानते हुए उन्हें 'एनसीपी का नाम और प्रतीक' सौंप दिया। बता दें कि इस मामले में सुनवाई छह महीने से अधिक समय तक चली है। जानकारी के अनुसार, आयोग ने शरद पवार गुट को बुधवार तक नयी पार्टी के गठन के लिए तीन नाम देने को कहा है।

## बिहार में इंजीनियरिंग छात्रों को अब दस हजार रुपये स्टाइपेंड

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगायी गयी। राज्य सरकार इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए नयी पॉलिसी लेकर आयी है। इंजीनियरिंग छात्रों को सरकार अब दस हजार रुपये स्टाइपेंड देगी। इंटर्नशिप पर यह राशि दी जायेगी। बी-टेक के सातवें सेमेस्टर में इंटर्नशिप करने पर राशि मिलेगी। साथ ही, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। तीन लाख 46 हजार 777 आवेदनकर्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। बिहार सरकार राज्यभर में 2165 पंचायत भवन बनायेगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 1083 और

**☼नीतीश कैबिनेट की बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

सामान्य क्षेत्रों में 1082 भवन बनेंगे। इसपर कुल छह हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 रुपये खर्च होंगे। नीतीश कैबिनेट ने उद्योग विभाग के अंतर्गत एक्स सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस के तहत सूक्ष्म, लघु, एवं मध्यम उद्यमों के क्षमता वर्धन एवं कोरोना वैश्विक महामारी के कारण पड़े दुष्प्रभाव को कम करने के लिए विश्व बैंक समर्थित सेंट्रल योजना रैंप के तहत 140.74 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति एवं संविदा आधारित पदों के सृजन की स्वीकृति दी है।

## गाजा में इजराइल और हमास के बीच चार महीने से लड़ाई जारी

**दुबई।** इजराइल और हमास के बीच की जंग विगत वर्ष 7 अक्टूबर से शुरू हुई थी और यह आज भी जारी है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 7 अक्टूबर से गाजा पर इजराइली हमलों में कम से कम 27,585 फलस्तीनी मारे गये हैं। धायलों की संख्या करीब 66,978 है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में लगभग 127 फलस्तीनी मारे गये और 143 घायल हुए हैं। इधर, सेना ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजराइली बलों ने पिछले 24 घंटों में पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशन में दर्जनों फलिस्तीनी बंदूकधारियों को मार डाला और कई लोगों पर कब्जा कर लिया है। खान यूनिस में लगभग 80 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था।

## गोवा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का उत्कृष्ट उदाहरण : मोदी

एजेंसी

**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में मंगलवार को 'विकसित भारत, विकसित गोवा 2047' कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी ये परियोजनाएं गोवा के विकास को और रफ्तार देंगी। मोदी ने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत विभिन्न विभागों में 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी सौंपे। 1300 करोड़ रुपये की इन



परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाएं गोवा के विकास को नयी गति देंगी। गोवा को 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का अच्छा उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा में ईसाई समुदाय और अन्य धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू नतीजे की घोषणा कल

**मुंबई/नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक यहां मंगलवार को शुरू हो गयी। एमपीसी की ये बैठक 6-8 फरवरी तक चलेगी। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास 8 फरवरी को सुबह 10 बजे एमपीसी के फैसले की घोषणा करेंगे। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 पेश होने के बाद आरबीआइ की ओर से रेपो दर को यथास्थिति पर बरकरार रखने की उम्मीद है। जानकार मानते हैं कि आरबीआइ इस बार भी नीतिगत दरों में शायद ही कोई बदलाव करे, क्योंकि खुदरा महंगाई अब भी निर्धारित संतोषजनक दायरे (टॉरलेंस बैंड) के ऊपरी स्तर के करीब बनी हुई है।

## लोक परीक्षा विधेयक लोकसभा से पारित

**संसद का बजट सत्र**

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा ने मंगलवार को परीक्षाओं में गड़बड़ी की रोकथाम के लिए लाये गये लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक-2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसमें परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कई कड़े प्रावधान किये गये हैं। आवश्यकता पड़ने पर मामले को केंद्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान किया गया है। गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं।

केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में यह विधेयक पेश किया था। डॉ सिंह ने विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए



कहा कि मोदी सरकार एक संवेदनशील सरकार है। विधेयक को इसी संवेदनशीलता के साथ लाया है। देश के ज्यादातर राज्यों में युवा परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों और इसके चलते होने वाले विलंब से परेशान हैं। देश की युवा शक्ति को मजबूत करने के लिए विधेयक लाया गया है। गड़बड़ियों की रोकथाम का प्रथम तरीका कठोर दंड है ताकि कोई इस तरह का प्रयास न करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मकसद किसी भी तरह से परीक्षार्थी, उम्मीदवार या सहयोग करने वाले अधिकारियों को परेशान करना नहीं है। विधेयक का मकसद ईमानदारी से परीक्षा देने का संस्कार पैदा करना है।

### एससी-एसटी से संबंधित विधेयक राज्यसभा से पारित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को ओडिशा और आंध्र प्रदेश के आदिवासी समुदायों से संबंधित संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जनजाति – जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन में दोनों विधेयकों पर एक साथ लगभग दो घंटे तक चली चर्चा का उत्तर देते हुए जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार ने दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उपेक्षित समुदायों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों के माध्यम से सरकार ने उन समुदायों को उनके अधिकार देने का प्रयास किया गया है, जिन्हें आजादी के बाद अभी तक कोई सुविधाएं नहीं दी गयी हैं।

### जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) संशोधन विधेयक पारित

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष को नामित करने के लिए मानदंड निर्धारित करने, कुछ औद्योगिक इकाइयों को प्रतिबंधों से छूट देने और जल प्रदूषण से जुड़े छोटे-मोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से जुड़े विधेयक को पारित कर दिया।

## इडी का केजरीवाल के निजी सचिव और अन्य के ठिकानों पर छापा

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार की सुबह धन शोधन की जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव वैभव कुमार और पार्टी से जुड़े लोगों सहित 10 ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई पार्टी की होने वाली प्रेस कांफ्रेंस से ठीक पहले की गयी है। बताया गया है कि केजरीवाल के निजी सचिव वैभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार और पार्टी के राज्यसभा सदस्य नारायण दास गुप्ता सहित कुछ लोगों के यहां तलाशी ली जा रही है।






## अदा शर्मा ने शेयर किया 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' का टीजर



**विपुल** अमृतलाल शाह, सुदीप्तो सेन और अदा शर्मा जल्द ही एक और फिल्म में फिर से साथ आयेंगे। 'द केरल स्टोरी' के कुछ दिन बाद सुदीप्तो सेन ने अपनी आने वाली फिल्म 'बस्तर' की घोषणा की। कुछ दिन पहले इस फिल्म के पोस्टर अदा शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किये थे। अब इस फिल्म का टीजर हाल ही में सामने आया है। इस फिल्म में अदा शर्मा मुख्य भूमिका निभा रही हैं और वह आइपीएस अधिकारी नीरजा माधवन की भूमिका निभायेंगी। टीजर में अदा एक मिनट की स्पीच देते हुए दिखेंगी। टीजर में हम अदा शर्मा को कई चीजों पर टिप्पणी करते हुए देखेंगे। पाकिस्तान के साथ युद्ध में शहीद हमारे सैनिक और देश में नक्सलियों के शिकार सैनिक और उस कृत्य का जश्न जेएनयू जैसे विश्वविद्यालयों में मनाया जाता है। 'द केरल स्टोरी' की तरह इस फिल्म में भी मेकर्स और डायरेक्टर कई दावे करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के निमार्ताओं ने टीजर से यह भी दावा किया है कि फिल्म वामपंथी लोगों और उनके छिपे एजेंडे को बेनकाब करेगी। 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' सुदीप्तो सेन की निर्देशित और विपुल शाह की निर्मित फिल्म है। अदा शर्मा ने पेश किये गये इस टीजर को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। 'द केरल स्टोरी' की तरह यह फिल्म भी एक संवेदनशील विषय पर आधारित है। अभी तक इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि फिल्म में अदा शर्मा के साथ और कौन से कलाकार नजर आयेंगे। यह फिल्म 15 मार्च 2024 को हर जगह रिलीज होगी।

## नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी रियाज अहमद राथर को नयी दिल्ली स्टेशन से रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान में बैठे लश्कर आकाओं के निर्देश पर रियाज अहमद राथर ने एलओसी के पार से हथियार व गोला बारूद प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। रेलवे पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कुपवाड़ा में हाल ही में भंडाफोड़ किये गये आतंकी मॉड्यूल के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक रियाज अहमद को 4 फरवरी को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। वह नियंत्रण रेखा के पार से हथियार और गोला-बारूद हासिल करने में खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ साजिश रचने में शामिल था।

## एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट इसी माह भरेगा पहली उड़ान

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना इस महीने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। तेजस की पहली स्क्वाड्रन 1 अप्रैल तक भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के नाल हवाई अड्डे पर बीकानेर एयरबेस में बनाने की तैयारी है। भारतीय वायु सेना के लिए आठ वर्षों में कुल 180 तेजस विमानों का उत्पादन किया जाना है।

रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल



की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये जाने का खुलासा किया गया है। एचएएल के मुताबिक अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा।


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# परीक्षा में नकल रोकने की साहसिक पहल

**डॉ. रमेश शर्मा**




अलग-अलग कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया हो या फिर स्कूल और कॉलेज की नियमित रूप में होने वाली परीक्षा हो। नकल, धोखाधड़ी और गुंडागर्दी एक रूटीन का मामला बन गया है। अनेक तरह कोशिश के बाद भी इस अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया। नकल रोकने के प्रयास हिंसा या प्रतिशोध के कारण विफल रहे हैं । दबाव के आगे समर्थ भी खामोश रहते देखे जाते रहे हैं। परिस्थिति के दौरान गलत को सही और सही को गलत समझने का भ्रम अनुभव होता है। परीक्षा माफिया पर अब लगाम लगनी तय है।

संसद द्वारा इस संबंध में कानून बनाया जाना सचमुच सही दिशा में एक भगीरथी प्रयास है। अचानक सब ठीक हो जाएगा ऐसा मानना थोड़ी जल्दबाजी होगी क्योंकि नासूर की जड़ बहुत ही गहरी है। लेकिन यह इस दिशा में एक मील का पत्थर और एक साहसिक एवं स्वागतयोग्य कदम है जो धीरे-धीरे इस क्षेत्र की भ्रष्ट प्रणाली में वांछित परिणाम देगा । प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा सारे साधन झोंक देते हैं और कई बार तो स्वयं को आहत भी कर रहे हैं। कोटा जैसे संस्थान इसके उदाहरण हैं। उम्मीदवार के साथ साथ परिवार और पूरी व्यवस्था को अपूरणीय क्षति के दौर से गुजरना पड़ता है। यह राष्ट्रीय कलंक है।

विगत वर्षों में कई राज्यों के राजनेता और अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त पाये गए हैं और जेल में हैं। नौकरी देने वाली संस्थाएं, लोकसेवा आयोग के मुखिया और सदस्यों सहित प्रभावशाली वर्ग की भूमिका संदेह के दायरे में रही है। आर्थिक संपन्न समूह का डंका बजता है जिस से सभी स्तर पर निराशापूर्ण माहौल पैदा होता है। यह कानून इस दिशा में युगांतकारी और आशातीत फल देगा ऐसा विश्वास किया जाना चाहिए।शिक्षण संस्थानों में इस समस्या के अलग आयाम हैं। यह कानून एक करोड़ रुपये जुमार्ना और दस साल तक की सजा का प्रावधान करता है तथा संबंधित संस्थान की अयोग्यता को सस्पेंड करता है।

इस तरह के नियम स्कूल और कॉलेज के लिए भी बनने चाहिए । नकल के खेल में उम्मीदवार, परीक्षक, अभिभावक यानी समाज, माफिया और कानून की एजेंसियां मुख्य किरदार रहते हैं। यह कानून इन सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा रखता है । कहीं एक, कहीं दो और कहीं सभी समूह की सहभागिता निश्चित परिणाम देने में सक्षम होगी ऐसा माना जाना होगा। नकल के स्वर्णिम सिद्धांत के अनुसार यदि अध्यापक चाहेगा तो नकल होगी यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी लेकिन उसे परिवेश का वरदहस्त चाहिए क्योंकि उसे खामोश करने के बड़े रास्ते हैं जो माफिया समूह जानता है। इस कानून को पूरे देश में पूरी तन्मयता के साथ अपनाकर पूरी निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा और युवावर्ग और देश की प्रतिभा के साथ न्याय करते हुए देश की उन्नति सुनिश्चित हो पाएगी तभी यह कानून अपनी दिशा में वरदान साबित हो सकता है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# बुंदेलखंड का जल संरक्षण से सीखे पूरा देश

**मुकुंद**

केंद्र सरकार सारे देश में वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिए पिछले 10 साल से भगीरथ प्रयास कर रही है। कुछ जगह अब इसके सुखद और सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने बड़ी खुशखबरी दी है। राज्य में गेहूं और धान की सरकारी खरीद का आंकड़ा लंबे समय तक अकाल का पर्याय रहे बुंदेलखंड के लिए नई उम्मीद जगाता है, क्योंकि यह वही इलाका है जहां कभी केंद्र सरकार मालगाड़ी से पानी भेजती थी। यहां से टैंकरों के माध्यम से पानी बांदा के चित्रकूट, मानिकपुर और सूखे के लिए अभिशप्त पाठा क्षेत्र में भेजा जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब चित्रकूट के पाठा, मऊ, राजापुर में बासमती चावल महक रहा है। बाकी जगह गेहूं की फसल लहलहा रही है।

उत्तर प्रदेश में पिछले साल 15 जून तक गेहूं की कुल सरकारी खरीद (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 20 4000 मीट्रिक टन की गई। इसमें अकेले चित्रकूट और राजापुर से 75270 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। चित्रकूट मंडल के किसानों ने 41076 मीट्रिक टन उत्तर प्रदेश सरकार को बेचा। चित्रकूट मंडल उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे नंबर पर बुंदेलखंड मंडल रहा। झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए "खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़" अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पाण्डेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को "खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़" अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से 30 लाख क्विंटल से अधिक बासमती उत्पादन चित्रकूट मंडल कर रहा है। बुंदेलखंड के किसान राष्ट्र और समाज को मजबूत कर रहे हैं। बांदा जिले के 10,000 से अधिक किसानों ने खेत पर मेड़बंदी की है। अब तक 25,000 से अधिक किसानों ने सामुदायिक प्रयास से मेड़बंदी कर वर्षा की बूंदों को रोका है। इससे पलायन रुका है। लोग बड़े पैमाने पर पशुपालन कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और सब्जियों की पैदावार से समृद्धि आई है। पानी के लिए अब हाहाकार नहीं मचता।

पाण्डेय कहते हैं कि एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार बांदा जिले के जिन गांवों में कभी 200 बीघा जमीन में धान की पैदावार होती थी उनमें अब हजार बीघा से अधिक जमीन में धान की पैदावार हो रही है। जिस गांव के रकबे में 20 फीसद फसल पैदा होती थी वहां 95 प्रतिशत फसल पैदा होने लगी है। भू-जल विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दो मीटर जलस्तर बांदा जिले का ऊपर आया है। यह बड़े बदलाव का संकेत है। जल संरक्षण की परंपरागत सामुदायिक विधि को आज सूखा प्रभावित सभी राज्य के किसान अपना रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड में भी किसान बड़ी संख्या में आगे आए हैं। "खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़" को सर्वप्रथम बांदा जिले की 470 ग्राम पंचायत में प्रशासन ने लागू किया था। अब तो उत्तर प्रदेश सरकार ने संपूर्ण प्रदेश को इससे जोड़ दिया है। नीति आयोग और जल शक्ति मंत्रालय ने संपूर्ण भारत के लिए इसे उपयुक्त माना है। अटल भू-जल योजना सहित अनेक योजनाओं में जल संरक्षण के इस मॉडल पर अमर किया जा रहा है। वह कहते हैं कि बुंदेलखंड में कभी एक किलोग्राम बासमती चावल पैदा नहीं होता था। जखनी में इसकी शुरूआत 2007 में हुई। इस प्रयोग ने सूरत बदल दी। "खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़" ऐसी जल संरक्षण की तकनीक है कि कोई भी फावड़े से अपने खेत की मेड़बंदी कर सकता है। उस पर सहजन, करौंदा, नींबू, अमरूद और अरहर और औषधि फसल का उत्पादन कर अतिरिक्त आमदनी की जा सकती है।

# बोर्ड की परीक्षा के दौरान हल्का-सुपाच्य हो खानपान



**प्रशांत झा**

बोर्ड परीक्षाओं से पहले चाहे मनोविज्ञान के ज्ञाता कितना ही कहें कि परीक्षाओं से छात्रों को तनावग्रस्त नहीं होना चाहिए, क्योंकि इन परीक्षाओं से जिंदगी का इम्तिहान नहीं पास होता। यही वजह है कि परीक्षाओं के महीनों पहले से शुरू हो जाने वाले मोटिवेशनल माहौल के बावजूद छात्रों को इस दौरान कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां विशेषकर एंग्जाइटी और पाचन खराब जैसी स्थितियों से गुजरना पड़ता है।

**संतुलित और स्वास्थ्यवर्द्धक खान-पान**

परीक्षा का दबाव या तनाव तो हर छात्र में होता ही है। इसलिए क्यों न ऐसे तनाव को दूर करने के लिए कुछ ऐसी ठोस बातों पर ध्यान दें, जिनका रिश्ता भावनाओं से नहीं बल्कि सीधे उन चीजों से है, जो अपच, पेट खराब, एंग्जाइटी, जैसी परेशानियों का कारण हैं। इसके लिए बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बच्चों को तले-भुने और मिर्च-मसालेदार हैवी खाने से बचाना चाहिए। इस दौरान उन्हें विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर हेल्दी डाइट देनी चाहिए। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान मां-बाप को चाहिए कि वे बच्चों को समय पर खाना खिलाने की कोशिश करें और यह भी कि उनके खाने में पौष्टिक खाद्य पदार्थों का संतुलन हो। मसलन इन दिनों इन्हें डेरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, टोफू के साथ ही अंडा, होल ग्रेंस और हरी सब्जियां खिलानी चाहिए, जिससे उन्हें जरूरी प्रोटीन, कार्ब और फाइबर मिल सके। पैरेंट्स को इस दौरान बड़ी कड़ाई से बच्चों के समय पर खाने और सोने पर नजर रखनी चाहिए। पौष्टिक खाने की तरह ही अच्छी नींद भी इस दौरान उन्हें तरोताजा रखने के लिए जरूरी होती है।

**ताजा हल्का खाना, सेहतमंद पेय**

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि बच्चे बहुत गरिष्ठ खाना न खाएं और उनके शरीर में पानी की कतई कमी न रहे। इसलिए उन्हें हर एक घंटे के बाद कोई सेहतमंद पेय पीने को दें। जैसे अलग&अलग फ्लेवर के ग्लूकोज, नींबू पानी, बादाम, एप्पल या चीकू शेक, गाजर या चुकंदर का जूस, छाछ, लस्सी, नारियल पानी आदि। इससे उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी और वे फ्रेश व एनर्जेटिक महसूस करेंगे। इडली, डोसा, खमन जैसे प्रोबायोटिक फूड भी बच्चों को इन विशेष दिनों में दिए जा सकते हैं।

पैरेंट्स ध्यान रखें कि बच्चे इन दिनों भोजन धीरे-धीरे और चबाकर खाएं ताकि वह आसानी से पच सके। मांएं खास तौरपर ध्यान रखें कि इन दिनों बच्चों को बासी खाना गर्म करके न खिलाएं, हमेशा उन्हें ताजा खाना ही दें। इससे उन्हें भोजन के समस्त पौष्टिक तत्व उसे प्राप्त हो सके।

**फलों का सेवन**

तरबूज, खरबूजा, संतरा, स्ट्रोबेरी, मोसंबी, पालक, पत्तागोभी, ब्रोकली आदि फल और सब्जियों का सलाद भी इन दिनों बच्चों को खिलाना चाहिए। उन्हें रायता दें जिसमें सब्जियां और फल हों। इससे उन्हें कैल्शियम, विटामिन्स और पानी एक साथ मिल जाएंगे।

**क्या नहीं खाएं इम्तिहान के दिनों में**

जिस तरह से यह जरूरी है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बच्चों को क्या खाने देना चाहिए, उसी तरीके यह भी जरूरी है कि इस दौरान मां-बाप उन्हें अनहेल्दी फूड न खाने दें। मसलन- पिज्जा, हॉट डॉग, सॉफ्ट ड्रिंक्स, सैंडविच, कुकीज केक, मफिंस आदि मैदे से बने खाद्य पदार्थ बच्चों को बिल्कुल न खाने दें। क्योंकि ये जल्दी पचते नहीं और बच्चे आलस भी महसूस करते हैं। इसी तरह चॉकलेट, कैंडी, आलू, सूरन और अरबी तथा बहुत अधिक तले पदार्थ बच्चों को शारीरिक रूप से शिथिल बनाते हैं, जिससे बच्चों का मन पढ़ाई या किसी काम में नहीं लगता, इसलिए उन्हें इनसे दूर रखें।

# लावारिस कुत्तों से कोहराम, बचाव का कब होगा इंतजाम

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**वाघ** बकरी कंपनी के मालिक 49 वर्षीय पराग देसाई की स्ट्रीट डॉग्स (लावारिस कुत्तों) के हमले से हुई मौत से देश में नई बहस शुरू हो गई है। ऐसी घटनाओं से भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देश दो-चार होते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्था लैंसेट की हालिया रिपोर्ट की माने तो दुनिया के तमाम देशों में हर साल लावारिस कुत्तों के कारण 59 हजार लोग अपनी जान गंवाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों को भी इस संदर्भ में देखा जाए तो केवल लावारिस कुत्तों के हमलों से जान गंवाने वालों में हमारे देश की भागीदारी लैसेंट के आंकड़ों में 36 फीसदी के लगभग है। कोरोना काल को अलग कर भी दिया जाए तो 2021 की तुलना में 2022 में ऐसी घटनाओं में इजाफा हुआ है। भारत सरकार के संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2019 से 2022 के बीच लावारिस कुत्तों के काटने के डेढ़ करोड़ से अधिक मामले सामने आये हैं। यह तो वह आंकड़े हैं जो पंजीकृत हुए हैं। असल आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा होगा।

दरअसल गली-कूचों में घूमने वाले कुत्तों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई होती है तो उस पर धारा 428 व 429 के तहत सजा का प्रावधान है। इसके साथ ही पशु प्रताड़ना का मामला बन जाता है। कुत्तों को प्रताड़ित करने, मारने, जहर देने या अन्य तरह से प्रताड़ित करने पर पांच साल तक की जेल तक हो सकती है। ऐसे में सवाल यह उठ जाता है कि लावारिस कुत्तों से बचाव का क्या रास्ता हो सकता है। देखा जाए तो स्थानीय प्रशासन यानी कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका जैसी संस्थाओं के पास ऐसे कुत्तों को पकड़ने की जिम्मेदारी होती है। कभी गलियों में घूमने वाली लावारिस गायों को पकड़ने की तरह ही स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने का अभियान भी चलता रहा है। पर अब ऐसे अभियान नहीं दिखते।

सवाल लावारिस कुत्तों का ही नहीं अपितु पालतू कुत्तों को लेकर भी इसी तरह से गंभीर है। देश के कई कोनों में पालतू कुत्तों द्वारा लोगों पर आक्रमण करने और काट खाने की घटनाएं भी आए-दिन देखने को मिल रही हैं। समस्या केवल एक जगह की नहीं है। दरअसल कुत्तों को पालना आज फैशन भी बनता जा रहा है। लोग ऐसी नस्ल के कुत्ते पालने लगे हैं जिनको देखने मात्र से सिहरन होने लगती है। यह स्टेटस सिंबल बनता जा रहा है। कुत्तों को पालना या नहीं पालना निजी मामला है और इस पर किसी तरह के कमेंट करना भी गलत होगा पर पालतू कुत्तों को खुला छोड़ना और आते-जाते लोगों को काटना गंभीर हो जाता है। यह भी सब जानते हैं कि कुत्तों के काटने पर समय पर इलाज नहीं कराने पर यह जानलेवा हो जाता है। इससे समस्या की गंभीरता को समझा जा सकता है।

देश में हर पांचवें साल मवेशियों और लावारिस जानवरों की गणना होती है। 2019 की गणना के अनुसार देश में लावारिस कुत्तों की संख्या करीब एक करोड़ 53 लाख है। पशुपालन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक लावारिस कुत्ते हैं। जहां तक काटने की घटनाओं की बात करें तो 2021 में देश में 17 लाख एक हजार 33 मामले सामने आये। 2022 में यह आंकड़ा 19 लाख 16 हजार 863 रहा। यह अपने आप में चेताने वाले आंकड़े हैं। कुत्तों के हमलों से बचने के लिए डॉग्स के मनोविज्ञान को भी समझना होगा। होता यह है कि जब आते-जाते व्यक्ति पर कुत्ते आक्रमण करते हैं और आप दोपहिया वाहन चला रहे हैं तो आप वाहन की स्पीड तेज कर देते हैं और इस कारण से कुत्ता भी उसी गति से तेज भागने लगता है और ऐसे में या तो बैलेंस बिगड़ जाने से गिर जाते हैं या कुत्ता आपको पकड़ लेता है और काट खाता है। ऐसे में मनोविज्ञान यह कहता है कि कुत्ता भौंकने लगे तो स्पीड कम करते हुए उसे डराने का प्रयास किया जाना चाहिए। इससे सामान्यतः कुत्ता शांत हो जाएगा और आपके पीछे भागना बंद कर देगा। यह एक सामान्य धारणा है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि कुत्ता काट खाये तो तत्काल डॉक्टर के पास जाएं और जरूरी इलाज कराने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरते। क्योंकि छोटी सी लापरवाही जानलेवा हो सकती है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन को भी गंभीर होना होगा। समय-समय पर कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाना होगा। दूसरी ओर कुत्तों को पालने वालों के प्रति भी सरकार को सख्ती बरतनी होगी। पालतू कुत्तों को सार्वजनिक स्थल या गली-मोहल्ले में घुमाने के दौरान सावधानी बरतना सुनिश्चित कराना होगा ताकि वह हिंसक होकर किसी पर आक्रमण न कर सकें। सावधानी ही बचाव का एकमात्र रास्ता है। इसके अलावा पालतू कुत्तों को भी समय-समय पर टीका लगे, इस पर भी नजर रखने की जरूरत है। स्थानीय प्रशासन को अवेयरनेस कार्यक्रम भी चलाना चाहिए।

# सुरक्षित भविष्य के लिए स्मार्ट इन्वेस्टमेंट सबसे जरूरी '

**विक्रम उपाध्याय**



'पैसे पेड़ पर नहीं उगते हैं, फिर भी यह कहावत खूब चलती है ' लेटस ग्रो योर मनी'। यह कहावत गलत भी नहीं है। पैसे बड़े होते हैं, पर इन्हें बड़े करने के लिए इन्हें सही जगह लगाना होता है। फाइनेंसियल टर्म में इसे स्मार्ट इन्वेस्टमेंट कहते हैं'- ऐसा सर्टिफाइड फाइनेंसियल प्लानर और लेट्स इन्वेस्ट वाइजली कंपनी के फाउंडर कर्नल राकेश गोयल का दृढ़ विश्वास है। साक्षात्कार में वह कहते हैं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सही निवेश के जरिये धन जुटाने और अपने बड़े वित्तीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। निवेशकों की सोच होती है कि उच्च लाभ के साथ अपेक्षाकृत सुरक्षित निवेश के विकल्प को कैसे चुना जाए। अपने पैसे का स्मार्ट निवेश करना और उससे अच्छी आय प्राप्त करना एक चैलेंज तो है।

वह कहते हैं कि लेट्स इन्वेस्ट वाइजली ऐसी कंपनी है जो पर्सनल फाइनेंस से संबंधित सलाह लोगों को प्रोफेशनल तरीके से प्रदान करती है। सुरक्षित निवेश के विकल्पों को सुझाते हुए कंपनी पैसे के साथ प्रबंधन में मदद करती है। कंपनी मुख्य रूप से सेवानिवृत्त सेना के लोगों को सेवा प्रदान करती है। कंपनी ने 2018 सितंबर में अपना उद्यम शुरू किया और तब से लगातार लोगों को उनके निवेश में मदद कर रही है। कर्नल गोयल का कहना है कि कि कंपनी का प्राथमिक उद्देश्य व्यक्तियों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को समझने में मदद करना है और अपनी जोखिम सहनशीलता के अनुसार वित्तीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करना है।

वह कहते हैं कि निवेश के लिए सही विकल्प चुनना बहुत जरूरी है। समस्या यह है कि जो पैसा हम अपने बचत खातों में डालते हैं, उस पर कम ब्याज दरें हैं , जो कई बार मुद्रास्फीति की दर से भी कम होती है। यानी बचत खाते का ब्याज हमारे पैसे की क्रय शक्ति नहीं बढ़ा पाता। कर्नल राकेश गोयल स्मार्ट इन्वेस्टिंग का सरल और विश्वसनीय तरीका बताते हैं-

1-अपनी आय या बचत के पैसे का निवेश एक बजट बनाकर कर करें। सबसे पहले अपनी आय का एक हिस्सा म्यूचुअल फंड, स्टॉक या टर्म इंश्योरेंस में निवेश के लिए आवंटित करें। इसे आपात स्थिति या सेवानिवृत्ति के बाद अन्य वित्तीय जरूरतों के लिए वित्तीय सुरक्षा जाल बन जाएगा। यह निवेश अपेक्षाकृत सबसे काम जोखिम वाला है। लगातार बुद्धिमानी से वित्तीय निर्णय लेने से एक सुरक्षित वित्तीय भविष्य सुनिश्चित होता है।

2- स्मार्ट निवेश का निर्णय और इसकी शीघ्र शुरूआत आपके पैसे को बढ़ने और आपके दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए एक संरचित वित्तीय योजना आवश्यक है।

3- मौजूदा ऋणों का प्रबंधन करना जरूरी है, विशेष रूप से क्रेडिट कार्ड जैसे उच्च ब्याज दरों वाले ऋण वित्तीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इसलिए उच्च-ब्याज वाले ऋणों को तेजी से चुकाने को प्राथमिकता दें और जब तक कर्ज लेने की मजबूरी न हो। इससे बचें। जिम्मेदार ऋण प्रबंधन न केवल आपके क्रेडिट स्कोर को बढ़ाता है बल्कि भविष्य में बेहतर उधार शर्तों को भी सुरक्षित करता है।

4-वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक क्रमिक प्रक्रिया है जो विफलताओं (बाजार की अस्थिरता) के सामने लचीलेपन और प्रयास करते रहने की इच्छा का नाम है । यानी वोलेटाइल मार्केट में आप का स्थिर रहना आवश्यक है। अपनी वित्तीय योजना की नियमित समीक्षा जरूरी है।

5- वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करना एक निरंतर प्रक्रिया है। इसलिए वित्तीय योजनाएं जीवन में होने वाले परिवर्तनों के अनुरूप विकसित की जानी चाहिए। इसलिए समय-समय पर अपने बजट, निवेश और वित्तीय लक्ष्यों का आकलन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे आपके विकसित होते सपनों और आकांक्षाओं के अनुरूप हैं।

6-लगातार बदलती दुनिया में, नए अवसरों और प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए सजगता आवश्यक है। धन प्रबंधन, निवेश रणनीतियों और बजट के बारे में सीखना और आपकी वित्तीय शक्ति को बढ़ाने और धन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। आय स्त्रोतों में विविधता जरूरी है।

7-अंशकालिक काम के जरिये आमदनी, किराये पर चढ़ी प्रॉपर्टी या लाभांश और आयकर धाराओं में छूट जैसे अवसरों का पता लगाते रहना भी स्मार्ट तरीका है और अपनी वित्तीय संभावनाओं मजबूत करने का भी। कर्नल गोयल कहते हैं कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अनुसार, अगले पांच-छह वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के लगभग 8% बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि कर रही है और निजी क्षेत्र के भी निवेश आ रहा है। इसलिए इंफ्रा क्षेत्र की कंपनियों में निवेश अच्छा रिटर्न दे सकता है। बढ़ती आबादी और बीमारियों में वृद्धि के कारण, भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की मांग बढ़ रही है। भारत में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इस क्षेत्र में भी निवेश का फायदा मिल सकता है ।

(लेखक, आर्थिक विषयों के जानकार और वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

# मेदांता को बेहतर सेवा का पुरस्कार

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया ने मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल को उच्चतम पेशेंट केयर सेवाएं, अस्पताल संचालन और क्लिनिकल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए अल्ढक हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से पुरस्कृत किया गया।

रांची , गुजरात के गांधीनगर में अल्ढक के ग्लोबल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया जिसमे मेदांता हॉस्पिटल रांची को बेस्ट हॉस्पिटल संचालन, पेशेंट केयर सेवाएं और क्लिनिकल श्रेणी में अल्ढक हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान अल्ढक के डॉक्टर गिरिधर ज्ञानी ने कहा मेदांता कि हॉस्पिटल रांची ने अपने शानदार अस्पताल संचालन और क्लिनिक क्षेत्र में उत्कृष्टता के मानकों को पूरा किया है उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस श्रेणी में मेदांता रांची के मुलायंकन के दौरान अस्पताल ने अल्ढक द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का सफलतापूर्वक अनुपालन किया है।आयोजित अल्ढक ग्लोबल कॉन्क्लेव के दौरान श्री विश्वजीत कुमार (हॉस्पिटल डायरेक्टर) को उच्चतम अस्पताल संचालन तथा क्लिनिकल सेवाओं के लिए श्री ऋषिकेश पटेल, माननीय स्वास्थ मंत्री, गुजरात द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

मेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर श्री विश्वजीत कुमार ने इस अवसर पर हुए कहा, हमें गर्व है कि अल्ढक ने हमें इस महत्वपूर्ण सम्मान से नवाजा है। हम आगे भी रोगियों की सेवा में और सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे तथा प्रभावी और कुशलतापूर्वक मेडिकल सेवाओं के साथ स्वास्थ्य देखभाल करने में सुविधा प्रदान करेंगे।